3 राजधानी
मेट्रो ने 28 अगस्त को बनाया रिकॉर्ड

6 अभिमत
ब्रिक्स पर चीनी वर्चस्व का प्रयास

10 विदेश
ब्रिटेन के विदेश मंत्री क्लेवरली चीन जाएंगे

12 स्पोर्ट्स
भारत के ट्रेनिंग शिविर में पहुंचे पंत

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 293
नई दिल्ली, बुधवार, 30 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



एथनॉल की मांग बढ़ने से अन्नदाता बनेंगे ऊर्जा दाता
राष्ट्रीय-11

# रक्षाबंधन पर सरकार ने दी सौगात

## गैस सिलेंडर 200 रुपए हुआ सस्ता

● राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत आज से 903 रुपए होगी, जो पहले 1103 रुपए थी

● सरकार उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में 75 लाख नए एलपीजी कनेक्शन भी देगी



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने रक्षाबंधन पर मंगलवार को आम लोगों को महंगाई से राहत देते हुए घरों में इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) के दाम 200 रुपए घटा दिए। इसके अलावा सरकार उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में 75 लाख नए एलपीजी कनेक्शन भी देगी।

सरकार के इस फैसले को मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सस्ता एलपीजी सिलेंडर देने के वादे की काट और चुनाव तैयारियों के रूप में देखा जा रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में सभी लोगों के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने का निर्णय किया गया। इस फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो का एलपीजी सिलेंडर की लागत बुधवार से 903 रुपए होगी, जो अभी1,103 रुपए है। मई, 2020 के मुकाबले अभी रसोई गैस सिलेंडर का दाम दोगुना से अधिक है।

इसके साथ ही अब उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को कुल 400 रुपए की गैस सब्सिडी मिलेगी। उन्हें पहले से 200 रुपए की सब्सिडी मिल रही है। इससे उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एलपीजी सिलेंडर अब 703 रुपए में मिलेगा। ठाकुर ने कहा कि इस पहल का मकसद परिवारों को राहत उपलब्ध कराना है। इसके साथ सरकार उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख परिवारों को नए एलपीजी कनेक्शन देगी। इससे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। पिछले एक-दो साल में रसोई गैस की कीमतें बढ़ी हैं और यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया है। कांग्रेस पार्टी ने एलपीजी की ऊंची कीमतों के कारण लोगों की जेब पर पड़ रहे असर को भांपते हुए इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। कर्नाटक में हाल में संपन्न विधानसभा ( शेष पेज 9 )

## महिलाओं की सहूलियत बढ़ेगी जीवन भी आसान होगाः मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि रसोई गैस की कीमतों में कटौती से महिलाओं की सहूलियत बढ़ेगी तथा उनका जीवन और भी आसान होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महंगाई से लोगों को राहत देते हुए घरों में इस्तेमाल होने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए घटाने की घोषणा की। इस घोषणा के कुछ देर बाद प्रधानमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसरो के वैज्ञानिकों को किया सलाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में मंगलवार को कैबिनेट के फैसले के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की सराहना करते हुए मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि इस मिशन की सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि से कहीं अधिक देश की उन्नत सोच, आत्मनिर्भरता और वैश्विक मंच पर उभरते नए भारत की ताकत का प्रतीक है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ( शेष पेज 9 )

# जी-20 बैठक से पहले चीन ने चली चाल

● अरुणाचल और अक्साई चिन को नक्शे में अपने हिस्से में दिखाया, भारत ने चीनी मानचित्र को सिरे से किया खारिज

● कहा- ऐसे आधारहीन दावे सीमा से जुड़े विषय को केवल जटिल ही बनाएंगे

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

**लद्दाख** में सीमा पर जारी तनाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जी-20 शिखर बैठक में भाग लेने अगले माह नई दिल्ली आ रहे हैं। लेकिन चीन अपनी चालबाजियों से बाज नहीं आ रहा है। अब उसने अपने आधिकारिक नक्शे में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपने हिस्से में दिखाया है।

वहीं भारत ने मंगलवार को चीन के दावे को आधारहीन बताते हुए उसे सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि चीनी पक्ष के ऐसे कदम सीमा से जुड़े विषय को केवल जटिल ही बनाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने चीन के तथाकथित मानक मानचित्र के 2023 के संस्करण के बारे में पूछे गए सवालों पर अपने बयान में कहा, हमने चीन के तथाकथित मानक मानचित्र के 2023 के संस्करण पर राजनयिक माध्यमों के जरिए आज कड़ा विरोध दर्ज कराया है जो भारतीय क्षेत्र पर दावा करता है। बागची ने कहा, हम इन दावों को खारिज करते हैं जिसका कोई आधार नहीं है। चीनी पक्ष के ऐसे कदम सीमा से जुड़े विषय को केवल जटिल ही बनाएंगे। उधर, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन की इस तरह के नक्शे जारी करने की 'आदत' है। चीन द्वारा दूसरे देशों के हिस्सों को अपने नक्शे में शामिल करने का कोई मतलब नहीं है। चीन द्वारा नक्शा जारी करने के एक दिन बाद मंगलवार को एक निजी टीवी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा 'चीन ने अपने नक्शे में उन हिस्सों को भी दिखाया जो उसके भाग नहीं है।

यह उसकी पुरानी आदत है। भारत के हिस्सों को मात्र अपने नक्शे में शामिल कर लेने से कुछ नहीं बदल जाएगा। इस तरह के फालतू के दावों से दूसरों की जमीन आपकी नहीं हो जाएगी।' चीन ने अपने नक्शे में भारत के अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को अपने क्षेत्र में दिखाया है। चीन के सरकारी न्यूज पेपर ने एक्स (पहले ट्विटर) पर सोमवार दोपहर ( शेष पेज 9 )

# जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा स्थाई व्यवस्था नहीं

● केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा स्थाई व्यवस्था नहीं है और यह 31 अगस्त को न्यायालय में इस जटिल राजनीतिक मुद्दे पर एक विस्तृत बयान देगा। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय को केंद्र सरकार के जवाब से अवगत कराया।

इससे पहले प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र से पूर्ववर्ती राज्य में चुनावी लोकतंत्र बहाल करने के लिए एक विशेष समय सीमा तय करने को कहा था। मेहता ने कहा, जम्मू कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। जहां तक लद्दाख की बात है, इसका केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा कुछ समय के लिए बरकरार रहने वाला है। सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि वह जम्मू कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे के भविष्य पर पीठ के समक्ष 31 अगस्त को एक विस्तृत बयान देंगे। पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत भी शामिल हैं।

न्यायालय मेहता की दलीलें सुन रहा है, जो पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा खत्म करने के केंद्र के फैसले का बचाव कर रहे हैं। पीठ ने कहा, लोकतंत्र महत्वपूर्ण है, लेकिन हम सहमत हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य के आलोक में राज्य का पुनर्गठन किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र के अभाव को अनिश्चित काल तक नहीं रहने दिया जा सकता। पीठ ने कहा, इसे समाप्त होना होगा...हमें विशेष समय सीमा बताइए कि आप कब वास्तविक लोकतंत्र बहाल ( शेष पेज 9 )

# जरूरतमंदों को पक्के आवास उपलब्ध कराएंः योगी आदित्नाथ

● कहा, आम लोगों की समस्याओं पर हीलाहवाली न करें अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जरूरतमंदों को अभी तक पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 200 से अधिक लोगों से मुलाकात की। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा, आपकी हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। आप सबको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

अगर अधिकारी आपकी समस्या के निस्तारण में हीलाहवाली करते हैं, तो मुझे बेझिझक बताएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बयान के अनुसार, योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा, राजस्व और पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्वाई हो। जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ति की समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गौर करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपत्ति पर जबरन कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने को कहा। योगी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को गंभीर और संवेदनशील होकर सुनें तथा उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे किसी को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

# अधीर चौधरी के बयान से इंडिया में तनाव के संकेत

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बंगाल में टीएमसी के साथ नो फ्रेंडशिप पॉलिसी का ऐलान किया

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी के राज्य में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ 'नो-फ्रेंडशिप पॉलिसी' की घोषणा के बाद भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) में तनाव के लक्षण उभरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में चुनाव में खराब प्रदर्शन की आहट के बाद टीएमसी अपना अस्तित्व बचाने के लिए राज्य में कांग्रेस के बढ़ते कदम को रोक रही है। टीएमसी के खिलाफ कठोर बयानों के अलावा, कांग्रेस और वाम मोर्चा ने मंगलवार को बंगाल राज्य दिवस पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से भी दूर रहने का फैसला किया है। वहीं राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने 20 जून को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नाराजगी के बावजूद राजय दिवस मनाया था।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख ने कहा कि बंगाल में टीएमसी के मुकाबले कांग्रेस के रुख पर कई तरफ से सवाल उठने पर मुझे स्पष्ट करना हैकि उन्हें (तृणमूल को) बंगाल में समायोजित नहीं किया जाएगा, प्रदेश में उनके साथ किसी भी गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि बंगाल में टीएमसी और दिल्ली में भाजपा के साथ किसी भी तरह के गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सोमवार को अपनी पार्टी में टीएमसी के ( शेष पेज 9 )

# जमानत के बावजूद रिहा नहीं हुए इमरान



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आम चुनाव से पहले बड़ी राहत देते हुए तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी। अदालत ने इमरान को जेल से रिहा करने के आदेश के बावजूद उनको रिहा नहीं किया गया। इमरान खान को सरकारी गोपनीयता कानून में उनके खिलाफ एक मुकदमे की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने अटक जेल अधिकारियों को उन्हें 'न्यायिक हिरासत' में रखने और 30 अगस्त को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। इमरान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने व्हॉट्सएप संदेश में बताया, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने जिला अदालत के फैसले पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि फैसले की प्रति जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। अदालत ने इमरान को 1,00,000 रुपये के मुचलके पर रिहा करने का भी आदेश दिया।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने सिरसा को राष्ट्रीय सचिव, अनिल एंटनी को प्रवक्ता नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के पूर्व प्रमुख मनजिंदर सिंह सिरसा को मंगलवार पार्टी का राष्ट्रीय सचिव और पूर्व रक्षा मंत्री व कांग्रेस नेता ए के एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर जारी दो अलग-अलग विज्ञप्तियो मे कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सिरसा को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव और अनिल एंटनी को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। उन्होने कहा, यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सिरसा पहले शिरोमणि अकाली दल मे थे। वर्ष 2021 मे उन्होने भाजपा का दामन थाम लिया था। वह दिल्ली विधानसभा मे राजौरी गार्डन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है। अनिल एंटनी पहले कांग्रेस मे थे। वह इसी वर्ष भाजपा में शामिल हुए। उन्हें राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था।

# चंद्रमा की सतह पर मिला गंधक हाइड्रोजन की तलाशः इसरो



इसरो द्वारा चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की उपस्थिति का किया गया चित्रण

**एजेंसी।** बेंगलुरु

● रोवर ने एल्युमीनियम, कैल्शियम, लौह, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन का भी पता लगाया

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान पर लगे एक उपकरण ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सतह में गंधक होने की स्पष्ट रूप से पुष्टि की है।

इसरो ने यह भी कि कहा कि उपकरण ने उम्मीद के मुताबिक एल्युमीनियम, कैल्शियम, लौह, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन का भी पता लगाया है। इसरो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वैज्ञानिक प्रयोग ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली में प्रदूषण से जीवन प्रत्याशा कम होने की आशंका

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया की सबसे खराब आबोहवा वाली है हमारी राष्ट्रीय राजधानी, प्रदूषण का यही हाल रहा तो यहां 11.9 वर्ष कम हो जाएगा जीवन



प्रतीकात्मक चित्र

**दिल्ली** को एक नए अध्ययन में दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर पाया गया है और यदि इसी तरह प्रदूषण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की तय सीमा से अधिक बना रहा तो दिल्लीवासियों की जीवन प्रत्याशा 11.9 वर्ष कम हो जाने की आशंका है। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान द्वारा जारी वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) में दर्शाया गया है कि भारत के 1.3 अरब लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं जहां वार्षिक औसत कण प्रदूषण स्तर डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सीमा से अधिक है।

इसमें यह भी पाया गया कि देश की 67.4 प्रतिशत आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां प्रदूषण का स्तर देश के अपने राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से भी अधिक है। अध्ययन में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ की पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की निर्धारित सीमा की स्थिति में होने वाली जीवन प्रत्याशा की तुलना में हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों से होने वाला प्रदूषण (पीएम 2.5) औसत भारतीय की जीवन प्रत्याशा को 5.3 वर्ष कम कर देता है। एक्यूएलआई के अनुसार, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है और यदि प्रदूषण का मौजूदा स्तर बरकरार रहा, तो एक करोड़ 80 लाख निवासियों की जीवन प्रत्याशा डब्यूएचओ की निर्धारित सीमा के सापेक्ष औसतन 11.9 वर्ष और राष्ट्रीय दिशानिर्देश के सापेक्ष 8.5 वर्ष कम होने की आशंका है।

अध्ययन में कहा गया है, यहां तक कि क्षेत्र के सबसे कम प्रदूषित जिले- पंजाब के पठानकोट- में भी सूक्ष्म कणों का प्रदूषण डब्ल्यूएचओ की सीमा से सात गुना अधिक है और यदि मौजूदा स्तर बरकरार रहता है तो वहां जीवन प्रत्याशा 3.1 वर्ष कम हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कण (पार्टिकुलेट मैटर) प्रदूषण समय के साथ बढ़ा है और 1998 से 2021 तक भारत में औसत वार्षिक कण प्रदूषण 67.7 प्रतिशत बढ़ा, जिससे औसत जीवन प्रत्याशा 2.3 वर्ष कम हो गई। इसमें कहा गया कि 2013 से 2021 तक दुनिया में प्रदूषण वृद्धि में से 59.1 फीसदी के लिए भारत जिम्मेदार था। देश के सबसे प्रदूषित क्षेत्र-उत्तरी मैदानों में यदि प्रदूषण का मौजूदा स्तर बरकरार रहा, तो 52 करोड़ 12 लाख लोग या देश की आबादी के 38.9 प्रतिशत हिस्से की जीवन प्रत्याशा डब्यूएचओ की निर्धारित सीमा के सापेक्ष औसतन आठ वर्ष और राष्ट्रीय दिशानिर्देश के सापेक्ष 4.5 वर्ष कम होने की आशंका है। अध्ययन में कहा गया है कि इस क्षेत्र में प्रदूषण का कारण संभवत: यह है कि यहां जनसंख्या घनत्व देश के बाकी हिस्सों से लगभग तीन गुना अधिक है, यानी यहां वाहन, आवासीय और कृषि स्रोतों से अधिक प्रदूषण होता है।

अर्थशास्त्र के मिल्टन फ्रीडमैन विशिष्ट सेवा प्रोफेसर और अध्ययन में शामिल माइकल ग्रीनस्टोन ने कहा, वायु प्रदूषण का वैश्विक जीवन प्रत्याशा पर तीन-चौथाई प्रभाव केवल छह देशों- बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, चीन, नाइजीरिया और इंडोनेशिया- में पड़ता है, जहां लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने के कारण अपने जीवन के एक से ले कर छह वर्ष से ( शेष पेज 9 )

# जेवर एयरपोर्ट पर बनेगा यूपी का पहला औद्योगिक कलस्टर

## मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने किया अपेरल पार्क में फैक्ट्री भूखंडों का शिलान्यास


अरुणवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने अपेरल पार्क में फैक्ट्री भूखंडों का शिलान्यास किया है। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुणवीर सिंह, नोएडा अपेरल कलस्टर के अध्यक्ष ललित ठकराल और काफी वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

प्राधिकरण ने सेक्टर-29 में अपेरल पार्क कलस्टर की स्थापना की है। जिसका कुल क्षेत्रफल 175 एकड़ है। इसमें कुल 89 भूखंड है, जिनमें से 81 भूखण्ड आवंटित किए जा चुके हैं और 64 भूखंडों का लीस प्लैन व चैक लिस्ट इश्यू की जा चुकी है। इनमें से 39 भूखंडों पर सोमवार को भौतिक कब्जा पत्र आवंटियों को वितरित किए गए हैं।

कार्यक्रम में एनएईसी के अध्यक्ष ललित ठकराल ने बताया कि अभी भी 70 से अधिक औद्योगिक इकाइयों द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण में टेक्सटाइल क्लस्टर के भूखंडों की मांग की जा रही है।

यमुना प्राधिकरण में स्थापित इस एपेरल पार्क क्लस्टर के कारण ही गौतमबुद्ध नगर को सिटी ऑफ अपेरल के नाम से भी जाना जाता है। ये यमुना प्राधिकरण द्वारा स्थापित पहला औद्योगिक कलस्टर है। यमुना प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में कलस्टर के रूप में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की शुरुआत की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने बताया गया है कि प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्र के अंदर कन्वेन्शन सेंटर, एग्जिबिशन सेंटर और डेडिकेटेड कार्गो की स्थापना की जाएगी। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में डेडिकेटेड कार्गो विकसित किया जाएगा। वर्तमान में कार्गो के अंदर सबसे अधिक हिस्सेदारी करीब 37 प्रतिशत वस्त्र उद्योग की है। जेवर में बनने वाला कार्गो दिल्ली से भी सस्ता पड़ेगा, क्योंकि यहां पर फ्यूल पर केवल 1 प्रतिशत का वैट सरकार द्वारा लगाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्राधिकरण के इस अपैरल पार्क को बल्लभगढ़ के पास से दिल्ली नोएडा एक्सप्रेसवे से जोड़े जाने पर एनएचएआई द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र में रैपिड रेल एनसीआरटीसी की स्टडी भी प्रारंभ करा दी गई है। इस क्षेत्र में देश का पहला और विश्व का छठा पॉड टैक्सी सिस्टम बनाया जाएगा, जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय निविदा भी जारी की जा चुकी है।

पीआरटी सिस्टम की प्री बिड बैठक में विश्व की सभी सर्वश्रेष्ठ कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्राधिकरण द्वारा जल्द ही फिल्म सिटी परियोजना की अंतर्राष्ट्रीय बिड भी जारी की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखण्डों पर दी जा रही 1.5 एफएआर को बढ़ाकर 2.0 करने का फैसला लिया गया है, जिसपर शासन स्तर से शीघ्र ही आदेश जारी हो जाएगा साथ ही औद्योगिक भूखंडों में ग्राउंड कवरेज को बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने का भी निर्णय लिया गया।



## संक्षिप्त समाचार


फर्जी एसटीएफ ऑफिसर बनकर लोगों को ठगने वाली आरोपी गिरफ्त में।

### एसटीएफ ऑफिसर बनकर वसूली करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने फर्जी एसटीएफ ऑफिसर बनकर राह चलते लोगों को अपनी गाड़ी में बिठाकर उनसे रंगदारी वसूल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का एक साथी अभी भी फरार चल रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपों के कब्जे से अवैध हथियार और अवैध रूप से वसूल की गई रंगदारी के 5000 रुपए भी बरामद किए हैं। नॉलेज पार्क थाना पुलिस को लुकसर निवासी अंश और आर्यन द्वारा बताया गया कि वह लोग लोग गोल चक्कर के पास घूम रहे थे तभी एक स्विफ्ट गाड़ी आई और हम लोगों को उन्होंने गाड़ी में बैठा लिया और कहा कि वह एसटीएफ से हैं। वह हमको इधर से उधर घुमाते रहे और छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपये लिए। 20000 लेने के बाद आरोपी दोनों को छोड़कर वहां से चले गए। इसके बाद इन लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और इन दोनों बदमाशों की तलाश में जुट गई। एलजी की तरफ जाने वाले रास्ते से श्यामवीर उर्फ पिंटू को गिरफ्तार कर लिया।

### नगर आयुक्त ने दिलाई कई समस्याओं से निजात

**गाजियाबाद।** नगर निगम में संभव दिवस का आयोजन किया गया। संभव दिवस नगर आयुक्त नितिन गौड़ में आयोजित किया गया। संभव दिवस में नगर निगम के कई और अधिकारियों ने शिरकत की। संभव दिवस नगर निगम में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जाता है। आज सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक संभव दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 13 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी है। इनमें हेल्थ, निर्माण, प्रॉपर्टी, टैक्स आदि विभागों से संबंधित शिकायतें थी। हाल ही में शिकायतें निस्तारण के मामले में गाजियाबाद का नाम नगर निगम प्रशासन ने प्रदेश भर में रोशन किया है। नगर निगम गाजियाबाद शिकायत निस्तारण के मामले में प्रदेश में पांचवें स्थान पर आया है।

### सड़क हादसे में फैक्ट्रीकर्मी की मौत

**नोएडा।** थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कन्हैयालाल पुत्र रामशरण उम्र 29 वर्ष बीती रात को बाइक पर सवार होकर अपनी फैक्ट्री से बाहर निकाला, तभी एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेजी वाला प्रवाही से वाहन चलाते हुए उसे कुचल दिया। इस घटना में कन्हैया लाल की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बीटा दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रिया पत्नी अमर उम्र 30 वर्ष जनपद हापुड़ में हुए एक सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई।

### किसानों की समस्या निस्तारण के लिए हेल्पलाइन

**गाजियाबाद।** किसान सम्मान निधि, किसान पेंशन या किसान सम्बंधी अन्य योजनाओं में आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए उप कृषि कार्यालय में कृषक कल्याण कक्ष की स्थापना शुरू की गई है। जिसमें किसानों के लिए एक हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। यहां किसान स्वयं आकर या फि र फोन के जरिए अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। फोन नम्बर 0120-4084942 पर सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किसान अपनी समस्या से अवगत कराते हैं। उपकृषि निदेशक राम जतन मिश्रा ने बताया कि हेल्पलाइन के शुरू होने से किसानों को खासा फायदा हो रहा है।

# संयुक्त अस्पताल में सफाईकर्मियों की हड़ताल

● कई माह से संविदा कर्मियों को नहीं मिल रहा है वेतन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कई महीनों से वेतन न मिलने से नाराज जिला संयुक्त अस्पताल में संविदा पर तैनात सफाई कर्मियों ने काम ठप कर प्रदर्शन किया। कर्मियों का आरोप है कि वह पिछले दस साल से अस्पताल में कार्यरत हैं।

करीब 20 सफाईकर्मी हैं जो लम्बे समय से अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी एजेंसी ऑल ग्लोबल द्वारा वेतन देने में हमेशा ही देरी की जाती है। हर बार तीन से चार महीने बाद वेतन जारी किया है। वर्तमान में भी करीब तीन महीने से अधिक का वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारी मनोज कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व आना वाला है लेकिन कर्मियों का वेतन जारी नहीं किया गया है। काम बंद किया तो अस्पताल के सीएमएस द्वारा उन्हें चेतावनी दी गई है कि अगर काम रोका तो उन्हें निकाल दिया जाएगा लेकिन वेतन को लेकर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि उनसे काम तो लिया जा रहा है लेकिन वेतन को लेकर ना अस्पताल प्रशासन न ही एंजेसी प्रबंधक कोई सहायता कर रहे हैं जिसकी वजह से सभी कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।


## सीमा-सचिन के समर्थन में महापंचायत को रोका

**नोएडा।** पाकिस्तानी महिला सीमा के पति सचिन मीणा के पक्ष में आज सर्व समाज के लोग क्षेत्र के आछेपुर गांव में एक महापंचायत करने जा रहे थे। उससे पहले पुलिस ने उनके घर से ही उन्हें नजर बंद कर दिया है।

साथ ही पुलिस ने पंचायत करने जा रहे लोगों को उनके घर से नजर बंद कर कोतवाली ले आई है। पंचायत करने वाले लोगों का कहना है वह सचिन और मिथिलेश भाटी के आपसी विवाद को समाप्त करने के लिए इस महापंचायत को कर रहे। पुलिस द्वारा उनको जबरन कोतवाली लाया गया है।

# बॉडी बनाने वाला 1 करोड़ का नकली फूड सप्लीमेंट मिला

● डिब्बे पर नामी कंपनियों के रैपर लगाये जाते थे, तीन धरे



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर-63 पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में फर्जी फूल सप्लिमेंट, रैपर, खाली डिब्बे, पैकिंग मशीन व प्रिंटिंग मशीन बरामद की है। जिनकी कीमत करीब 95 लाख से 1 करोड़ रुपए है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि ये लोग नकली फूड सप्लिमेंट को बहुत कम खर्चे में तैयार कर और असली फूड सप्लिमेंट के रूप में कंपनी का रैपर लगाकर ऊंची कीमतों में बेचते थे।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों ने लगभग दो साल तक गुरुग्राम में सप्लिमेंट बनाने का काम सीखा था। वहां से सीखने के बाद ये अपना खुल का सप्लिमेंट बनाने का काम शुरू करना चाहते थे। इसके बाद तीनों यश नाम एक व्यक्ति के संपर्क में आए, जिसने इनकी मदद की और चारों ने खुद का काम करना शुरू कर दिया। इससे ये लोग काफी मोटा मुनाफा कमाते थे। ये बहुत कम खर्चे में बिना मापदंड व लैब परीक्षण के फर्जी फूड सप्लिमेंट तैयार कर और असली फूड सप्लिमेंट के रूप में कंपनी का रैपर लगाकर बेचते थे। इसके सैंपल लेकर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि ये स्पष्ट है कि ये मॉल नकली है। उन्होंने बताया कि एक किलोग्राम का फूड सप्लिमेंट कार्टल-वे कंपनी का डिब्बा तैयार कर ये लोग उसे मार्केट में 4000 से 5000 रुपए तक का बेचते थे। इन तैयार फर्जी फूड सप्लिमेंट को दिल्ली, हरियाणा के अलग- अलग शहरों व नोएडा आदि क्षेत्रों में बेचा जाता था।

## लोन की उगाही कर कंपनी का कर्मचारी भागा

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में महिलाओं से लोन की उगाही करके फाईनेंस कंपनी का कर्मचारी 5.6 लाख रुपये लेकर फरार हो गया।

कंपनी के प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोदीनगर की ब्रह्मपुरी कॉलोनी में भारत फइनेंशियल इन्कलूजन लिमिटेड कंपनी की शाखा है।

कंपनी के प्रबंधक अंकित कुमार ने बताया कि कंपनी रोजगार करने के लिए महिलाओं को लोन देती है। लोन को साप्ताहिक किस्तों में वसूल किया जाता है।


पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने रक्षाबंधन के एक दिन पहले स्कूली बच्चों के साथ बांटी खुशियां।

# एक छत के नीचे दिखेगी यूपी की झलक

● 21 से 25 सितंबर तक चलेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोर्ट में होगा आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोर्ट में 21 सितंबर से 25 सितंबर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित होगा। इसका उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू द्वारा किया जाएगा, साथ ही इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी पटेल सहित अन्य लोगों उपस्थित होंगे।

इंडिया एक्सपोर्ट के सभागार में जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर इस ट्रेड शो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का पहला उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 21 सितंबर से आयोजित होगा जो की 21 से 25 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड शो में आपको एक ही छत के नीचे पूरे उत्तर प्रदेश की झलक दिखाई देगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 2023 एक बी2बी और बी2सी शो है एजो उत्तर प्रदेश की विकास गाथा में सामूहिक रूप से योगदान देने वाले कई क्षेत्रों को एक मंच प्रदान करेगा और उन सभी को वैश्विक मानता और सहयोग दिलाने के लिए एक साथ लाएगा। इस ट्रेंड शो में उत्तर प्रदेश के हर जिले से उधमी भी पहुंचेंगे।

एक ही मंच के नीचे आपको बनारस की साड़ी, फिरोजाबाद की चूड़ियां, मिर्जापुर का कालीन और मेरठ के खेल के समान दिखेंगे। यानी जिस भी जिले में जो फेमस प्रोडक्ट है वह आपको एक ही स्थान पर मिलेगा। यानी उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के प्रोडक्ट आपको देखने को मिलेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इसमें केवल उत्तर प्रदेश के उधमी ही शामिल होंगे। इसके अलावा इस इवेंट में 60 देशो के करीब 400 बायर्स पहुंच रहे हैं। करीब 2000 से ज्यादा एक्जीबिटर्स इसमें शामिल होंगे।

राकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इस इंटरनेशनल इवेंट के लिए 70000 बिजनेसमैन अब तक अपना रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य करीब 2 लाख बिजनेसमैन को यहां पर बुलाना है। काफी लोग इसमें इंटरेस्ट दिखा रहे हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में आप एक ही छत के नीचे उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध व्यंजनों का भी आनंद ले सकेंगे। अलग-अलग जनपद में प्रसिद्ध व्यंजन आपको एक ही जगह पर मिलेंगे। जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। ट्रैफिक व्यवस्था, व अन्य चीजों को लेकर के लगातार मीटिंग की जा रही है।

इस दौरान बताया गया कि 21 सितंबर से 25 सितंबर तक यह ट्रेड शो चलेगा एजिसमें सुबह 11: 00 बजे से लेकर 3:00 तक बिजनेस आवर होंगे और 3:00 बजे से लेकर रात 8: 00 बजे तक आम जनता के लिए फ्री में एंट्री होगी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Amit Kumar** who is purchasing the Built-Up Upper Ground Floor, without roof rights, out of Built Up Property No. RZ-J-24, area measuring 71.0685 Sq. Mtrs., (85 Sq. Yds.), out of Khasra No. 232, situated in the revenue estate of village Nasirpur, Abadi known as West Sagarpur, New Delhi-110046; from **Mrs. Kamaljeet Kaur**, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 04.02.2021, which is duly registered vide Document No.1143, at Sub-Registrar, IX, New Delhi; and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That original Sale Deed dated 07.04.2015, duly registered vide Doc. No.3496, at SRO-IX, New Delhi; is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
**Plot no.136, (Basement) Uday Park,**
**New Delhi-110049, Contact# 011-40046316**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Neeraj** who is purchasing the Plot area measuring 100 sq. yds., out of Khewat No. 1049, Mu No. 83, Killa No. 21 (8-0), Waka Muajha Dhatir, Tehsil & District Palwal; from **Mrs. Sunita Yadav**, who is owner of the aforesaid property vide Transfer Deed dated 16.05.2023, which is duly registered vide Document No.1778, at Sub-Registrar, Palwal; and intend to mortgage against the financial assistance from **Roha Housing Finance Private Limited.** That original Sale Deed dated 18.10.2021, duly registered vide Doc. No.8109, on 18.10.2021, at SRO-Palwal;is Lost/Misplaced/Not available, an online Lost Property Report vide Application No.132600832300226 has been lodged by Mr. Manak Chand in this regard. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
**Plot no.136, (Basement) Uday Park,**
**New Delhi-110049, Contact# 011-40046316**

**सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय :- आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-110048,
सीआईएन :- एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल :- sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट :- www.sidhgroup.in,
फोन नंबर :- 011-41053325

**वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग एवं बही बंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों की 38वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") का आयोजन शनिवार, 30 सितंबर 2023 को अप 01.00 बजे आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली-110048 में किया जाना अनुसूचित है, जिसमें कम्पनी की एजीएम के आयोजन की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों का निष्पादन किया जाएगा।

अन्य के साथ रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं विधि के उल्लेखयुक्त एजीएम की सूचना, उपस्थिति पर्ची एवं परोक्षी प्रपत्र सहित, उन सदस्यों, जिनके नाम सदस्यों की पंजिका/डिपॉजिटरीज से प्राप्त लाभार्थियों की सूची में दर्ज मौजूद हैं, को 29 अगस्त, 2023 को निम्नलिखित तरीके से भेजी जा चुकी है,

(क) उन सदस्यों को ई-मेल माध्यम से जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत करा दी है; तथा
(ख) अन्य सदस्यों को डाक के माध्यम से जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 ('सूचीकरण विनियमावली') के विनियम 44 और इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा निर्गत सामान्य बैठक हेतु साचिविक मानक (एसएस2) के निबन्धनों में कम्पनी अपने सदस्यों को सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से कम्पनी की एजीएम आयोजन सूचना में विनिर्दिष्ट किसी व्यवसाय अथवा समस्त व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा मतदान करने के अपने अधिकार का उपयोग करने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। अधिनियम तथा उसके अंतर्गत विरचित नियमावली के अनुसार निर्धारित विवरण निम्नानुसार हैं:

क) सदस्यगण जो कि कट-ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितंबर 2022 के अनुसार भौतिक प्रारूप में अथवा अभौतिक प्रारूप में शेयर धारण किए हुए हैं तथा जिनके नाम सदस्यों की पंजिका में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में अभिलेखित हैं ('योग्य सदस्यगण'), वे कम्पनी की एजीएम आयोजन सूचना में विनिर्दिष्ट किसी व्यवसाय अथवा समस्त व्यवसायों पर रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में आयोजित होनेवाले मतदान द्वारा मतदान करने के अपने अधिकार का उपयोग करने के अधिकारी होंगे;
ख) रिमोट ई-वोटिंग का प्रारंभ बुधवार, 27 सितंबर 2023 को प्रातः 9.00 बजे होगा;
ग) रिमोट ई-वोटिंग का समापन शुक्रवार, 29 सितंबर 2022 को सायं 5.00 बजे होगा;
घ) तत्पश्चात् रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान हेतु निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा उसके उपरान्त इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी सदस्य द्वारा एक संकल्प पर एक बार मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को बाद में उसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी।
ङ.) सदस्यगण यह नोट कर लें कि :
- एजीएम में मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान न करने वाले बैठक में उपस्थित सदस्यगण बैठक में मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने में समर्थ हो सकेंगे।
- एक सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के अपने अधिकार का उपयोग कर चुकने के उपरान्त भी एजीएम में भागीदारी कर सकता है परन्तु उसे एजीएम में मतदान करने की अनुमति प्राप्त नहीं होगी।

च) यदि कोई व्यक्ति एजीएम सूचना के प्रेषणोपरान्त परन्तु कट-ऑफ तिथि अर्थात् 22 सितंबर 2023 को अथवा इससे पूर्व कम्पनी का एक सदस्य बन चुका है तो वह **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर अनुरोध पत्र भेजकर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
छ) कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों की पंजिका में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में अभिलेखित है केवल वही रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी होगा।
ज) किसी भी पूछताछ या प्रश्न करने की स्थिति में आप **http://www.evoting.com** के डाउनलोड सेक्शन्स पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यू'ज) तथा सदस्यों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, वरि. प्रबंधक को **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा 1800-200-5533 पर सीडीएसएल, मैराथन यूचरेक्स, ए-विंग, 25वां तल, एनएम जोशी मार्ग, लोवर पार्ले, मुंबई-400013 को कॉल कर सकते हैं।
झ) निदेशक मण्डल ने सुश्री टीना रानी, एच/ओ एमएसटीआर ऐंड एसोसिएट, सेवारत कम्पनी सचिव को रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने एवं इंस्टा चुनाव प्रक्रिया की एक उचित एवं पारदर्शी विधि के तहत जांच करने के लिए जांचकर्ता नियुक्त किया है।
ञ) कंपनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां जो हैं वो एजीएम के उद्देश्यार्थ रविवार, 24 सितंबर 2023 से शनिवार, 30 सितंबर 2023 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बंद रहेंगी।

सदस्यगण रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया तथा विधि के लिए एजीएम सूचना का संज्ञान ले सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मतदान से संबद्ध कम्पनी के सदस्यों की किसी भी शिकायत अथवा समस्या को श्री राकेश दाल्वी, वरि. प्रबंधक (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए-विंग, 25वां तल, मैराथन यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोवर परेल (ईस्ट), मुंबई-400013 को संबोधित कर सकते हैं अथवा **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई-मेल कर सकते हैं अथवा 1800 22 55 33 पर कॉल कर सकते हैं अथवा वे कम्पनी सचिव को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर लिख सकते हैं।

एजीएम आयोजन की सूचना तथा अन्य सम्बद्ध प्रलेख कम्पनी की वेबसाइट **www.sidhgroup.in** तथा सीडीएसएल की वेबसाइट **evoting@cdslindia.com** पर उपलब्ध होंगे।
बोर्ड के आदेश द्वारा

कृते सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
अनिल शर्मा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02928210
दिनांक : 29-08-2023
स्थान : नई दिल्ली

**गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय :- सी-115, मानसरोवर गार्डन, भू तल, नई दिल्ली-110015
फोन नंबर 011-25193268, ई-मेल : goldedgeestate2016@gmail.com,
सीआईएन : L70101DL1992PLC047541 । www.goldedgeestate.in

**सूचना**

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), बैठक की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, बृहस्पतिवार, 28 सितम्बर, 2023 को मध्या. 12.00 बजे (आईएसटी), कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों, कार्पोरेट मंत्रालय, भारत सरकार ("एमसीए") द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, नंबर 17/2020, नंबर 20/2020 तथा नंबर 10/2022 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, दिनांकित 5 मई, 2020 तथा 28 दिसम्बर, 2022 क्रमानुसार (इसमें आगे सामूहिक रूप से "एमसीए सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के साथ पठित सेबी द्वारा पूर्व सर्कुलर्स नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 1/सीआईआर/पी/2020/79, नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2021/11, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2022/62 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी- 2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021, 13 मई, 2022 तथा 05 जनवरी, 2023 क्रमानुसार के आविर्भाव में जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/सीआईआर/पी/2023/120 दिनांकित 11 जुलाई, 2023 (इसमें आगे सामूहिक रूप से "सेबी सर्कुलर्स" और एमसीए सर्कुलर्स के साथ "सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेन्स ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. उक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सभी सदस्यों को कम्पनी में/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीबद्ध उनके पंजीकृत पते/ई-मेल पर भेजी जाएगी।
3. हम सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे अपना ई-मेल पता अथवा अन्य आदेश का पंजीकरण (यदि अभी तक पंजीकृत नहीं करवाए हैं) अथवा अद्यतनीकरण (किसी परिवर्तन की स्थिति में) निम्नलिखित विधि में करवा लें :
(प) डीमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता और मोबाइल नंबर अथवा अन्य आदेश अपने संबंधित डिपॉजिटरीज के पास अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के माध्यम से पंजीकृत करवाएं।
(पप) भौतिक रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता और मोबाइल नंबर अथवा अन्य आदेश कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट नामतः स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी-153 ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, नई दिल्ली-110020, ई-मेल admin@skylinerta.com, फोन नंबर 011-26812682-83 को उपलब्ध कराएं।
4. 31वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः एमएसईआई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।
5. कम्पनी अपने सभी सदस्यों को 31वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") उपलब्ध करा रही है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने की सुविधा ("ई-वोटिंग") उपलब्ध करा रही है। एजीएम से जुड़ने और रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया 31वीं एजीएम की सूचना में वर्णित की गई है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

वास्ते गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./-
निखिल बंसल
निदेशक
डीआईएन : 00815132
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 28-08-2023

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020
सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अशोक मलिक/बरनाली दास/ऑर्चिड अपार्टमेंट अतुल प्रसाद सारणी, दोढ मोड़ ए पी सारणी, ईवीएन पल्ली पश्चिम बंगाल, सिलीगुड़ी-734006 / एलबीएसजीआई00005329764 | फ्लैट नंबर बी द्वितीय तल, "कुंज अपार्टमेंट" स्थित आरएस खातियान नंबर 2955/1, आरएस प्लॉट नंबर 10134/14263 का अंश एवं खंड, मौजा सिलीगुड़ी, वार्ड नंबर 15, सिलीगुड़ी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत, हकीमपारा, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल (लैट का क्षेत्रफल परिमाप लगभग 800 वर्ग फीट, सुपर बिल्ट अप एरिया सहित, फ्रंट साइड में स्टेयरकेस में यथानुपात हिस्सा तथा एक ओपन कार पार्किंग स्पेस परिमाप 200 वर्ग फीट, कुल 381.64 वर्ग फीट ओपन कार पार्किंग स्पेस का हिस्सा, जो भू तल पर पश्चिम की तरफ स्थित है। | 27-06-2023 रू. 22,22,674/- | 10-04-2023 |
| 2. | कुमार करन टोपो/लोलास टोपो/ओमेगा यूनीज टोपो/एच- 6, प्रथम तल, सेल्स टैक्स कालोनी, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001/ एलबीआरपीआर00005321685/ एलबीआरपीआर00006167037/ एलबीआरपीआर00005634998 | प्लॉट नंबर एचआईजी ड्यूपलेक्स 79, स्कीम ऑफ दि अंडर 17 एचआईजी ड्यूपलेक्स सेल्फ फाइनैंस स्कीम, स्थित संत कबीर नगर, सोन्दोनगरी रायपुर सर्किल, रायपुर डिवीजन, रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल परिमाप 216 वर्ग मीटर) | 22-06-2023 रू. 38,51,829/- | 03-04-2023 |
| 3. | राजेश कुमार बजाज/रीतिका देवी बजाज/बजाज भवन एच नंबर 10 डब्ल्यू नंबर 29, टोकोबारी रोड असम गुवाहाटी-781001 / एलबीजीयूडब्ल्यू00002054287 | यूनिट संदर्भ सं. केआरएच0242601, विशटाउन नोएडा, क्रीसेंट होम्स, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-129, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 (क्षेत्रफल परिमाप 1680 वर्ग फीट/156.07 वर्ग मीटर) | 17-07-2023 रू. 28,82,765/- | 16-05-2023 |
| 4. | संजय कुमार बजाज/अनीता बजाज/बजाज भवन एच नंबर 10 डब्ल्यू नंबर 29, टोकोबारी रोड असम गुवाहाटी-781001 / एलबीजीयूडब्ल्यू00002054278 | यूनिट संदर्भ सं. केआरएच0242701, विशटाउन नोएडा, क्रीसेंट होम्स, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-129, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 (क्षेत्रफल परिमाप 156.07 वर्ग मीटर/1680 वर्ग फीट) | 25-07-2023 रू. 28,26,324/- | 16-05-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 अगस्त, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# स्वच्छ-सुंदर दिल्ली मेहमानों का करेगी स्वागत: आतिशी

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए लोधी रोड व प्रगति मैदान का किया निरीक्षण

● स्मार्ट एलईडी लाइटें, स्ट्रीट फर्नीचर, हार्टिकल्चर के साथ साफ-सफाई का भी रखा जा रहा ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली को नया रूप दिया जा रहा है। इस दिशा में सड़कों को शानदार बनाया जा रहा है। तैयारियों में कोई कोर कसर न रहे इस बाबत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम युद्धस्तर पर काम कर रही है। लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने बुधवार को तैयारियों को जायजा लेने के लिए लोधी रोड व प्रगति मैदान का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री का विजन स्वच्छ, सुंदर और हरी भरी दिल्ली का है। उनका निर्देश है कि विदेशी मेहमान जब राष्ट्रीय राजधानी आए तो यहाँ की खुबसूरती को देखकर वो अपने साथ शानदार यादें लेकर जाए।

आतिशी ने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने शानदार डिजाइन और आर्टिफैक्ट्स के साथ इस स्ट्रेच के स्वरूप को पूरी तरह से बदल दिया है। एलईडी लाइट्स, शानदार स्ट्रीट फर्नीचर, स्ट्रीट आर्ट के साथ-साथ हार्टिकल्चर का भी खास ध्यान रखा गया है। स्ट्रेच को ग्रीन बनाने के लिए कई किस्मों के पौधे लगाए गए है। उन्होंने कहा कि वह हर दृष्टि से अपनी सड़कों को आकर्षक बनाने का काम कर रहे है।

साथ ही प्रगति मैदान जो जी-20 के कार्यक्रमों का केन्द्र बिंदु होगा और 20 देशों के राष्ट्रध्यक्षों की अगवानी करेगा ऐसे में केजरीवाल सरकार ने यहाँ की सड़क को भी खूबसूरत रूप देने का काम किया है। सड़कों की ब्लैक टॉपिंग के साथ पीडब्ल्यूडी ने यहाँ शानदार स्ट्रीट आर्ट का काम भी किया है। साथ ही हरियाली के लिए यहाँ बड़ी संख्या में विभिन्न किस्मों के पौधे भी लगाए गये है।

दिल्ली नगर निगम दिल्ली सरकार साथ मिलकर जी-20 के दौरान राजधानी को सर्वश्रेष्ठ रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रही है। इस दिशा में रिंग रोड, लोधी रोड, अरबिंदो मार्ग, शांतिवन रोड सहित कई प्रमुख सड़कों को शानदार बनाया है। एमसीडी ने राजधानी की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों और मशीनीकृत सफाई कर्मियों को तैनात किया है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि, दिल्ली सरकार जी-20 के लिए पूरी तरह से तैयारियों में लगी हुई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मानना है कि इस दौरान जो भी विदेशी मेहमान दिल्ली आएं, वह यहाँ की मेहमान नवाजी और दिल्ली वालों का प्यार अपने साथ लेकर जाएं। जी-20 की मेज़बानी करना दिल्ली के लिए बहुत बड़ा मौका है। ऐसे मौके पर दिल्ली सरकार ऐसी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।



जी-20 शिखर सम्मेलन : लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने तैयारियों को जायजा लेने के लिए लोधी रोड व प्रगति मैदान का अधिकारियों संग दौरा किया।

## दिल्ली को हमेशा साफ रखना है : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से राष्ट्रीय राजधानी को केवल जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए ही नहीं, बल्कि हमेशा साफ रखने की अपील की। सीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पिछले कुछ सप्ताहों में दिल्ली के विधायकों, पार्षदों और सफाई कर्मचारियों ने खूब मेहनत करके दिल्ली को चमका दिया है। पीडब्ल्यूडी, एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) एवं अन्य विभागों के इंजीनियर और कर्मचारियों ने भी खूब मेहनत की है। केजरीवाल ने कहा कि केवल जी-20 के लिए ही नहीं होनी चाहिए। अब हमें दिल्ली को हमेशा ऐसे ही साफ रखना है। शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी के मद्देनजर मंत्री राष्ट्रीय राजधानी में रखरखाव के कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को मोती बाग में शिखर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया।



## जी-20 की तैयारियों में एलजी ने झोंकी ताकत

नई दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों में कोई कमी नहीं रह जाए इसके लिए केंद्र और दिल्ली की सरकार की तमाम एजेंसियां दिन रात काम कर रही है। इसी कड़ी में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मेगा इवेंट को सफल बनाने में जुटे हैं।



राजनिवास ने दावा किया है कि एलजी ने इस संबंध में विभिन्न विभागों और एजेंसियों के साथ अलग-अलग तारीखों पर कुल 48 घंटे से अधिक बैंठकी है। इनमें से 10 बैठकें जी-20 की तैयारियों से संबंधित थीं। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जुलाई की शुरुआत में, एलजी ने सभी संबंधित विभागों, एजेंसियों के प्रतिनिधियों और एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की अध्यक्षता में जिला-स्तरीय निगरानी समितियों का गठन किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि जमीनी स्तर पर सभी कार्य संबंधित एजेंसियों द्वारा पूरे किए जा सकें। अब तक इन समितियों की पांच बैठकें हो चुकी हैं, जहां किए गए काम की फोटो समेत रिपोर्ट पेश की जाती है, जिसमें उस जगह की पहले और बाद की स्थिति दिखाई जाती है और जिसकी समीक्षा स्वयं उपराज्यपाल द्वारा की जाती है।



सभी फोटो: रंजन डिमरी
रिंग रोड स्थित फ्लाईओवर की दीवार पर हनुमान जी का उकेरा चित्र।





शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप व राजा राज चोल की पेंटिंग

## डोर स्टेप डिलीवरी योजना एमसीडी में भी लागू: शैली

● अक्टूबर से मिलेगा 23 योजनाओं का लाभ, टोल फ्री नंबर 155305 पर कॉल कर सेवाओं का लाभ ले सकेंगे : मेयर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार की योजनाओं को अब एक-एक करके दिल्ली नगर निगम में लागू किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी शासित निगम ने अब डोर स्टेप डिलीवरी योजना को लागू करने का फैसला किया है। इससे निगम की 23 सेवाएं अब लोगों को घर बैठे मिलेंगी। यह सुविधा सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक ही मिलेगी।

ट्रेड लाइसेंस, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि सुविधाओं के लिए सिर्फ 25 रुपये प्रति पेज या लाइसेंस देने होंगे। यह डोर स्टेप डिलीवरी सेवा अक्टूबर से मिलनी शुरू हो जाएगी। महापौर शैली ओबरॉय और उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार जैसा मॉडल अब दिल्ली नगर निगम में भी लागू किया जा रहा है। डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा निगम में भी लागू करने जा रहे हैं। इसके तहत अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर जाने में असमर्थ हैं या उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की समझ नहीं है तो उन्हें घर पर एमसीडी की सुविधाएं दी जाएंगी। इसको लेकर सदन में 31 अगस्त को एजेंडा लेकर आ रहे हैं।

योजना के तहत प्रॉपर्टी टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, हेल्थ ट्रेड लाइसेंस समेत 23 एमसीडी की सेवाएं घर बैठे मिलेंगी। क्योंकि दिल्ली में काफी ऐसे लोग हैं जिन्हें ऑनलाइन की कम समझ है या उन्हें इंटरनेट सुविधा वाला फोन चलाना नहीं आता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एमसीडी ने 20 से अधिक सुविधाएं डोर स्टेप डिलीवरी के तहत देने का फैसला किया है। ऐसे में अब लोगों को ऑनलाइन आवेदन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी और ना ही उन्हें एमसीडी ऑफिस आने की जरूरत है।


प्रेस वार्ता में मेयर शैली ओबराय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद।

## बुराड़ी में खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, 3 झुलसे

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में सुरक्षित शहर परियोजना (सेफ सिटी प्रोजेक्ट) के तहत खुदाई कर रहे तीन श्रमिक उस वक्त झुलस गए जब उनसे एक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि सुरक्षित शहर परियोजना से संबंधित एक ठेकेदार के श्रमिकों ने खुदाई करते समय इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की एक पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में वेल्डिंग करने वाले तीन श्रमिक झुलस गए और पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचा है। श्रमिकों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद आईजीएल के अभियंताओं को पाइपलाइन की मरम्मत के लिए बुलाया गया। हालांकि तीन लोगों ने उन्हें मरम्मत करने से रोक दिया जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर मामले को सुलझाया।

## छात्र यौन शोषण मामले में शिक्षक और उप-प्रधानाचार्य निलंबित

● स्कूलों में बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के प्रावधानों पर सभी प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा शिक्षा निदेशालय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दो लड़कों का सहपाठियों द्वारा यौन शोषण किए जाने की घटना की सूचना पुलिस को देने में कथित विफलता के लिए उत्तर पश्चिमी दिल्ली के एक सरकारी स्कूल के शिक्षकों तथा उप प्रधानाचार्य को निलंबित करने का मंगलवार को आदेश दिया।

उन्होंने शिक्षा निदेशालय से सभी शिक्षकों तथा प्रधानाचार्यों के संदर्भ के लिए उच्च गुणवत्ता की सामग्री तैयार करने तथा स्कूलों के लिए बच्चों से दुर्व्यवहार के मामलों को अनुकूल वातारण में हल करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने को कहा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षा निदेशालय(डीओई) को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को टालने के लिए बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के प्रावधानों पर सभी प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाए।

मंत्री ने पत्र में लिखा, यह चिंताजनक है कि छात्रों ने शिक्षकों और उप प्रधानाचार्य को सूचना दी लेकिन उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस या किसी उच्च प्राधिकारी को नहीं दी। यह ना केवल अनैतिक है बल्कि गैरकानूनी भी है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण(पोक्सो), अधिनियम के तहत किसी व्यस्क को यौन उत्पीड़न होने के बारे में पता हो और वह सूचना ना दे तो यह एक कानूनी अपराध है।

## नई ईवी नीति में चार्जिंग के बुनियादी ढांचे का विस्तार

● परिवहन आयुक्त ने कहा, ईवी नीति, 2020 की अवधि को दिल्ली सरकार ने बढ़ा दिया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन आयुक्त आशीष कुंद्रा ने कहा कि अगली इलेक्ट्रिक वाहन नीति चार्जिंग के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और खरीद प्रोत्साहन के लिए वित्तपोषण विकल्पों का विस्तार करने पर केंद्रित होगी। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति, 2020 की अवधि गत आठ अगस्त को पूरी हो गई थी जिसे दिल्ली सरकार ने बढ़ा दिया है।

भारतीय जी-20 सचिवालय के साथ इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीनट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) द्वारा स्वच्छ परिवहन पर सोमवार को आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुंद्रा ने कहा कि सरकार अब विद्युतीकरण के लक्ष्य पर काम करेगी जिसके अंतर्गत बसों के बेड़े में 80 फीसदी बसें इलेक्ट्रिक होंगी।

उन्होंने कहा कि अगली ईवी नीति में हल्के एवं मध्यम ट्रक या मालवाहक वाहनों को लक्षित किया जा सकता है जिनका शहरों में आवागमन होता है।


## छात्रा ने स्कूल की इमारत से लगाई छलांग, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में मंगलवार को एक सरकारी स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा ने स्कूल की इमारत की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, उसे घटना की जानकारी सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर से मिली, जहां छात्रा को भर्ती कराया गया था।

पूर्वाह्न 11.55 बजे एसबीबीएम सर्वोदय विद्यालय की छात्रा ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि छात्रा का इलाज चल रहा है और मामले में आगे जांच जारी है।

## दिल्ली मेट्रो ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड



● एक दिन में 68 लाख से ज्यादा लोगों ने की यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मेट्रो एक बार फिर से सुर्खियों में है। इस बार दिल्ली मेट्रो में एक दिन में यात्रा करने वालों का नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। मेट्रो ने 28 अगस्त को कोविड-19 महामारी से पहले और उसके बाद के बाद सिर्फ एक दिन में 68 लाख 16 हजार लोगों ने मेट्रो में सफर किया।

डीएमआरसी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले 10 फरवरी 2020 को 66 लाख 18 हजार 717 लोगों ने एक दिन में सफर किया था। इस बार रक्षा बंधन के त्योहार से कुछ दिन पहले रिकॉर्ड आंकड़े दर्ज हुए है। कोरोना के दौर में मेट्रो में यात्रियों की संख्या घट गई थी, लेकिन अब यात्रियों की संख्या कोरोना से पहले की तुलना में भी ज्यादा हो गई है। डीएमआरसी ने बताया कि सोमवार रिकार्ड यात्रियों ने यात्रा की थी।

यह कोरोना महामारी की शुरुआत से पहले और बाद में अब तक की सबसे अधिक दैनिक यात्रियों की संख्या है। सोमवार को हासिल किया गया यह लक्ष्य डीएमआरसी द्वारा प्रदान की गई विश्व स्तरीय परिवहन प्रणाली में दिल्ली-एनसीआर के नागरिकों के विश्वास को दर्शाता है। यह उपलब्धि डीएमआरसी के समर्पित कर्मचारियों के प्रयासों, दिल्ली एनसीआर निवासियों के समर्थन और सुरक्षित, कुशल और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है

## संक्षिप्त समाचार


डीडीयू कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।

### जी-20 पर डीडीयू कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद द्वारा जी-20 को लेकर कल्चरल कम अकैडमिक एक्टिविटीस के तहत पहले कार्यक्रम का आयोजन दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर राजवीर सिंह (एडीसी और महालेखा परीक्षक, भारत सरकार) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि उनके साथ संस्कृति परिषद के चेयर पर्सन अनूप लाठर और संस्कृति परिषद के डीन प्रोफेसर रविंदर कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सम्मानीय अतिथि के रूप में कोरियोग्राफर और शास्त्रीय नर्तक गुरु कनिका घोष उपस्थित रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि राजवीर सिंह ने अंग्रेजों द्वारा विकसित किए गए शैक्षिक एवं शैक्षणिक पाठ्यक्रम को बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सदियों पहले प्रचलित भारतीय शिक्षा प्रणाली के महत्व और आज के दौर में इसकी आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

### संविदा इंजीनियरों का अनुबंधन के नवीकरण की मांग



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली नगर निगम में वर्षों से सेवाऐं दे रहे 30 कांट्रैक्ट इंजीनियरों का कांट्रैक्ट रद्द किये जाने की निंदा की है और इस संदर्भ में निगमायुक्त ज्ञानेश भारती से बात की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने निगमायुक्त से कहा की यह इंजीनियर वर्षों से निगम में सेवाऐं दे रहे हैं और दिल्ली के विकास एवं रखरखाव में भागीदार हैं। इनमे से अधिकांश की कहीं और नौकरी का आवेदन करने की उम्र भी निकल गई है और 2021-22 में तत्कालीन निगमों मे भाजपा प्रशासन इनके सेवा नियमितीकरण के लिए भी प्रयासरत था।सचदेवा ने निगमायुक्त से मांग की कि वह इंजीनियरों एवं अन्य कांट्रैक्ट कर्मियों के मामले में संवेदनशीलता से विचार कर इन सभी को कांट्रैक्ट विस्तार दें और शीघ्र नियमितीकरण का प्रयास करें। निगमायुक्त ने वीरेन्द्र सचदेवा को उचित साकारात्मक कार्यवाई का आश्वासन दिया।

# रैपिडएक्स: आनंद विहार से साहिबाबाद के बीच सुरंग का काम पूरा

## आरआरटीएस कॉरिडोर की पूरी टनल बनाने के कार्य को 18 महीने से भी कम समय में पूरा किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने वैशाली गाजियाबाद में आनंद विहार से साहिबाबाद के बीच दो किमी लंबी सुरंग का काम पूरा हो गया है। इसी के साथ अब पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर की टनलिंग (सुरंग बनाने) का काम पूरा हो गया है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति मेंरिमोट बटन दबाकर टनल ब्रेकथ्रूकी शुरुआत की। सफल ब्रेकथ्रूके साथ ही टनल बोरिंग मशीन टनल का निर्माण कार्य बाहर निकल आई। सुदर्शन 4.4 को आनंद विहार मेंनिर्मित लॉन्चिंग शाफ्ट पर टनल बनाने के लिए उतारा गया था, जो अब वैशाली रेट्रीविंग शाफ्ट से बाहर निकला। आरआरटीएस कॉरिडॉर की पूरी टनल बनाने के कार्य को 18 महीने से भी कम समय में पूरा किया गया है। देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के भूमिगत खंड की कुल 12 किमी की लंबाई में समानांतर सुरंगों को बोर करने के लिए कुल सात (7) अत्याधुनिक सुदर्शन, टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) का उपयोग किया गया है।

आरआरटीएस टनल के निर्माण के लिए 80,000 से अधिक प्री-कास्ट सेगमेंट का उपयोग किया गया है। इन उच्च परिशुद्धता वाले प्री-कास्ट टनल सेगमेंट्स को कडकड्डूमा, नई दिल्ल और शताब्दी नगर, मेरठ में स्थापित अत्याधुनिक कास्टिंग यार्ड में बनाया गया। टनलिंग की प्रक्रिया में, सात सेग्मेंट्स को जोड़कर एक टनल रिंग का निर्माण किया जाता है। इन सेग्मेंट्स और रिंग्स को बोल्ट्स की सहायता से जोड़ा जाता है। रैपिडएक्स टनलों का व्यास 6.5 मीटर है जो 180 किमी प्रति घंटे की समान डिजाइन गति के साथ चौड़े एवं ऊँचे रोलिंग स्टॉक के लिए विश्व में निर्मित अन्य टनलों के वैश्विक बेंचमार्क की तुलना में काफी अनुकूलित है।

देश में अन्य रेल-आधारित शहरी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों की तुलना में, यह पहली बार है जब इतने बड़े आकार की सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। एनसीआरटीसी 2025 तक दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर को परिचालित करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दिन-रात कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किमी लंबा प्राथमिकता खंड बनकर तैयार है और जल्द ही इस सेक्शन में रैपिडएक्स सेवाओं का परिचालन आरंभ किया जाएगा।


आनंद विहार से साहिबाबाद के बीच सुरंग का काम पूरा होने पर पदाधिकारी।

### आनंद विहार भूमिगत स्टेशन पर चार सुरंगे

दिल्ली में आनंद विहार भूमिगत रैपिडएक्स स्टेशन से दोनों ओर ट्रेनों के आने-जाने के लिए कुल 4 सुरंगों का निर्माण किया गया है। लगभग 3 किलोमीटर लंबी दो समानांतर सुरंगें आनंद विहार स्टेशन को न्यू अशोक नगर स्टेशन से जोड़ने के लिए हैं जबकि लगभग 2 किलोमीटर लंबी समानांतर सुरंगें आनंद विहार स्टेशन को साहिबाबाद स्टेशन से जोड़ने के लिए बनाई गई हैं।

## छात्राओं ने जवानों को राखी बांध लंबी आयु और यश की कमाना की



**सोहना।** आर बी एस एम् पब्लिक स्कूल , भोंडसी गुड़गांव की छात्राओं ने बी एस ?फ़ 95 वी बटालियन-भोंडसी के जवानों एवं अधिकारिओं को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। विद्यालय की तरफ से 20 छात्राओं का एक दल भोंडसी स्थित बटालियन पहुंचा । मंगलवार को आरबीएसएम स्कूल की छात्राओं ने बीएसएफ के जवानों को राखी बांधी और जवानों को मिठाई खिलाकर उनकी लंबी आयु समेत यश , शारिरीक ताकत, देश सेवा का जनून बढ़ने की कमाना की। इस अवसर पर सभी जवानो ने छात्राओं को रक्षा का वचन दिया । कोर्डिनेटर वंदना ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है। बहन और भाई के पवित्र रिश्ते को दर्शाता है। बहन-भाई का एक अनमोल रिश्ता है। दूर क्षेत्रों में रह रहे बी एस ?फ़ जवानो के लिए हम सभी उन्हें अपनेपन का एहसास दिलाने आयी । उन्होंने सभी जवानो का धन्यवाद किया जो रात- रात भर जागकर हमारी रक्षा करते हैं। जिनकी बदौलत ही आज हमें अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं।

## फरूखनगर-सुल्तानपुर रेल यात्रियों की मांगों को पूरा कराने का होगा प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य अमित गोयल को मांग पत्र सौंपते दैनिक यात्री संघ के सदस्य।

**रेलवे** सलाहकार बोर्ड के सदस्य अमित गोयल से मंगलवार को दैनिक रेल यात्री संघ ने मुलाकात की। संघ की ओर से फरूखनगर-सुल्तानपुर क्षेत्र में रेल सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग उनसे की गई।

अमित गोयल को दिए गए ज्ञापन में दैनिक यात्री संघ के प्रधान सरदार हरभजन सिंह, मान सिंह यादव, बीएस सारवान, नरेश कुमार शर्मा आदि ने कहा कि डीईएमयू यात्री गाड़ियों को फरूखनगर-दिल्ली-सराय रोहिल्ला के बीच रविवार को चलाया जाए। यह 9 साल पुरानी मांग लंबित है। फरूखनगर स्टेशन पर डीईएमयू यात्री गाड़ी को खड़ी करने के लिए बनाई गई लाइन को वर्किंग फिट दिया जाए, जिस पर 14 कोच का रैक खड़ा किया जा सकता है। जीएचएच-एफएन खंड 12 किलोमीटर का दोहरीकरण यानी इन लाइन को डबल कराया जाए, ताकि माल गाड़ियों का सुचारू संचालन हो सके। इस खंड का विद्युतीकरण का कार्य पूरी हो चुका है। फरूखनगर से वाया दिल्ली, आनंद विहार, हजरत निजामुद्दीन से उत्तर प्रदेश, बिहार व मध्य प्रदेश के मुख्य स्टेशनों के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए। डीईएमयू यात्री गाड़ी को फिर से चलाया जाए। सुल्तानपुर-कालियावास स्टेशन पर बुकिंग विंडो, यात्री शेल्टर व पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। यह व्यवस्था कराई जाए। फरूखनगर व मुबारिकपुर के बीच रेलवे क्रॉसिंग संख्या-6सी पर आरओबी व अंडरपास बनाया जाए। हरियाणा एक्सप्रेस व रानीखेत एक्सप्रेस का गढ़ी-हरसरू में ठहराव दिया जाए। डीईएमयू यात्री गाड़ियों को समय पर चलाया जाए व इन्हें गढ़ी हरसरू जंक्शन पर रद्दन ना करके सुल्तानपुर-फरूखनगर तक चलाया जाए। एचओआरसी का सुल्तानपुर क्रॉसिंग के आसपास फरूखनगर-सुल्तानपुर या सुल्तानपुर झील रेलवे स्टेशन बनाया जाए। यह मांग पत्र लेने के बाद रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल ने कहा कि बुधवार 31 अगस्त को दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक व उच्चाधिकारियों के साथ बैठक है। इस बैठक में वे दैनिक रेल यात्री संघ की मांगों का यह पत्र रेलवे के उच्चाधिकारियों को सौंपकर विचार करने का आग्रह करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते तीन गोल्ड समेत 6 पदक



**गुरुग्राम।** ओपन इन्विटेशनल कराटे प्रतियोगिता में गुरुग्राम के छह खिलाड़ियों ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। गुरुग्राम पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी की लहर है। 28 और 29 अगस्त को हुई दो दिवसीय प्रतियोगिता में दस राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें हरियाणा से छह खिलाड़ी गुरुग्राम के थे। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन व स्पोर्ट्स कमिशन सेक्रेटरी ऑफ इंडिया शिहान के सुनील सैनी ने बताया कि ओपन इन्विटेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन बलराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर, शास्त्री नगर महाविद्यालय मेरठ में हुआ था। गुरुग्राम से सेक्टर-5 साईं कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्राउन पदक जीतकर अपनी बेहतर कला शौर्य का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। 19 भार वर्ग में छह वर्षीय वृषणक सिंह ठाकुर, 21 भारवर्ग में दुर्जोय सिंह और 29 भार वर्ग में 7 वर्षीय दीप्सा मक्कार ने गोल्ड मेडल जीता है। वहीं 41 भार वर्ग में 15 वर्षीय वंशिका राव ने सिल्वर और 36 भारवर्ग में 7 वर्षीय देवल सैनी, 30 भार वर्ग में काव्यांजलि साहू ने ब्रॉंज मेडल पर अपना कब्जा किया है। टीम की कोच लकीमणिदास की भूमिका सराहनीय रही है।

### गुरुग्राम विवि में हुई विभागीय खेल प्रतियोगिताएं



**गुरुग्राम।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मंगलवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में इंटर डिपार्टमेंट वॉलीबाल और थ्रो बॉल प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता जीयू के खेल विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के खेल ग्राउंड में आयोजित की गयी। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इंटर डिपार्टमेंट प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की बीटेक ए, बीटेक बी, बीटेक सी, फिजियोथेरपी, मैनेजमेंट, फार्मेसी, कॉमर्स विभागों की टीमों ने भाग लिया। वॉलीबाल मैच पुरुष टीमों के बीच और थ्रो बॉल मैच महिला टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने दमखम दिखते हुए अपने हुनर का प्रदर्शन किया। वॉलीबाल फाइनल मैच में फिजियोथेरेपी ने फार्मेसी को एवं थ्रो बॉल प्रतियोगिता में बीटेक ने फार्मेसी को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्पोर्ट्स अधिकारी, डॉ. सुनीता, डॉ. रेनू चौधरी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महिला की जमीन पर जालसाजी से किया कब्जा, न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फर्जी कागजात तैयार कर मिलीभगत करके कराई यह रजिस्ट्री**

**वर्ष 2020 से अब तक पीड़ित को नहीं मिला है न्याय**

**वर्ष** 2020 में एक मकान की फर्जी कागज तैयार करके कराई गई रजिस्ट्री के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पीड़ित पक्ष भटक रहा है। आरोप है कि इस रजिस्ट्री में पुलिस और तहसील के अधिकारियों, कर्मचारियों की भी मिलीभगत है। इसलिए सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता का एक मकान गुड़गांव गांव बिसवा में है। नगर निगम के रिकॉर्ड में वर्ष 2008-09 से यह मकान हीरा लाल के नाम से था। उनके निधन के बाद यह मकान फूलवती पत्नी कृष्ण लाल के नाम पर रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। पीड़िता के अनुसार 25 फरवरी 2020 को उन्हें किसी ने बताया कि उनके मकान का ताला तोड़कर कुछ बदमाशों ने कब्जा कर लिया है। पीड़ित पक्ष ने अगले ही दिन पुलिस में शिकायत दी, लेकिन सेक्टर-5 थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने आरोप लगाया कि शेर सिंह नामक व्यक्ति ने उनके मकान को फर्जीवाड़े से तहसीलदार व नगर निगम के पटवारी की झूठी रिपोर्ट बनवाकर मकान की रजिस्ट्री नवीन कुमार पुत्र रमेश कुमार को बेच दिया। पीड़ित पक्ष की तरफ से शिकायत देकर कहा गया कि जमीन के फर्जी कागजात तैयार करके धोखाधड़ी में शामिल शेर सिंह निवासी दिल्ली, नवीन कुमार निवासी अशोक विहार फेज-3 गुरुग्राम, नीरज अरोड़ा निवासी नजफगढ़, नायब तहसीलदार गुरुग्राम, सरजीत पटवारी नगर निगम गुरुग्राम, महेंद्र शर्मा निवासी अशोक विहार फेज-3 व अन्य के खिलाफ का केस दर्ज किया जाए।

सेक्टर-5 थाना से जांच अधिकारी एसआई रतन पाल ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की बजाय पीड़िता को ही जांच में शामिल ना होने की बात कहकर केस को खारिज कर दिया।

पुलिस की ओर से कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर पीड़िता ने पीएमओ में शिकायत भेजी। पीएमओ के निर्देश पर गुरुग्राम पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने जांच की। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की सिफारिश की गई। केस तो दर्ज हो गया, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

पीड़िता के पक्ष से एडवोकेट राजकुमार का कहना है कि हम चाहते हैं कि आर्थिक अपराध शाखा ही इस मामले में कार्यवाही करे। क्योंकि आर्थिक अपराध शाखा ने ही इसकी जांच की थी। जांच के बाद एफआईआर की सिफारिश की थी।

## सरमथला में तीन मजदूरों को लगा बिजली का करंट, एक की मौत दो घायल

**सोहना।** खंड का गांव सरमथला में बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई तथा दो मजदूर घायल हो गए। घायल मजदूर ने ठेकेदार को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया है।

जिला चरखी दादरी निवासी मजदूर सूरज ने सोहना सदर थाना पुलिस को बताया कि वह सोलर पोल लगाने का काम करता है। उसके साथ दो और मजदूर उसका के जिला निवासी मोनू व जीतू भी काम करते है। सूरज ने बताया कि गांव सरमथला में सोनीपत निवासी सुधीर ठेकेदार ने सरमथला में यह काम ले रखा है।

रविवार को सायं 5 बजे वह और उसके साथी मोनूव जीतू पोल लगाने का काम कर रहे थे। तीनों ने पोल उठाकर अपने अपने कंधा पर रखा हुआ था। इस दौरान उन तीनों को बिजली का करंट लगा, जिसमें मोनू को बिजली के करंट का सबसे ज्यादा असर हुआ। उसे और जीतू को करंट का कम असर हुआ। मोनू को गंभीर हालत में फरीदाबाद के बीके अस्पताल में दाखिल कराया। जहा डॉक्टरों ने मोनू को मृतक घोषित कर दिया। मजदूर सूरज ने पुलिस दी गई शिकायत में मोनू की मौत का दोषी ठेकेदार सुधीर को दिया है। सूरज ने बताया कि सुधीर को कई बार कार्य करने के लिए सुरक्षा उपकरण दिए जाने की मांग की गई। लेकिन ठेकेदार मजदूरों को उपकरण मुहैया कराने में पूरी लापरवाही बरते हुए है। मजदूर की शिकायत पर ठेकेदार सुधीर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ठेकेदार को जल्द ही उसके ऊपर लगे आरोप के आधार पर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। मृतक मजदूर के शव का सोमवार को बीके अस्पताल फरीदाबाद में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। **- संतोष कुमार- सदर थाना प्रभारी**

## स्टेट चैंपियनशिप में खेलेंगे जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक अकादमी के 5 खिलाड़ी



**गुरुग्राम।** आगामी समय में होने वाले जिम्नास्टिक स्टेट चैंपियनशिप के लिए गुरुग्राम की जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक अकादमी के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आगामी 12 से 14 सितम्बर के बीच अम्बाला में राज्य चैंपियनशिप होगी। बीती 26 से 28 अगस्त तक यहां नेहरू स्टेडियम में सीएचएल री डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप में जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक्स अकादमी के बच्चों ने बेहतरीन खेल दिखाया। इनमें अंडर-14 में 4 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य के साथ अमन वर्मा गुरुग्राम के सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित किए गए। सक्षम राणा ने दूसरा स्थान और अपने प्रदर्शन के साथ दक्ष सैनी ने भी टीम में अपनी जगह बनाई। अंडर-17 में युग शर्मा ने प्योर गुड़गांव में दूसरा स्थान हासिल किया। उनके साथ अपनी अच्छी परफॉर्मेंस के साथ हरमनदीप सिंह ने स्टेट चैंपियनशिप में जगह बनाई। इन खिलाड़ियों में अमन वर्मा लोट्स वैली स्कूल के, सक्षम राणा आवर लेडी फातिमा स्कूल, दक्ष सैनी ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, युग शर्मा सिद्धेश्वर स्कूल और हरमनदीप सिंह शारदा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हैं। जिम्नास्टिक कोच संदीप कुमार और मनीष गौतम ने उनको आने वाली स्टेट चैंपियनशिप के लिए बधाई दी।

## यूकेजी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सामाजिक पहल शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**एचआर** और कार्यबल समाधान के एक प्रमुख प्रदाता यूकेजी ने भारत में एक प्रसिद्ध व्यावसायिक संस्थान लोक भारती के सहयोग से अपनी प्रभावशाली पहल, उड़ान सेंटर का अनावरण किया है। इस पहल का उद्देश्य भारत के नोएडा में महिलाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा प्रमाणन प्राप्त करने वाला यह पाठ्यक्रम इन महिलाओं को भारत के कपड़ा उद्योग में आजीवन करियर के लिए तैयार करता है।

प्रति दिन दो पालियों के साथ सप्ताह में छह दिन संचालित होने वाला, उड़ान सेंटर प्रत्येक बैच में 50 छात्रों को सेवा प्रदान करता है, जो पूरी तरह से यूकेजी द्वारा वित्त पोषित शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। महिलाओं को योग्य शिक्षकों द्वारा उन्नत कपड़ा-निर्माण कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसकी निर्यात फर्मों द्वारा अत्यधिक मांग की जाती है, जिससे देश के कार्यबल में उनका एकीकरण सुनिश्चित होता है। कोविड-19 महामारी के दौरान इसकी हल्की लॉन्चिंग के बावजूद, इस परियोजना ने हाल ही में 50 छात्रों के अपने उद्घाटन बैच के स्नातक होने का जश्न मनाया। इस पहल का व्यापक लक्ष्य सालाना 200 से अधिक महिलाओं के जीवन को बदलना है, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार के लिए कौशल प्राप्त करने, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाया जा सके। लोगों के प्रति यूकेजी की प्रतिबद्धता के अनुरूप, उड़ान सेंटर कंपनी के पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) कार्यक्रम का एक प्रमाण है, जो मापने योग्य प्रगति के साथ सकारात्मक प्रभावों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यूकेजी में टैलेंट बिजनेस पार्टनर्स, इंटरनेशनल मार्केट्स के उपाध्यक्ष क्लेयर लॉक ने उद्देश्य और सामुदायिक उत्थान की शक्ति पर प्रकाश डाला। यूकेजी में भारत के मानव संसाधन निदेशक, नितिन वाधवा ने कर्मचारियों, सरकार और स्थानीय समुदायों के सहयोगात्मक प्रयास पर जोर दिया, जो महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाने में योगदान दे रहे हैं।

## 2024 के चुनाव में सत्ता से बाहर होगी भाजपा : कैप्टन अजय यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सूरत नगर फेज-2 में कैप्टन अजय यादव का स्वागत करते लोग।

**गुरुग्राम** के सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मुकेश सिंगला द्वारा सूरत नगर फेस-2 में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, गुरुग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर के साथ राष्ट्रीय महासचिव ओबीसी राहुल यादव, अधिवक्ता सूबे सिंह यादव, महेंद्र राठी, मीनू शर्मा, राजीव राजेंद्र पार्क, सुनील वर्मा,मनोज आहूजा, समाजसेवी भाई सुनील धनवापुर, शिशू धनवापूर, धर्मवीर महलवत,भाई हनुमान, राहुल दहिया, विशाल आदि सैकड़ों लोग पहुंचे। सूरत नगर अपने आवास पर यहां पहुंचने पर मुकेश सिंगला, चंदरभान खैरी, बलबीर सिंह बिढलान, सुरेश खैरी, प्रधान रामरतन यादव, महीपाल सैन, फूल सिंह, दीपक माही, रोहित मंडल, बदले सिंह बौद्ध, संतोष, गंगा निगम, लाजपत निगम, गुलाब सिंह दहिया, राकेश सिंगला, राजेश यादव, पुष्पेंद्र चौधरी सहित सेंकड़ों स्थानीय लोगो ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। कैप्टन अजय यादव ने कार्यक्रम में बोलते हुए बीजेपी की राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी पर कुछ भी अंकुश ना लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में सभी आमजन परेशान हैं। उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव में बीजेपी सत्ता से बाहर होगी और कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से राज्य और केंद्र में सरकार बनाएगी। पूरे हरियाणा में गैस सिलेंडर का रेट 500 रुपए में दिया जायेगा।

**भाजपा को सबक सिखाएगी प्रदेश की जनता** : वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर ने कहा कि गुरुग्राम में विभिन्न कॉलोनियों में पीने के पानी, गन्दे पानी की निकासी, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की उचित व्यवस्था नही है। अभी तक के 9 साल के कार्यकाल में बीजेपी सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। लोगो को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाया गया है।

## जेड ब्लैक के नए विज्ञापन में एमएस धोनी के बाप और बेटी के प्यारे रिश्ते से दर्शाया गया 'मन की शांति' का महत्व

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अग्रणी** अगरबत्ती ब्रांड जेड ब्लैक को क्रिकेट के दिग्गज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी पर आधारित ज़ेड ब्लैक 3-इन-1 प्रीमियम अगरबत्ती के लिए अपने नवीनतम विज्ञापन कैम्पेन की लॉन्च की घोषणा करने में बेहद खुशी हो रही है। कैम्पेन का उद्देश्य संतुलित और पूर्ण जीवन के लिए दैनिक प्रार्थनाओं को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के महत्व पर जोर देना है। आज की तेजी से भागती दुनिया में, जहां लोग विभिन्न कामों और जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं, प्रार्थना के माध्यम से खुद से जुड़ने के लिए एक पल लेने का काम बेहद सुकून देने वाला हो सकता है।

''मन की शांति' बस एक टेलिव्हिजन कमर्शिअल कैम्पेन भर नहीं है; यह मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में हर दिन की प्रार्थनाओं के मूल्य पर ध्यान खींचने की दिल से कोशिश है।'' मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस और जेड ब्लैक के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, ''धोनी, जो अपने असाधारण नेतृत्व और अटूट संयम के लिए जाने जाते हैं, कई स्तरों पर कैम्पेन के संदेश के साथ मेल खाते हैं।''

टेलिव्हिजन कमर्शिअल में जेड ब्लैक और एमएस धोनी को सभी के लिए एक हमेशा बने रहने वाला संदेश साझा करते हुए दिखाया गया है। इस हालिया टेलिव्हिजन कमर्शिअल में, क्रिकेट के दिग्गज ने प्रार्थना के लिए बैठे एक स्नेही पिता की भूमिका निभाई है, जब उनकी चंचल बेटी दौड़ती हुई आती है। धोनी मुस्कुराते हुए 'मन की शांति' के लिए नियमित प्रार्थना के महत्व पर जोर देते हैं। धोनी, एक क्रिकेट दिग्गज होने के अलावा, एक संपूर्ण पारिवारिक व्यक्ति भी हैं। वह सभी परिवारों के लिए भावनाओं को छूने का बेहतरीन काम करते हैं। इसमें उनकी शानदार कूल वाइब्स और एक सुकून भरी मुस्कान को जोड़ दें, और संदेश घर-घर तक पहुंच जाता है! इस हालिया कैम्पेन के माध्यम से, जेड ब्लैक का उद्देश्य संतुलन और मानसिक स्पष्टता प्राप्त करने के साधन के रूप में रोजमर्रा की प्रार्थनाओं को शामिल करने के फ़ायदों पर संवाद करना है।

मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस एंड जेड ब्लैक के निदेशक अंशुल अग्रवाल ने कहा, ''हम एक सच्चे आइकन एमएस धोनी के साथ फिर से सहयोग कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। एक ब्रांड के रूप में, हम समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हमारा मानना है कि यह कैम्पेन व्यक्तियों को दैनिक प्रार्थनाओं के लिए समय निकालने के लिए प्रेरित करेगा, उनके आध्यात्मिक विकास का पोषण करेगा।''

ओबेरॉय आईबीसी का बनाया गया यह टेलिविजन कमर्शिअल त्योहारी सीज़न के लिए न्यूज़ और जीईसी चैनलों में 360-डिग्री दृष्टिकोण के साथ चलाया जाएगा और इसके साथ एक मजबूत सोशल मीडिया और ऑनलाइन जुड़ाव रणनीति भी होगी, जो दर्शकों को हैशटैग मनकीशांति का उपयोग करके दैनिक प्रार्थनाओं के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## समर्पित कार्यकर्ता धीरज को मिला भिवानी जिला मीडिया कॉर्डिनेटर का दायित्व

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



धीरज अखरिया।

**करीब** 25 साल से भिवानी जिला कांग्रेस में समर्पित कार्यकर्ता के रूप में बिना किसी पद लालसा के काम करते आ रहे धीरज अखरिया को जिला मीडिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अब से पहले वे जिला मीडिया प्रभारी भी रह चुके हैं। पार्टी की नीतियों और विचाराधा के प्रचार, प्रसार के लिए धीरज अखरिया ने पूरे समर्पण से काम किया है।

उनके परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। खुद के निर्णय से ही वे कांग्रेस से जुड़े। जमीन से जुड़कर उन्होंने वर्षों तक पार्टी के लिए काम किया है। वरिष्ठ नेताओं से सम्पर्क उनका सदैव रहा है। कभी किसी पद की मांग उन्होंने नहीं की। पार्टी ने जो काम दिया, उसे समर्पण भाव से किया। शील स्वभाव, मृदुभाषी उनके आचरण का विशेषता है।


मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले धीरज अखरिया ने भिवानी जिला कांग्रेस में मीडिया कॉर्डिनेटर के पद पर नियुक्ति के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, एआईसीसी सदस्य संदीप सिंह और हरियाणा कांग्रेस के मीडिया प्रमुख चांदवीर हुड्डा का आभार जताया है। धीरज अखरिया ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे सदैव खरे उतरेंगे। और अधिक जिम्मेदारी के साथ पार्टी हित में, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। सभी से कॉर्डिनेशन उनकी प्रमुखताओं में होगा। गौरतलब है कि लंबे समय बाद हरियाणा कांग्रेस संगठन का गठन हो रहा है। इसकी शुरुआत पार्टी ने मीडिया विभाग से की है।


प्रदेश कांग्रेस मीडिया एवं कम्युनिकेशन इंचार्ज चांदवीर हुड्डा ने हरियाणा के 18 जिलों के मीडिया कॉर्डिनेटर व जिला प्रवक्ताओं की नियुक्ति सूची जारी की। इसमें भिवानी जिला से कर्मठ कार्यकर्ता धीरज अखरिया का भी नाम रहा।

## इस रक्षाबंधन पर QNET के शानदार प्रोडक्ट्स का आनंद उठाएं

**किन्नरी ज्वैलरी और फिज़ियो रेडियंस स्किनकेयर**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**रक्षा बंधन,** भाई-बहनों के बीच अटूट बंधन का प्रतीक एक शाश्वत परंपरा है, जो सामान्य से कुछ अलग हटकर तोहफ़ों के ज़रिये अपना प्यार व्यक्त करने का बेहतरीन मौक़ा है। इस वर्ष कुछ हटकर करें और QNET की अनोखी फिज़ियो रेडियंस स्किनकेयर रेंजजो कि स्विट्ज़रलैंड में विकसित की गई है, और अव्वल दर्जे की शानदार प्रीमियम किन्नरी ज्वैलरी को अपनाएं। त्यौहारों के इस सीज़न में महिलाएं अपने स्टाइल को बेहतर करने और सेल्फ-केयर को बढ़ावा देने की कला सीख रही हैं। QNET की फिज़ियो रेडियंस रेंज के ज़रिये आप केवल अपनी त्वचा की देखभाल ही नहीं कर रहे बल्कि आप सेल्फ़-लव व केयर की भावना को भी अपना रहे हैं। किन्नरी ज्वैलरी क्लैक्शन का हर पीस ख़ूबसूरत यादों और शाश्वत प्रेम के प्रतीक के तौर पर विकसित किया गया है। सेहत, नफ़ासत और भव्यता के अनोखे मेल से राखी के इस त्यौहार को एक शानदार यादगार बनायें।

**फिजियो रेडियंस स्किनकेयर रेंज उपहार में दें** : एक बेहतरीन हेल्दी एजिंग स्किन-केयर कलेक्शन - QNET की फिज़ियो रेडियंस रेंज के ज़रिये चमकदार और युवा त्वचा प्राप्त करने के सीक्रेट को जानें। सौंदर्य के पारंपरिक मानदंडों को पीछे छोड़ कर डिज़ाइन की गई, फिज़ियो रेडियंस लाइन प्रीमियम एक्टिव इनग्रेडिएंट्स, प्रीबायोटिक्स और प्रोबायोटिक्स का मिश्रण है जो त्वचा की मरम्मत करती है, मजबूत करती है, फिर से जीवंत करती है और उज्जवल बनाती है। यह रेंज बेहतरीन त्वचा संतुलन प्रदान करने, झुर्रियों को कम करने, त्वचा की टोन को बहाल करने और एक नया जीवन देने का काम करती है।

इस रेंज में जेंटल फोमिंग क्लींजर, बूस्टिंग एसेंस, फर्मिंग एंड लिफ्टिंग डबल सीरम, रिपेयर आई क्रीम, रिस्टोरिंग डे क्रीम, रीजेनरेटिंग नाइट क्रीम, विज़ेज+ और विज़ेज+ जेल शामिल हैं। आपके स्किन-केयर के तरीक़ों को नई ऊंचाई पर ले जाते हुए हम आपकी त्वचा को हमारे शानदार सिक्स-स्टेप स्किन केयर प्रोग्राम के ज़रिये उसके प्राकृतिक संतुलन को फिर से जीवंत करने और बनाए रखने के लिए ज़रूरी तत्व मुहैय्या कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**QNET किन्नरी ज्वैलरी से बढ़ायें अपनी सुंदरता :** आज की दुनिया में जहां आधुनिक महिला अपनी पसंद में बेहद समझदारी रखती है, वह ऐसे गहनों की तलाश करती है जो उसके मज़बूत और संयमित व्यक्तित्व को प्रस्तुत करें। किन्नरी मीरा और डेज़ी आधुनिक महिलाओं के लिए तैयार किए गए समकालीन डिज़ाइन पेश करती हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व में निखार आता है। ये आभूषण सेट न केवल उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं बल्कि उन्हें औरों से अलग भी करते हैं। हरेक पीस एक बेहतरीन मास्टरपीस है, टाइमलेस ब्यूटी का सिंबल है। QNET द्वारा रॉयल किन्नरी ज्वैलरी कलेक्शन, एक अनोखी रेंज है, जो 14K सोने में की गई कारीगरी है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 30 अगस्त, 2023



# ग्रामीण रूटों पर बस नहीं, रक्षाबंधन पर कैसे लाभ उठाएंगी महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**ग्रामीण** क्षेत्र में रोडवेज की बस सेवा नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हरियाणा सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर महिलओं को दी जा रही फ्री बस सेवा का फायदा नहीं उठा पाएंगी। महिलाओं को अपने खर्चे पर ही भाईयों को राखी बांधने के लिए जाना पड़ेगा।




ग्रामीण महिलाओं में सरकार के खिलाफ नाराजगी है। महिलाओं ने सरकार से रक्षाबंधन पर रोडवेज की बस सेवा शुरू करने की मांग की है, वे भी हरियाणा सरकार की फ्री बस सेवा का फायदा उठा सकें। ग्रामीण क्षेत्र में पलवल से यादूपुर, कलवाका, मोहना, जटौली, मडंकौला, होडल-हसनपुर, बामनीखेड़ा-हसनपुर, सिहोल, चांदहट, घोड़ी, अच्छेजा, बल्लभगढ़-मोहना, कोंडल, बल्लभगढ़-सोहना आदि ग्रामीण रूटों पर रोडवेज की बस सेवा नहीं है। हरियाणा सरकार हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को भाईयों को राखी बांधने जाने के लिए फ्री बस सेवा देती है। जिससे सभी बहनें अपने भाईयों को अधिक से अधिक राखी बांध सकें। परंतु कुछ सालों से ग्रामीण रूटों पर रोडवेज की बस सेवा बंद कर दी गई है। जहां है वहां भी केवल एक दो ही बसें पूरे दिन में चलती है। ग्रामीण रूटों पर रोडवेज की बस सेवा नहीं होने की वजह से महिलाओं को सैंकड़ों रुपये खर्च करके अपने भाईयों को राखी बांधने जाना पड़ता है।



**रोडवेज** विभाग को रक्षाबंधन के अवसर पर ग्रामीण रूटों पर रोडवेज की बसें चलानी चाहिएं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी हरियाणा सरकार की फ्री बस सेवा का फायदा उठा सकें। ग्रामीण रूटों पर रोडवेज की बसें नहीं होने से महिलाओं को सैकड़ों रुपये खर्च करके अपने भाईयों को राखी बांधने जाना पड़ता है।

**-गीता रावत**



**ग्रामीण** रूटों पर चलने वाली रोडवेज की बसों रोडवेज विभाग की तरफ से बंद कर दिया है। उनकी जगह ज्यादातर रूटों पर निजी बसें चलती हैं। निजी बसों के मालिक सरकारी की फ्री बस सेवा को अपनी बसों में लागू नहीं करते हैं। जिससे ग्रामीण रूटों की महिलाएं सरकार की फ्री बस सेवा का फायदा नहीं ले पाती हैं।

**-पार्वती देवी**

# पंजाब से कानपुर ले जाई जा रही 130 पेटी शराब पकड़ी

### ऑक्सीजन टैंक के बीच छुपाकर लाई जा रही आठ लाख की शराब

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**सीआईए** पलवल प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद इलियास की टीम ने पंजाब से कानपुर, उत्तर प्रदेश शराब की 130 पेटियों को ले जा रहे गाड़ी मार्का छोटा हाथी व उसके चालक को काबू किया है।

डीएसपी हेड क्वार्टर ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सीआईए पलवल में तैनात हेड कांस्टेबल अजीत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल क्राइम केएमपी टोल टेक्स पर मौजूद थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि गाड़ी छोटा हाथी अशोक लीलैंड, जिसमें ऊपर तिरपाल लगा हुआ है। जिसका चालक अपने मालिक की मिलीभगत से पंजाब से अवैध शराब भरकर ला रहा है तथा केएमपी एक्सप्रेसवे से उतरकर होडल आगरा होकर कानपुर उत्तर प्रदेश जाएगा।

सूचना पर केएमपी एक्सप्रेसवे टोल टैक्स से थोड़ा आगे नाकाबंदी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद एक छोटा हाथी आता हुआ दिखाई दिया, जिसको रुकने का इशारा किया तो चालक सामने पुलिस को देखकर अपनी गाड़ी को टोल टैक्स से नाकाबंदी तोड़ कर पलवल की तरफ भगाने लगा। लेकिन पुलिस उसको धर दबोचा।

चालक की पहचान नीटू निवासी विशाल नगर सोनीपत के रूप में हुई। टीम ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी के केबिन के अंदर एक पीली नंबर प्लेट मिली। गाडी की बॉडी से तिरपाल खुलवाकर चेक किया तो एक ऑक्सीजन टेंक रखा हुआ मिला, जिसमें शराब की पेटियां भरी हुई मिलीं। जिनमें अंग्रेजी शराब इंपीरिअल ब्लू की 40 पेटी बोतल, 50 पेटी पव्वा तथा 40 पेटी अध्धा, कुल 130 पेटी शराब अंग्रेजी बरामद हुई। गाड़ी चालक से जब उस शराब संबंधी लाइसेंस व परमिट मांगा तो उसने एक फर्जी ई वे बिल पेश किया। जिसकी जांच करने पर कोई किसी प्रकार का वैध होना नहीं पाया गया।

शराब एवं गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ 420, 467, 468, 471, 120बी आईपीसी एवं आबकारी अधिनियम से संबंधित धाराओं के तहत थाना कैंप पलवल में दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर शराब तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने के लिए रिमांड पर लिया जायेगा, ताकि अवैध नशा तस्कर गैंग का खुलासा हो सके। इस नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# नौवीं कक्षा की छात्रा को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया

**पलवल।** नौवीं कक्षा की छात्रा से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि एक युवक ने छात्रा के फोटो के साथ अपनी अश्लील फोटो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर अपने घर बुलाया। इसके बाद नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो युवकों ने उससे दुष्मर्क किया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुशीला देवी के अनुसार, शहर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। उनके घर से स्कूल का रास्ता तुषार के घर के आगे से गुजरता है। आरोप है कि तुषार ने उसकी नाबालिग 15 वर्षीय बेटी का स्कूल जाते समय रास्ते से फोटो खींच लिया। इसके बाद फोटोशॉप से अपने साथ अश्लील फोटो बनाकर उसकी बेटी को दिखाया। उसके बहाने ब्लैकमेल कर उसकी बेटी को फोटो डिलीट करने के बहाने घर बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसको वायरल करने का डर दिखाकर तुषार ने कई बार दुष्मर्क किया।

इसी दौरान तुषार का दोस्त विपिन उनके घर आने लगा और एक दिन उसकी बेटी को घर पर अकेली देखकर कहा कि तेरी और तुषार की अश्लील वीडियो उसके पास है, उसके साथ संबंध बना ले नहीं तो वायरल कर दूंगा। उसने दुष्कर्म का प्रयास किया। लेकिन उसकी बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया और तुषार को बुलाकर ले आया। दोनों ने उसकी बेटी को धमकी दी कि यदि तुने इस बारे में किसी को बताया तो तेरी फोटो व वीडियो वायर कर देंगे और तुझे व तेरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद उसकी बेटी डरी व सहमी से रहने लगी। परिजनों ने जब अपनी बेटी को इसका कारण पूछा और साथ देने का वादा किया तो उसने पूरी घटना अपनी मां को बता दी। नाबालिग की मां ने इसकी लिखित शिकायत महिला थाना पुलिस को दी।

# मकान में अवैध पटाखे बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने सूचना के आधार पर पटाखे जब्त किए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**क्राइम** ब्रांच पलवल ने अवैध पटाखों के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। स्टाफ ने सूचना पर महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित एक मकान में रेड की। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध बिक्री के लिए रखे पटाखे बरामद किए।

क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी मोहम्मद इलियास ने बताया कि स्टाफ में तैनात सहायक उप निरीक्षक मेहरचंद के नेतृत्व में टीम हुडा सेक्टर-दो पर गश्त कर रही थी। उसी दौरान मेहरचंद को सूचना मिली कि महाराणा प्रताप कॉलोनी निवासी विनोद अपने घर में तेज आवाज में फटने वाले पटाखे, फुलझड़ी, अनार व रॉकेट बिना लाइसेंस के बेच रहा है।

एनसीआर में पटाखों की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, इसके बावजूद घर में छिपाकर बेच रहा है। सूचना मिलते ही मेहरचंद ने अपनी टीम को साथ लेकर बताई गई जगह पर रेड की। वहां पर एक युवक अपने घर के कमरे में पटाखे, फुलझड़ी, रॉकेट व चक्र बेचता हुआ दिखाई दिया। जिसे टीम ने मौके से ही हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना नाम-पता महाराणा प्रताप कॉलोनी निवासी विनोद बताया।

पुलिस ने कमरे में रखे हुए पटाखों की गिनती की तो उनमें बिजली पटाखे के 100 पैकेट, फुलझड़ी के 160 पैकेट, रॉकेट के 30 पैकेट, बुलेट बम के 178 पैकेट, अनार के 85 पैकेट, लक्ष्मी बम के 10 पैकेट, सुतली बम के 30 पैकेट व चक्कर के 55 पैकेट बरामद हुए। काबू किए गए युवक से पटाखों का लाइसेंस व परमिट मांगा तो वह कोई कागजात पेश नहीं कर सका। टीम ने बरामद पटाखों व बम को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एक्सप्लोसिव एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोपी से बरामद पटाखों के बारे में पूछताछ की जा रही है कि वह इन्हें कहां से लेकर आता है।

# जीव स्कूल में रक्षा बंधन परंपरागत तरीके से मनाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में भाई बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपनी कला एवं प्रतिभा का परिचय देते हुए कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और कार्यक्रम को अद्भुत सुंदरता प्रदान की।

कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रक्षा बंधन का महत्व समझाने के लिए एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। इस लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों को श्री कृष्ण और द्रोपदी के भाई बहन के पवित्र बंधन के विषय में बताया गया। कक्षा बारहवीं के छात्र नव्या ने भी भाई बहन के प्रेम से संबंधित बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने भी भाई बहन के प्रेम पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। छात्रों ने भाई बहन के प्रेम से संबंधित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, स्वरचित कविता प्रस्तुत की, एक नृत्य भी प्रस्तुत किया। वहीं किंडर गार्डन में भी नन्हे बच्चों ने बेहद अनोखे अंदाज में यह पर्व मनाया। सभी छात्र पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में उपस्थित हुए, छात्रों ने आपस में एक दूसरे को राखी बांधी, मिठाई खिलाई। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव, प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने सभी को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में रक्षाबंधन का त्योहार खूब धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सातवीं कक्षा की छात्रा रौशा ने मंच संचालन का कार्यभार संभालते हुए नैतिक आर्या व मेधा को इस त्योहार से संबंधित नए शब्दों की जानकारी देने व शुभ विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। उसके बाद छात्र जीविका ने रक्षाबंधन से संबंधित बहुत ही सुंदर कविता का गायन किया। साक्षर, जय तथा शिवांश ने इस त्योहार को मनाए जाने के कारणों पर अपने विचार सांझा किए तथा अलग-अलग कहानियां प्रस्तुत कीं। सातवीं कक्षा के छात्रों ने नृत्य प्रशिक्षक मनीष व संगीत प्रशिक्षक राजन मालिक के निर्देशन में सुंदर नृत्य व गीत की प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इसके साथ ही तीसरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें छात्रों ने बहुत ही उत्साहित होकर भाग लिया तथा अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तीसरी कक्षा से नव्या व एश्विन ने चौथी कक्षा के हार्दिक व ऋषिका ने तथा पांचवीं कक्षा की परिधि व कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने छठी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों द्वारा बनाई गई रखियों में से सर्वोत्कृष्ट राखी बनाने वाली कक्षा की घोषणा करते हुए उन्हें मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया व हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# रक्षाबंधन पर बहन ने भाई को लीवर देकर दिया नया जीवन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**महिलाएं** केवल जननी ही नहीं हैं, जरूरत पड़ने पर अपने भाई, पिता, बच्चों को बचाने के लिए अंग दान कर जीवनदाता भी बनती हैं। रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार पर बहन भाई को राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र की कामना करती है और भाई उसकी रक्षा करने का वचन लेता है। लेकिन फरीदाबाद सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो एशिया अस्पताल में एक ऐसा मामला आया, जहां रक्षाबंधन से पहले एक बहन ने अपने लीवर का हिस्सा दान कर भाई की जान बचाई है।

मैरिंगो एशिया अस्पताल में लीवर ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. पुनीत सिंगला ने बताया कि जब लीवर की एंड स्टेज बीमारी से ग्रस्त पंजाब निवासी 40 वर्षीय बूटा सिंह हमारे पास लाया गया तो उस समय मरीज बेहद गंभीर हालत में था। मरीज पूरी तरह होश में नहीं था, लो ब्लड प्रेशर था और पेशाब भी कम आ रहा था। जांच करने पर पता चला कि मरीज को गंभीर पीलिया और पेट में पानी भरा हुआ था। उसके शरीर की मांसपेशियां भी कमजोर थीं। साथ ही किडनी संबंधित समस्या भी थी। वह पिछले 2-3 साल से इस बीमारी से जूझ रहा था। ठीक से इलाज न होने के कारण मरीज की जान को खतरा बढ़ रहा था।

ऐसी स्थिति में तुरंत लीवर ट्रांसप्लांट एकमात्र ऑप्शन होता है। जिंदगी और मौत से लड़ता देख मरीज की पत्नी लीवर देने आगे आई, लेकिन वह लीवर डोनेट करने के लिए फिट नहीं थी। हालात बिगड़ते देख मरीज की बड़ी बहन 45 वर्षीय शरणजीत कौर आगे आईं। मेडिकल फिट होने पर बहन ने स्वेच्छा से भाई को लीवर का एक हिस्सा दिया और फिर मरीज का सफलतापूर्वक लीवर ट्रांसप्लांट किया गया। स्वस्थ होने पर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया।

डॉ. पुनीत सिंगला ने कहा कि लीवर ट्रांसप्लांट करने में लगभग 10 घंटे का समय लगा। ट्रांसप्लांट होने के बाद मरीज ने तेजी से रिकवरी की। मरीज अब पूरी तरह ठीक है और चल-फिर रहा है। डोनर भी पूरी तरह से स्वस्थ है। जिन मरीजों को लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, उन्हें समय पर लीवर ट्रांसप्लांट करने से फायदा होता है। वे सामान्य जीवन जी सकते हैं। बता दें कि डोनर से मरीज में लगाया जाने वाला लीवर का हिस्सा आकार में बढ़ जाता है और डोनर के शरीर में बचा लीवर का हिस्सा भी फिर से बढ़ जाता है, क्योंकि यह हमारे शरीर का एकमात्र ऐसा अंग है, जो फिर से आकार में बढ़ जाता है। इस खासियत के कारण ही लिवर ट्रांसप्लांट प्रोसिजर किया जाता है।

मरीज बूटा सिंह ने उसे जीवन का सर्वोत्तम उपहार देने के लिए अपनी बहन का आभार व्यक्त किया। उसके कहा कि मैं उसके जैसी बहन पाकर स्वयं को बहुत भाग्यशाली मानता हूं। उसने मुझे जीवन में दूसरा मौका दिया है। यह रक्षाबंधन मेरे लिए बहुत खास है। मरीज ने लीवर ट्रांसप्लांट प्रोसिजर सफलतापूर्वक करने और उसकी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए डॉ. पुनीत सिंगला और मैरिंगो एशिया अस्पताल का भी धन्यवाद किया।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद सेक्टर-16ए के शारीरिकी शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मोत्सव अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन कर मनाया गया।

इस एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन डॉ. रुचिरा खुल्लर प्राचार्या के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. विमल प्रकाश गौतम द्वारा किया गया। इस सेमिनार के आयोजन में डॉ. वीना सिंह सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग की अहम भूमिका रही। सेमिनार का उद्देश्य इसकी थीम योग एवं शारीरिक क्रियाकलापों द्वारा आधुनिक जीवन में तनाव से मुक्ति के अनुरूप रहा। एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. कैथरीन बरून जोकि इंडोनेशिया से हैं, ने बतौर मुख्य अतिथि किया और अपने वक्तव्य द्वारा न केवल श्रोताओं का मार्गदर्शन ही किया, बल्कि योग द्वारा हम कैसे खुशहाल जीवन जीकर मानवता को सुरक्षित कर सकते हैं, के बारे में बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमिश्नर के साथ मनाया रक्षा बंधन



**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस नेशनल स्कूल ने रक्षा बंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। रक्षा बंधन के विशेष अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों को फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर को राखी बांधने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। केजी की छात्राएं अनन्या यादव तथा अनाया भड़ाना शाखा प्रमुख रूचि वालिया के साथ पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य, आईपीएस को राखी बांधने उनके मुख्यालय पहुंची। नर्सरी और केजी के नन्हे बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में पूरे उत्साह के साथ विद्यालय आए। स्कूल में लड़कियों और लड़कों ने मिल जुलकर एक दूसरे को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। इससे खुशी और उल्लास का माहौल बन गया। अध्यापिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को रक्षा बंधन के पारंपरिक रीति-रिवाज और संस्कृति से अवगत कराया और बताया कि रक्षा बंधन प्रेम के बंधन का त्योहार है। कार्यक्रम का समापन नर्सरी और केजी के छात्रों द्वारा किए गए नृत्य के साथ हुआ।

### सरस्वती लॉ कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ



**पलवल।** सरस्वती लॉ कॉलेज पलवल में पौधारोपण कार्यक्रम कॉलेज एवं भारत विकास परिषद, पलवल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। पौधारोपण कॉलेज के चेयरमैन अतुल मंगला एवं भारत विकास परिषद पलवल जिला के जिला अध्यक्ष सतीश, महामंत्री नरेंद्र, शाखा अध्यक्ष स्वतंत्र गोयल, शाखा महामंत्री रविदत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं अन्य गणमान्य सदस्य यशपाल गुप्ता, राजेंद्र बंसल, सुनील दत्त शर्मा, अरुण गर्ग एवं अल्पना मित्तल द्वारा हुआ। कॉलेज के छात्र छात्राएं और फेकल्टी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मोनिका गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। छात्रों ने ग्रीन वॉलेंटियर क्लब की भी शपथ ली।

### फणींद्र नाथ शर्मा का ममता चौहान ने किया स्वागत



**पलवल।** प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा हरियाणा फणींद्र नाथ शर्मा का पलवल प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान ने श्री फणींद्र नाथ शर्मा को फूल देकर स्वागत किया गया। प्रदेश संगठन महामंत्री ने पलवल जिले की कोर कमेटी की बैठक ली। इस बैठक में आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। ममता चौहान ने बताया कि फणींद्र नाथ शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और ज्यादा मजबूत हो रहा है। फणींद्र नाथ शर्मा बहुत ही इमानदार व कर्मठ व्यक्ति हैं। विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और आगामी लोकसभा चुनाव में सभी सीटें भाजपा ही जीतेगी।

### स्कूली बच्चों ने डीसी विक्रम सिंह को बांधी राखी




**फरीदाबाद।** रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर मंगलवार को स्कूली बच्चों ने डीसी विक्रम सिंह को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। वहीं डीसी ने भी बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान डीसी ने जिला के सभी लोगों को रक्षाबंधन पर बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है। भारतीय परंपराओं का यह एक ऐसा पर्व है, जो केवल भाई बहन के स्नेह के साथ साथ हर सामाजिक संबंधों को मजबूत करता है। इस लिये यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोड़ने के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है। यह एक ऐसा पावन पर्व है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को पूरा आदर और सम्मान देता है। बहनें अपने भाईयों की कुशल और सफल लंबी आयु की कामनाएं करती हैं। सगे भाई बहन के अलावा अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बंधे होते हैं। जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं।

### केंद्रीय विद्यालय में हर्ष के साथ मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**फरीदाबाद।** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस पर केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 मैदान में बहुप्रतीक्षित खेल दिवस की शुरुआत विद्यार्थियों के उत्साह और ऊर्जा के साथ हुई। समर्पण और टीम वर्क की पराकाष्ठा वाले इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की एथलेटिक कौशल और सौहार्द्र का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे बैनरों और झंडों से सजाया गया था, जिससे उत्साह और प्रत्याशा का माहौल बन गया। ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में प्रतिभागियों की चपलता और गति का प्रदर्शन हुआ, क्योंकि उन्होंने स्प्रिंट से लेकर रिले तक की दौड़ में प्रतिस्पर्धा की। रस्साकशी ने ताकत और रणनीति का एक तत्व जोड़ा, क्योंकि टीमें ताकत और समन्वय की भयंकर लड़ाई में लगी हुई थीं। वॉलीबॉल मैच, खो-खो और हॉकी पेनल्टी शूटआउट प्रतिभागियों की टीम वर्क और समर्पण का प्रमाण थे। इन टीम खेलों ने न केवल कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि सफलता प्राप्त करने में सहयोग और एकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने अपने सदन के अनुसार विभिन्न खेलों में भाग लिया।

### सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में खेल दिवस मनाया गया




**पलवल।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में हॉकी जादुगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर मंगलवार को जिला स्तर पर मैराथन दौड व हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें एक सीनियर वैटर्न एथैलीट खिलाड़ी व अनिल कुमार जिला खेल अधिकारी पलवल द्वारा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हॉकी के लड़के लड़कियों से परिचय किया गया व हॉकी प्रतियोगिता, वालीबॉल मैच, टग आफ वार, प्लैंक चैलेंज खेलों का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभागिता की गई तथा सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट वितरित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को क्रमश: 500, 300 व 200 रुपये नकद इनाम राशि वितरित की गई। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल पलवल के प्रिंसिपल व अनिल कुमार जिला खेल अधिकारी पलवल द्वारा हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। भूषण वालीबॉल प्रशिक्षक, मनोज कुमार बॉक्सिंग प्रशिक्षक, प्रकाश तैराकी प्रशिक्षक, सुमन हॉकी प्रशिक्षिका आदि मौजूद थे।

## नीरज चोपड़ा
### स्वर्ण पदक

**नीरज चोपड़ा** ने स्वयं को अदम्य भावना व असाधारण क्षमता वाले प्रमुख एथलीट के रूप में स्थापित किया है। नीरज चोपड़ा ने रविवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की। वे विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। उन्होंने बूडापेस्ट में पुरुषों के जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। फाइनल में दूसरे प्रयास में नीरज चोपड़ा 88.17 मीटर तक जेवलिन फेंकने में सफल हुए। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक क्षण था और इसकी गूंज खेल के मैदान से बाहर भी सभी जगह सुनाई पड़ी। विश्व जैवलिन थ्रो चैंपियनशिप में विजय प्राप्त कर नीरज चोपड़ा ने अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कर लिया है। इस युवा भारतीय एथलीट की सफलता ने न केवल राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह उनके व्यक्तिगत कॅरियर तथा कुल मिला कर एथलेटिक्स खेलों में भी मील का पत्थर है। नीरज चोपड़ा की विजय एक स्वर्ण पदक से आगे जाती है। यह उनकी अडिग प्रतिबद्धता, अदम्य अनुशासन तथा असाधारण कौशल का प्रतीक है। हरियाणा के एक छोटे से गांव से शुरू हो कर उनकी विश्व मंच तक की यात्रा दृढ़ता और कठोर परिश्रम की यात्रा है। इसमें दुनिया भर के एथलीटों को प्रेरित करने की शक्ति है। नीरज चोपड़ा की सफलता केवल एक स्वर्ण पदक जीतने के बजाय बाधायें तोड़ने तथा सीमायें पार करने की यात्रा है। वे विश्व चैंपियनशिप की जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने न केवल अपनी योग्यता, बल्कि खेलों में भारत तथा खासकर छोटे कस्बों से आने वाले खिलाड़ियों की क्षमता प्रदर्शित की है।



इससे ग्रामीण भारत के करोड़ों नौजवान कुछ बड़ा कर दिखाने के लिए प्रेरित होंगे।

उल्लेखनीय है कि यह ओलम्पिक गोल्ड मैडलिस्ट के लिए आसान उपलब्धि नहीं थी क्योंकि उनकी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं थी और पहले थ्रो में वे केवल 79 मीटर तक ही जैवलिन फेंक सके थे। वे इस प्रयास से प्रसन्न नहीं थे और उन्होंने यह स्कोर दर्ज कराने से इनकार कर दिया। लेकिन एकत्रित लोगों के भारी समर्थन तथा अपनी पूरी क्षमता जुटा कर उन्होंने जब जेवलिन फेंका तो इतिहास बना दिया। मजेदार बात उनका विश्वास भी है क्योंकि जैवलिन के लक्ष्य पर पहुंचने से पहले ही उन्होंने खुशी प्रकट कर दी थी। संयोग से नीरज के प्रशंसक तथा पाकिस्तान के अरशद नदीम दूसरे स्थान पर आए। वर्तमान समय में जैवलिन विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचे नीरज चोपड़ा ने टोकियो ओलम्पिक, 2020 में भी स्वर्ण पदक जीता था, पर पिछले साल वे यूजीन में आयोजित विश्व प्रतियोगिता में केवल रजत पदक प्राप्त कर सके थे। 'विश्व' चैंपियनशिप में केवल एक अन्य भारतीय अंजू बाबी जार्ज को मैडल मिला है। वे पेरिस में 2003 में महिला लांग जंप में कांस्य पदक प्राप्त कर चुकी हैं। भारत के सुपरस्टार जैवलिन थ्रोअर इतिहास में ऐसे तीसरे व्यक्ति हैं जिनको किसी खेल में ओलाम्पिक व विश्व चैंपियनशिप मिली हो। इस प्रकार उनका स्थान चेक गणराज्य के जैन जेलेज्नी व नार्वे के एंड्रियास थोरकिडसन के बाद आता है। नीरज चोपड़ा कई बार कह चुके हैं कि उनकी उपलब्धि केवल उनकी न होकर पूरे देश की है। उन्होंने भारतवासियों को धन्यवाद दिया कि वे देर रात तक उनका जैवलिन थ्रो देखने के लिए जागते रहे। नीरज चोपड़ा ऐसे व्यक्ति हैं जिनसे 'न्यू इंडिया' को प्रेरणा लेनी चाहिए। देश को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीरज चोपड़ा को मुबारकवाद दे कर पूरे देश की भावनायें प्रकट की हैं। वे एक सच्चे रोल माडल हैं। सुपरस्टार को मुबारकवाद।

# ब्रिक्स पर चीनी वर्चस्व का प्रयास

भारत व अन्य सदस्य देशों को सुनिश्चित करना चाहिए कि ब्रिक्स का प्रयोग चीन अपनी वर्चस्ववादी भू-राजनीति के लिए न करने पाए।



**उमंग कोहली**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)




दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन को ऐतिहासिक कहा जा रहा है क्योंकि इसमें आने वाले दिनों में 6 देशों को ब्रिक्स सदस्यता की अनुमति दी गई है। चीन तो पाकिस्तान को भी ब्रिक्स में शामिल करना चाहता था, लेकिन भारत ने इसका घोर विरोध किया। चीन ब्रिक्स में नए सदस्यों को शामिल करने की बहुत जल्दबाजी दिखा रहा था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या चीन ब्रिक्स देशों का प्रयोग अपने भू-राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करना चाहता है? सवाल यह भी है कि इन 6 देशों को ब्रिक्स में शामिल करने का क्या कारण है? इनमें से अधिकांश देश चीन की 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना का हिस्सा हैं और उनकी चीन के साथ एक या दूसरे तरीके से निकटता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर सवाल उठता है कि क्या चीन ब्रिक्स में अपनी रणनीति को आगे बढ़ा रहा है? अनेक कारणों से रूस और चीन के संबंध ऐतिहासिक रूप से इस समय सबसे अच्छे हैं।

दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की अनुपस्थिति के चलते इस सम्मेलन के नतीजे मुख्यतः संगठन में शामिल दो प्रमुख देशों-भारत और चीन की रणनीति पर निर्भर थे। ब्रिक्स सम्मेलन के बाद अनेक रणनीतिकार व राजनीतिक विश्लेषक यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या ब्रिक्स सम्मेलन से भारत रणनीतिक रूप से मजबूत बन कर उभरा है अथवा यह सम्मेलन चीन के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ है? यह इस बार दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन का प्रमुख बिंदु तथा इस सम्मेलन के वर्तमान व भविष्य से जुड़ा असली सवाल है।

ब्रिक्स से जुड़ने वाले नए 6 देशों में ईरान भी शामिल है जो आधिकारिक व अनाधिकारिक रूप से चीन के निकट है। मार्च, 2021 में ईरान और चीन ने 25 वर्ष तक सहयोग के एक दीर्घकालीन समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के 'राजनीतिक, रणनीतिक व आर्थिक' आयाम हैं। चीन और सऊदी अरब भी रणनीतिक सहयोगी हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग का विस्तार ऊर्जा व वित्तीय क्षेत्रों तथा बेल्ट एंड रोड परियोजना तक है। इसके साथ ही दोनों देशों ने अनेक अन्य क्षेत्रों में भी अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिक्स में शामिल एक अन्य एशियाई देश संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के चीन के साथ 'बिरादराना' संबंध हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग तथा उप-राष्ट्रपति वांग क्विशीन की कई बार यूएई यात्राओं के बाद चीन-यूएई संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि संयुक्त अरब अमीरात-यूएई चीन प्रायोजित बेल्ट एंड रोड परियोजना का मजबूत समर्थक रहा है।

ब्रिक्स में शामिल हुए 6 नए देशों में दक्षिण अमेरिका का अर्जेन्टाइना भी शामिल है जिसके चीन के साथ बहुत निकट संबंध हैं। चीन ने अर्जेन्टाइना को लगभग 18 बिलियन डालर उधार दिया है ताकि वह अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ा सके। इस सहायता से दोनों देशों के संबंध नए धरातल पर पहुंच गए हैं। ब्रिक्स में शामिल देशों में मिस्र हमेशा से चीन के बहुत निकट रहा है। हाल ही में मिस्र के राष्ट्रपति अब्दलुल फतह अल-सीसी ने कहा था, 'मिस्र मजबूती के साथ एक-चीन सिद्धान्त का समर्थक बना रहेगा। वह चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के किसी बाहरी शक्ति के प्रयासों का दृढ़ता से विरोध करता है। मिस्र और चीन ने संयुक्त रूप से बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई का समर्थन कर लाभदायक परिणाम प्राप्त किए हैं। मिस्र अपने देश में और ज्यादा चीनी उद्यमों द्वारा निवेश तथा बिजनेस स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करता है।' इसके साथ ही ब्रिक्स में शामिल एक और अफ्रीकी देश इथियोपिया को चीन ने अमेरिकी प्रतिबंधों से लगभग बचा लिया है। इस प्रकार चीन ने इथियोपिया को अपने देश की कंपनियों का बड़ा विनिर्माण केन्द्र भी बना लिया है। चीन-अफ्रीका रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के अनुसार इथियोपिया को चीन का कर्ज 2000 से 2019 के बीच कुल 13.729 बिलियन डालर पहुंच गया था।

हालांकि, ब्रिक्स में शामिल इन सभी 6 नए देशों के साथ भारत के संबंध भी मित्रतापूर्ण हैं, पर ये देश आराम से चीनी एजेंडा आगे बढ़ाते हैं और वे 'एक चीन' विचारधारा का खुल कर समर्थन करते हैं। ये सभी देश वन बेल्ट वन रोड परियोजना का समर्थन करते हैं तथा उनके चीन के साथ विशिष्ट संबंध हैं। ऐसे में अनेक लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या भारत ने अनजाने ही चीनी एजेंडे का समर्थन किया है और वह चीनी-नेतृत्व वाले समूह को आगे बढ़ाने में सहयोगी सिद्ध हुआ है जिसका उद्देश्य पश्चिमी प्रभाव का मुकाबला करना है? सवाल है कि ब्रिक्स के विस्तार से भारत को क्या लाभ होगा? वैसे आने वाले वर्षों में ब्रिक्स का महत्व बढ़ेगा क्योंकि यहां विश्व की जनसंख्या का 40 प्रतिशत रहता है तथा वह विश्व जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान करता है। लेकिन चीन इस तथ्य का प्रयोग अपनी डूबती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कर रहा है।

क्या भारत अपनी जनसंख्या लाभांश का लाभ उठाने के साथ ही उसका विस्तार कर भू-राजनीतिक व आर्थिक शक्ति बढ़ाना चाहता है? भारत की युवा जनसंख्या उसकी शक्ति है, लेकिन क्या हम ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां अपनी विनिर्माण क्षमता का चीन की तुलना में बेहतर प्रयोग कर ब्रिक्स के विस्तार का लाभ उठा सकते हैं? हो सकता है कि ऐसा मामला हो, पर इन सवालों के जवाबों पर भारतीय विदेश मंत्रालय के सर्वोच्च स्तर पर विचार किया जाना चाहिए। इन सवालों के जवाब से ही ब्रिक्स का भविष्य निर्धारित होगा।

यह कोई छिपी बात नहीं है कि चीन के साथ भारत के संबंध गलवान टकराव के बाद सबसे खराब स्थिति में हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत को सावधान रहने तथा चीन के साथ किसी साझा मंच पर जाने में बहुत सतर्कता का परिचय देना चाहिए। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि चीन भारत की तुलना में बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है जो विश्व विनिर्माण में 28 प्रतिशत का योगदान करती है, जबकि भारत का योगदान लगभग 4 प्रतिशत है। चीन अपनी इस स्थिति का लाभ उठाते हुए अपने आर्थिक प्रभुत्व का और विस्तार करना चाहता है। ब्रिक्स में शामिल सभी 6 नए देशों की रणनीतिक स्थिति है, वे महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों पर हैं और उनके सभी बंदरगाह महत्वपूर्ण हैं। ये बंदरगाह व्यापार और नौसैनिक प्रयोग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

यह भी स्थापित तथ्य है कि चीन की नौसेना सबसे बड़ी है। उसका समुद्री नौसैनिक बेड़ा दुनिया में सबसे बड़ा है और वह इन बंदरगाहों का प्रयोग व्यापार तथा भू-राजनीतिक विस्तार के लिए करने की बेहतर स्थिति में है। इन सभी चीजों को देखते हुए ब्रिक्स संगठन में 6 नए देशों को शामिल करने पर गंभीर विचार-विमर्श होना चाहिए क्योंकि इनके चीन के साथ बहुत निकट संबंध हैं। भारत को इस प्रकार ब्रिक्स के विस्तार के रणनीतिक व आर्थिक आयामों की भी गहराई से समीक्षा करनी चाहिए। भारत को सावधान रहने की आवश्यकता है। उसे भविष्य में भी किसी दबाव के अंतर्गत 'वन बेल्ट वन रोड' का हिस्सा बनने की जरूरत नहीं है। वर्तमान समय में चीन और पश्चिमी दुनिया के बीच संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। इस कारण वह पूरी ताकत से एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से नए सहयोगियों को अपने साथ शामिल करना चाहता है। ऐसे में भारत को भी सिंगापुर व दक्षिण कोरिया जैसे देशों को ब्रिक्स में शामिल कराने का प्रयास करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में चीन ब्रिक्स का प्रयोग अपने भू-राजनीतिक औजार की तरह न कर सके। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि समुद्र के महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों पर किसी खास देश का भविष्य में वर्चस्व न स्थापित होने पाए तथा इसके लिए ब्रिक्स का औजार की तरह प्रयोग न किया जाए।

# प्रारम्भिक बाल्यकाल देखभाल व शिक्षा का महत्व

> भारत की प्रगति के लिए बचपन का प्रारम्भिक विकास आवश्यक है। इसलिए देश के प्रत्येक बच्चे की भलाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

**भास्कर चटर्जी**
(लेखक को, भारत में सीएसआर का जनक माना जाता है)



प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) किसी राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत में, एक बड़ी और विविध आबादी वाला देश, ईसीसीई में निवेश इसकी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। देखभाल, पोषण, शिक्षा और सहायक वातावरण प्रदान करके, भारत एक उज्जवल भविष्य को आकार दे सकता है। देश में 0-8 आयु वर्ग के 250 मिलियन बच्चों की एक चौंका देने वाली आबादी रहती है, इसलिए, उनके सर्वांगीण विकास में निवेश करना आवश्यक हो जाता है क्योंकि वे राष्ट्र के भविष्य को आकार देंगे और नए भारत की दृष्टि में योगदान देंगे। अगले 25 वर्ष भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं और हमारी युवा शक्ति इस परिवर्तन की प्रेरक शक्ति होगी, जिसकी नींव आज रखी जानी है। इस निवेश के साथ, भारत सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा दे सकता है, ग्रामीण-शहरी विभाजन को कम कर सकता है और सशक्त नागरिकों के साथ एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

भारत में ईसीसीई के महत्व को कम करके आंका नहीं जा सकता। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, मस्तिष्क के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 6 साल की उम्र से पहले होता है, आमतौर पर 85 प्रतिशत से अधिक। बच्चों के समग्र विकास के लिए ये महत्वपूर्ण वर्ष हैं क्योंकि ये भविष्य की शिक्षा, संज्ञानात्मक क्षमताओं, व्यवहार और स्वास्थ्य की नींव बनाते हैं। महामारी के दौरान प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा में आए विभिन्न व्यवधानों को देखते हुए, इस क्षेत्र पर फिर से ध्यान केंद्रित करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

प्राथमिक देखभाल और शिक्षा के कई दीर्घकालिक लाभों में से एक है समझने की शक्ति में वृद्धि, और सभी शैक्षिक स्तरों पर बेहतर परिणाम जो अंततः उच्च रोजगार क्षमता और जीवन की बेहतर गुणवत्ता को जन्म देंगे। गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा, उचित पोषण और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुंच महत्वपूर्ण घटक हैं जो हमारे युवाओं को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद कर सकते हैं।

बचपन की देखभाल का प्रारंभिक शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव के अलावा, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, स्वस्थ बच्चे स्वस्थ वयस्कों में विकसित होते हैं, जिससे स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर बोझ कम होता है और उत्पादकता बढ़ती है। प्रारंभिक बचपन के विकास पर बेहतर फोकस के साथ, भारत अपनी आबादी के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार कर सकता है।

जबकि भारत सरकार ने हाल के वर्षों में ईसीसीई के क्षेत्र में काफी प्रगति की है, जिसका उदाहरण नवीनीकृत राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसी पहल है, जिसमें प्राथमिक बचपन देखभाल, पोषण अभियान, सक्षम आंगनवाड़ियों और बेटी बचाओ बेटी के सार्वभौमिकरण पर अधिक जोर दिया गया है। पढ़ाओ, सामूहिक कार्रवाई की अभी भी सख्त जरूरत है।

सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने से समग्र समर्थन और अवसर सुनिश्चित करते हुए नवीन समाधान और मॉडल में योगदान दिया जा सकता है। कॉरपोरेट संस्थाओं के फाउंडेशन, सीएसआर और परोपकारी शाखाएं देश के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने में अभिन्न भूमिका निभाते हैं। सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने से प्रगति में काफी तेजी आएगी और बच्चों के विकास के लिए स्थायी परिणाम भी सुनिश्चित होंगे।

हमारे पास बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा किए गए प्रभावशाली कार्यों में संगठनों, सरकारों और समुदायों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के चमकदार उदाहरण हैं, विशेष रूप से यूपी में ईसीसीई के लिए सफल मॉडल लागू करना। और बिहार. बीएमजीएफ ने बाल स्वास्थ्य और पोषण चुनौतियों से निपटने के लिए नवीन रणनीतियों का समर्थन किया है। इसी तरह, यूनिसेफ 17 राज्यों के बच्चों को प्रभावित करने वाले सभी के लिए शिक्षा के अपने आदर्श वाक्य के साथ देश में शिक्षा परिदृश्य को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने राज्य सरकारों के साथ सहयोग किया है और सामुदायिक गतिशीलता कार्यक्रमों का नेतृत्व किया है जहां शिक्षा संकेतक औसत से नीचे हैं।

अक्षय पात्र पोषण पर ज़ोर देता है, जैसा कि उनकी मध्याह्न भोजन योजना से पता चलता है, जिसने हर दिन 2 मिलियन बच्चों को पौष्टिक भोजन का नियमित प्रावधान सुनिश्चित किया है, जिससे उनके स्वास्थ्य, विकास और संज्ञानात्मक क्षमताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। शिक्षा के साथ पौष्टिक भोजन को एकीकृत करके, गैर-लाभकारी संस्था का लक्ष्य कक्षा की भूख को खत्म करना, स्कूलों में अधिक बच्चों का नामांकन करना और स्कूल छोड़ने की दर को कम करना है, जिससे बच्चों की समग्र भलाई पर असर पड़ेगा।

सफल निजी-सार्वजनिक भागीदारी का एक और उदाहरण वेदांता की नंद घर परियोजना है, जो अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की छत्रछाया में एक अखिल भारतीय आंदोलन है, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ियों के पारिस्थितिकी तंत्र को बदलना है। यह स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित नवीन समाधानों के माध्यम से 2 करोड़ महिलाओं और 7 करोड़ बच्चों के जीवन को प्रभावित करेगा।

इस परियोजना में सरकार द्वारा संचालित आंगनवाड़ियों या ग्रामीण डे केयर केंद्रों को पुनर्जीवित करना और भारत के 14 राज्यों के दूरदराज के गांवों में सेवा वितरण के लिए एक क्लास मॉडल प्रदान करना शामिल है। प्रारंभिक बचपन के विकास में निवेश न केवल एक नैतिक और सामाजिक अनिवार्यता है, बल्कि भारत के समृद्ध भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक बचपन के विकास में पीपीपी, व्यापक नीतियों और निवेश को प्राथमिकता देकर, भारत अपने सबसे युवा नागरिकों की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकता है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य बना सकता है।

## आप की बात

### नीरज की सफलता

**नीरज चोपड़ा** ने ओलंपिक के बाद वर्ल्ड एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फिर से गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम विश्व में रोशन किया है। 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में आज भी विश्व भर के सभी खेल प्रतियोगिताओं में जितने मेडल आना चाहिए उनके मुकाबले हमें बहुत कम मैडल मिल रहे हैं। इसके लिए एक क्रिकेट के प्रति दीवानगी और क्रिकेट खिलाड़ियों पर धन की बरसात के कारण युवा अन्य खेलों के प्रति आकर्षित नहीं होते। नीरज चोपड़ा को ही ओलंपिक के बाद लगातार कई गोल्ड मेडल जीतने और वर्ल्ड गोल्ड मेडल जीतने के बावजूद न कोई बड़ी धनराशि मिल रही है और ना ही क्रिकेटरों की तरह करोड़ों रुपए के विज्ञापनों से उनको आय हो रही है। इस मानसिकता को बदले जाने पर ही हमारा युवा वर्ग अन्य खेलों की ओर आकर्षित होगा। हमसे कम आबादी वाला चीन हमारे मुकाबले 10 गुना से ज्यादा पदक जीतता है। क्योंकि चीन में क्रिकेट नहीं होता। खेल मंत्रालय को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उनकी प्रैक्टिस की व्यवस्था के साथ ही पौष्टिक भोजन व संसाधनों की भरपूर व्यवस्था करना चाहिए। ताकि सभी खेलों में देश का श्रेष्ठतम प्रदर्शन सामने आ सके।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कश्मीर की राजनीति

**सुप्रीम कोर्ट** ने भी कहा है कि रद्द किए जाने से पहले धारा 370 व 35 ए ने जम्मू एवं कश्मीर के स्थाई निवासियों को छोड़कर बाकी सभी लोगों को कश्मीर में उनके मूल अधिकारों से वंचित किया था। प्रधान न्यायाधीश के अनुसार, 1954 के आदेश के मुताबिक संविधान का भाग 3 यानी मौलिक अधिकार कानून जम्मू कश्मीर में पहले पूरी तरह से लागू थे, पर बाद में धारा 35ए आई इसमें जम्मू कश्मीर के स्थाई निवासियों को अलग से खास हक दे दिए। इनमें राज्य की सरकारी नौकरी वहीं के लोगों को मिलना तथा जमीन वहीं के लोगों द्वारा खरीदना, आदि शामिल थे। ऐसी स्थिति में हम कह सकते हैं कि धारा 370 हटाने के बाद वहां की जनता को एवं देश की जनता को कई हक प्राप्त हुए हैं। ऐसे में जो लोग अनुच्छेद 370 व 35 ए की बहाली के के लिए लड़ रहे हैं उनका दृष्टिकोण गलत सिद्ध हो जाता है। आज जम्मू कश्मीर की आम जनता स्वयं भी 370 धारा हटाने से काफी खुश है एवं वह स्वयं भी आज अपने प्रदेश में इस धारा की बहाली मांग नहीं कर रही है। कश्मीर की राजनीति अब नए दौर में आ गई है जहां कुछ वंशों का वर्चस्व समाप्त हो गया है। पुराना जमाना अब नहीं आएगा।

–**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### राजनीतिक गठजोड़

**इस बार** राजनीतिक रक्षाबंधन या गठजोड़ तेजी से हो रहा है। जो एक-दूसरे को कभी फूटी आँख नहीं सुहाते थे और अपने-अपने मंच से एक-दूसरे को भला-बुरा तक कहने में नहीं चूकते थे वे आज राजनीति का रक्षा-सूत्र लेकर आपस में एक-दूसरे को बांधने के लिए और बाँध-बांधकर मिलने को आतुर हो रहे हैं। यहाँ तक कि कहीं कोई छूट न जाए या कोई नाराज न हो जाए उनपर अपनी पैनी नजर बिठाये हुए हैं। उनको चिन्ता है कि कहीं हमारा महागठंबंधन रूपी आईएनडीआईए कमजोर न पड़ जाए। पलक झपकते ही 2023 चला जाएगा और परीक्षा रूपी 2024 का तनाव आ जायेगा। आईएनडीआईए गठजोड़ की ममता, सोनिया,नीतीश.अखिलेश,मल्लिका र्जुन, राहुल अपनों के द्वार-द्वार पहुँच रहे हैं या उनसे संचार साधनों से संपर्क कर रहे हैं। इधर मोदी-योगी तथा भाजपा के अन्य नेता देश के मतदाताओं से सीधे और वर्चुअल जुड़े ही हुए हैं। 2024 के चुनावी महायज्ञ की तैयारियों में हर राजनीतिक दल मशगूल है और राजनीतिक रक्षा-सूत्र के जरिये अपनों के साथ मतदाताओं को भी बांधने के प्रयास जारी हैं।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### इसराइल की रणनीति

**लीबिया** में अस्थिरता व अशांति का दौर पहले से जारी है। वहां के प्रधानमंत्री अब्दुल हामिद दबीबे ने सोमवार को विदेश मंत्री नजला अल-मंगौश को बर्खास्त कर दिया। पूरी दुनिया को मालूम है कि इसराइल के साथ रिश्ते बहाल करने का काम वहां के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद अल-मेनफी ने सुश्री नजला अल मंगौश को सौपा था। अब जनता के विद्रोह से ध्यान बंटाने के लिए विदेश मंत्री को बलि का बकरा बना दिया गया। इसराइली अधिकारी कोहेन के अनुसार पिछले सप्ताह इटली की राजधानी रोम में सुश्री नजला मंगौश से वार्ता हुई थी। लीबिया सरकार के आदेश के बिना यह वार्ता होना संभव ही नहीं था। इसराइल फिलिस्तीनियों को किनारे छोड़ कर अन्य इस्लामिक मुल्कों के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करना चाहता है। तेलअबीब ने पहले से ही छह इस्लामिक देशों से कूटनीतिक रिश्ते कायम कर चूका है। इसराइल तथा इस्लामी देशों की सरकारों के संकुचित दृष्टिकोण के कारण फिलिस्तीनी जनता को लगातार अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# वह दिन अब दूर नहीं जब यूपी बनेगा देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था

## फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए सीएम योगी

● कहा, पहले उद्योग जगत में विश्वास का था अभाव, आज आत्मविश्वास से है लबरेज


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूर्व की सरकारों ने राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी के कारण प्रदेश को लगातार पीछे धकेलने का काम किया। नौकरशाही का बैरियर प्रदेश के विकास को बाधित कर रहा था। आज 6 वर्षों के कार्यकाल में जो माहौल बना है ये उसी का नतीजा है कि फिक्की 38 वर्षों के बाद प्रदेश की राजधानी में अपने नेशनल एग्जिक्यूटिव्स के साथ बैठक करने जा रहा है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश वाकई में सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को गोमतीनगर के ताज होटल में आयोजित फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में अंधकार के युग और बीमारू राज्य से उबर कर एक विकसित राज्य की ओर अग्रसर हो चुका है। अब वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा। आप सभी का सकारात्मक योगदान हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस में चौथे स्थान से दूसरा स्थान हासिल किया है, जो सरकार की पिछले 6 वर्षों में कार्य प्रगति की इच्छा दृष्टि को दर्शाता है। किसी भी प्रदेश में निवेश की सबसे पहली आवश्यकता होती है सुरक्षा की, जिसे हमारी सरकार ने भली भांति समझा। उसके नतीजे आज सभी के सामने हैं। प्रदेश में आज अपराध नहीं होते हैं, कोई भी फिरौती के लिए अपहरण जैसे कृत्य नहीं कर सकता है। कोई गुंडा किसी इंडस्ट्री में जा करके गुंडा टैक्स की वसूली और धमकी नहीं दे सकता है। इन सभी से मुक्त हो करके प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में जो नई रैंकिंग हासिल की है, वह आप सबके सामने है। प्रदेश में एंटी भू माफिया टास्क फोर्स गठित करके 64000 हेक्टेयर लैंड को भू माफिया के कब्जों से मुक्त करवा करके इंडस्ट्री के लिए लैंड बैंक तैयार किया गया है। 6 वर्ष पहले बैंक का सीडी (क्रेडिट-डेबिट) रेशियो 42 फीसदी था जबकि आज यह 56 फीसदी तक पहुंच चुका है और बहुत जल्द हम इसे 60 फीसदी तक ले जाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में रिजर्व बैंक के आंकड़े आए हैं, वह समझने के लिए प्राप्त होंगे कि उत्तर प्रदेश आज किस दिशा में आगे बढ़ चुका है। सीएम योगी ने कहा कि इंडस्ट्री के लिए प्रदेश में अनुकूल अवसर हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। प्रदेश अपने बड़े से बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यक्रम को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश में पश्चिमी क्षेत्र के पास अपना इंफ्रास्ट्रक्चर था लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड इन सभी से वंचित था। आज यहां का नजारा कुछ और है। वर्ष 2016 में बुंदेलखंड में भारत सरकार को टैंकर से पानी भेजना पड़ता था। वहीं आज हर घर में नल से पानी पहुंच रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने नोएडा को लूट का अड्डा बना दिया था। आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आपको दिल्ली और वहां का अंतर बहुत स्पष्ट दिखाई देगा। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-23 में 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए, जो उत्तर प्रदेश के प्रति एक विश्वास का प्रतीक है। वर्ष 2017 से पहले जो एमएसएमई सेक्टर दम तोड़ चुका था, वह आज मार्केट में नये रूप में उभरा है। प्रदेश में लागू वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज भारत सरकार की योजना बना गयी है। इस योजना ने प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग के हब के रूप में स्थापित किया है। वर्तमान में प्रदेश का एक्सपोर्ट करीब 2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।

# अधिकारी नहीं सुन रहे तो बेझिझक मुझे बताएं अपनी समस्याः मुख्यमंत्री



● जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं 200 से अधिक लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। आप सबको चिंता करने की जरूरत नहीं है। अगर अधिकारी आपकी समस्या के निस्तारण में हीलाहवाली करते हैं तो मुझे बेझिझक बताएं। उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ये बातें मंगलार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान कहीं। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 200 से अधिक लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने उनकी हर बात इत्मीनान से सुनने के बाद अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गौर करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए और संपत्ति पर जबरन कब्जा करने की शिकायत पर सख्त कानूनी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को गंभीर, संवेदनशील होकर ध्यान से सुनें और त्वरित निस्तारण कराएं, जिससे किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके एस्टिमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। आम जनमानस के स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। निष्पक्ष रूप से हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

## जेलों में राखी बांधने आने वाली महिलाओं के लिए रहेगी समुचित व्यवस्था

**लखनऊ।** कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश के सभी जेलों के वरिष्ठ अधीक्षकों-अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर जेल आने वाली बहनों को अपने भाईयों से मिलने की नियमानुसार समुचित व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा है कि पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती हैं एवं ईश्वर से उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ एवं होने तथा उज्वल भविष्य की कामना करती हैं। गत वर्ष 70448 महिलाओं/बहनों ने राखी बांधी थी। प्रजापति ने निर्देश दिए हैं कि रक्षाबंधन पर्व पर जेलों में निरुद्ध कोई भी बन्दी बिना राखी बंधवाए न रह जाए इसका ध्यान रखेंगे। उन्होंने राखी बांधने आने वाली बहनों से अपील की है कि अपने साथ एक से अधिक राखी लेकर आएं और अधिक से अधिक बन्दियों को राखी बांधें। उन्होंने सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि राखी बांधने आने वाली बहनों को बैठने, पीने का पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था कराएं एवं किसी को भी राखी बांधने में असुविधा न होए इसका ध्यान रखें। कारागार मंत्री ने आज नारी बन्दी निकेतन एवं आदर्श कारागार लखनऊ पहुंचकर वहां निरूद्ध महिला बन्दियों से राखी बंधवाई। इस अवसर पर नारी बन्दी निकेतन की डिप्टी जेलर पुष्पा देवी, सीता मिश्रा, शकुन्तला एवं निरूद्ध बन्दियों में से अर्चना, करिश्मा, मीना, मनोरमा, अफसाना, किरन, सरिता इत्यादि महिलाओं ने मंत्री को राखी बांधी एवं उनके स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने महामण्डलेश्वर राधारानी सरस्वती एवं ब्रह्मकुमारी संस्थान के सहयोग से वहां उपस्थित महिलाओं एवं अन्य बन्दियों को राखी व मिष्ठान का वितरण भी किया। उन्होंने बन्दियों से संवाद स्थापित करते हुए शांतिपूर्वक इस त्योहार को मनाने की अपील की और कहा कि आप जब भी जेलों से रिहा हों तो एक अच्छा नागरिक बनकर ही निकलें।

## फाइलेरिया का मॉपअप राउंड शुरू, कई जिले लक्ष्य के करीब

**लखनऊ।** प्रदेश के फाइलेरिया प्रभावित जिलों में सर्वजन दवा सेवन अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए मंगलवार को मॉपअप राउंड शुरू हुआ है। यह राउंड दो सितंबर तक चलेगा। वहीं प्रदेश के 27 जनपदों में 10 अगस्त से 28 अगस्त तक चले अभियान के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष चंदौली, लखीमपुर खीरी और बस्ती ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां क्रमशः 1758977, 3023484 और 2456972 लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है। वहीं कानपुर नगर, फर्रुखाबाद और फतेहपुर में क्रमशः 3197373, 1543433 और 2160893 लोगों ने दवा का सेवन किया है। प्रदेश स्तर पर औसतन यह आंकड़ा 79 प्रतिशत है। सभी 27 जिलों में कुल 82340546 आबादी को लक्ष्य मानते हुए 64886275 लोगों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया। अपर निदेशक मलेरिया डॉ भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वजन दवा सेवन अभियान अच्छा चला है। अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए अब इस मापअप राउंड में स्कूलों और शहरी क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जाएगा। फाइलेरिया को हाथीपांव भी कहते हैं, यह क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कटौती पर सीएम योगी ने पीएम का आभार जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भारत सरकार द्वारा एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में 200 रुपए की कटौती तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख नए रसोई गैस कनेक्शन का वितरण प्रारम्भ करने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सरकार का यह निर्णय रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर देश व प्रदेश की मातृशक्ति को प्रधानमंत्री का उपहार है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दामों में कटौती से प्रदेश के आमजन को बहुत राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट ने 30 अगस्त 2023 से देश भर के सभी बाजारों में 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती का निर्णय लिया है। इससे सभी एलपीजी उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि यह कटौती प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मार्च 2023 में प्रदान की गई 200 रुपए की सब्सिडी के अतिरिक्त होगी।

# आयुष के सभी अस्पतालों में वीडियोकालिंग के जरिए चिकित्सकों की उपस्थित हो दर्जः दयालु

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आयुष के सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थित अनिवार्य रूप से वीडियोकालिंग के माध्यम से सुनिश्चित करायी जाए। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयुष अस्पताल में दवा की कमी न होने पाये। उन्होंने कहा कि लाइफ सेविंग ड्रग्स की सूची बनाकर सभी अस्पतालों में दवाईयॉं उपलब्ध करायें। जिससे कि इमरजेन्सी समय में मरीजों के काम आ सके।

मंगलवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयुष मिशन एवं यूनानी विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए डा दयाशंकर मिश्र दयालु न अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयुष अस्पतालों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें। उन्होंने आयुष अस्पतालों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने संबधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। आयुष मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जर्जर अस्पतालों की सूची बनाकर मुख्यालय को अवगत करायें ताकि उन पर प्राथमिकता पर कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपदों में आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। डा दयालु ने अधिकारियों को निर्देश देतु हुए कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उनको पूरी तरह से संतुष्ट होने पर ही लिया जाए। ताकि उन भवनों के निर्माण कार्य में कोई कमी न होने पाये। उन्होंने सभी अस्पतालों में पानी की व्यवस्था को शत.प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया के 10 स्पेशल इकॉनमिक रीजंस से जुटेंगे बायर्स

● 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी उत्तर प्रदेश के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए इंटरनेशनल बायर्स में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अगस्त तक 400 से अधिक बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है और आयोजन की शुरुआत होते-होते इसमें और अधिक इजाफा होने की संभावना है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 21 सितम्बर को इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

यूरोप से कुल 15 देशों के 60 बायर्स ने रजिस्ट्रेशन के माध्यम से इंटरनेशनल ट्रेड शो में भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। इसके अलावा वेस्ट एशिया नॉर्थ अफ्रीका (वाना) रीजन से 11 देशों, कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (सीआईएसद्ध के 6 देशों और साउथ ईस्ट एशिया ;एसईएद्ध के 4 देशों से 50.50 बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा अफ्रीका के 11 देशों से 41 बायर्स भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने आ रहे हैं, वहीं लैटिन अमेरिका एंड द कैरेबियन (एलएसी) के 8 देशों और साउथ एशिया (एसए) के 4 देशों से 38-38 बायर्स ने आने की पुष्टि कर दी है। अन्य रीजंस और देशों की बात करें तो नॉर्थ ईस्ट एशिया (एनईए) के 3 देशों से 28 बायर्स, नॉर्थ अमेरिका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (नाफ्टा) के 3 देशों के 18 बायर्स और साउथ पैसिफिक ओशन में स्थित आइसलैंड के समूहों ओशनिया के एक देश के 3 बायर्स इस भव्य शो के साक्षी बनने जा रहे हैं। ट्रेड शो की शुरुआत तक इस संख्या में और अधिक इजाफा होना तय है।

यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी-आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्ट अप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पूरी दुनिया से आ रहे ये बायर्स उत्तर प्रदेश के उत्पादों को देखेंगे और इन्हें ग्लोबल लेवल पर स्थापित करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएंगे। इनके माध्यम से उत्तर प्रदेश के उद्यमी, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माता और निर्यातक अपने उत्पादों की वैश्विक स्तर पर मार्केटिंग और ब्रांडिंग कर सकेंगे। ऐसे में इन बायर्स को प्रदेश के उत्पादों के साथ ही यहां की संस्कृति और संस्कारों के भी दर्शन कराए जाएंगे।

# कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जाम की समस्या से निजात दिलाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● यातायात निदेशालय के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुख्यमंत्री जल्द करेंगे शुभारंभ

**प्रदेश** के शहरों को जाम मुक्त बनाना योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। वह समय समय पर इसको लेकर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश भी देते रहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यातायात निदेशालय ने पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग) में सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने जा रहा है, जहां से प्रदेश के मुख्य शहरों में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाई जाएगी। इसकी स्थापना का काम तकरीबन पूरा हो चुका है। एडीजी यातायात के अनुसार जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा।

एडीजी यातायात बीडी पॉल्सन ने बताया कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को प्रदेश के ऐसे बड़ों शहरों के एंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से जोड़ा जा रहा है, जहां के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। गूगल मैप के जरिए जाम वाले इलाकों को चिन्हित कर उनके बारे में तत्काल स्थानीय यातायात पुलिस के अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। साथ ही जाम खत्म करने के तरीकों के बारे में मुख्यालय स्तर से दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। इससे जुटाए गए डाटा का विश्लेषण कर पता लगाया जाएगा कि किस सड़क पर किस वक्त जाम लगता है। इससे जाम के कारणों का पता लगाना आसान होगा और उसका निदान किया जाएगा। वहीं अगले चरण में बाकी शहरों, राष्ट्रीय राजमार्ग आदि को जोड़ा जाएगा। एडीजी यातायात के मुताबिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वर्तमान में इसे शहरों के आईटीएमएस से जोड़ा जा रहा है। तत्पश्चात इसका शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री से समय देने का अनुरोध किया जाएगा।

# 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक लखनऊ में होगा यूपी स्किल क्वेस्ट-2023 का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● बड़े पैमाने पर स्कूल कॉलेज, व्यापारिक संगठनों और आम जनता की भागीदारी को किया जाएगा सुनिश्चित

**उत्तर** प्रदेश में हो रही औद्योगिक प्रगति के प्रति प्रदेश के युवाओं और आम लोगों को जागरूक करने और इसमें योगदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने एक अनोखी पहल की है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और इन्वेस्ट यूपी 30 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी स्किल क्वेस्ट 2023 का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन भारत के बिजनेस इकोसिस्टम पर युवाओं की भागीदारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा, जो बड़े पैमाने पर स्कूलों, कॉलेजों, व्यापारिक संगठनों और जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। चार अलग-अलग फॉर्मेट में होने वाले इस इवेंट के माध्यम से प्रतिभागियों को कैश प्राइज जीतने का भी अवसर मिलेगा। इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए 25 सितंबर की आधी रात तक रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा। प्रसिद्ध क्विज मास्टर कुशन पटेल और भूषण पटेल इस क्विज सेशन को होस्ट करेंगे। जन इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जाएगा जबकि इसकी फंडिंग कौशल विकास मिशन द्वारा होगी। क्वेस्ट के विजेताओं को कैश प्राइज के अलावा कौशल विकास मिशन द्वारा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

इन्वेस्ट यूपी से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में हो रहे औद्योगिक विकास से युवाओं को जोड़ना और उन्हें तैयार करना है। ताकि पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा दिल्ली-मुंबई का रुख न करें, उत्तर प्रदेश में जो अवसर बन रहे हैं वो उनका लाभ उठा सकें। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में क्यूरियॉसिटी पैदा करना और राज्य में ही बने रहने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों, विभागों के कामकाज से भी रूबरू कराना है। इस क्वेस्ट में सिर्फ यूपी ही नहीं बल्कि किसी भी राज्य के लोग सम्मिलित हो सकते हैं। इंडिया क्विज हमारे देश की विरासत, संस्कृति, उपलब्धियों, इतिहास, भूगोल, विख्यात व्यक्तित्वों और अन्य पर आधारित होगी।

# साल के अंत तक आवागमन को तैयार मिलेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

● अब तक 79 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**उत्तर** प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर लगातार काम कर रही योगी सरकार इस साल के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। अगस्त के तीसरे सप्ताह तक इस एक्सप्रेसवे का तीन चौथाई से अधिक काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्रए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊए आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त होगा। 5876.67 करोड़ की लागत से बन रहा 91 किमी का लिंक एक्सप्रेसवे 91.352 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 5876.67 करोड़ रुपये है। इससे जनपद गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तीव्र संपर्क तथा बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही साथ संबन्धित क्षेत्र के जनमानस को भी एक दूसरे के और निकट लाने में मदद करेगा। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर 25 अगस्त तक अद्यतन जानकारी के अनुसार के अनुसार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का 79 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद, मिट्टी का 96 फीसद पूरा कराया गया है। एक्सप्रेसवे पर कुल प्रस्तावित 341 संरचनाओं में से 331 बन चुके हैं। अन्य के निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। गत दिनों गोरखपुर के कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य मे तेजी लाते हुए दिसम्बर 2023 तक एक्सप्रेस वे को आवागमन योग्य बनाने का निर्देश दिया था। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन शुरू होने के बाद पूर्वांचल के एक बड़े क्षेत्र के लोगों को लखनऊ पहुंचने में बस साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा दिल्ली से लेकर आगरा तक के शानदार सफर का आनंद लोग ले सकेंगे।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत, समय की बचत एवं पर्यावरणीय प्रदूषण का नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। इस एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ ही कृषि, वाणिज्य, पर्यटन तथा उद्योगों की आय को बढ़ावा मिलेगा। एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयोंए विकास केंद्रों तथा कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने के लिए एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में सहायक होगा। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण के लिए योगी सरकार ने बजट में 200 करोड़ रुपये का आवंटन भी कर रखा है। इससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रियल एस्टेट मार्केट में भी उछाल आने की उम्मीद की जा रही है।

एक्सप्रेसवे के निकट इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, मेडिकल संस्थान आदि की स्थापना हेतु भी अवसर सुलभ होंगे। एक्सप्रेसवे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, भंडारण गृह मण्डी तथा दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना हेतु एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

## नवदीप रिणवा ने ग्रहण किया मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद पर कार्यभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देशो के क्रम में नवदीप रिणवा ने मंगलवार को अपराह्न में सचिवए, निर्वाचन विभाग एवं प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके पहले नवदीप रिणवा अलीगढ़ मण्डल के आयुक्त के पद पर तैनात थे। रिणवा ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों से मुलाकात की और कार्यालय के कार्यों के बारे में जानकारी ली।

# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** के एक दिवसीय दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने रामपुर मथुरा ब्लाक के ग्राम अखरी, अंगरौरा, शंकरपुरवा, बाबाकुटी व तटबंध पर रह रहे लोगों का हाल जाना व अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। मंत्री ने गणेशपुर चहलारी बांध पर जाकर निरीक्षण किया, एंव स्थानीय लोगो से उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओँ के निपटारे निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होने ग्राम अखरी के निकट रपटा के निर्माण हेतु परियोजना बनाए जाने के निर्देश सिचाई विभाग के अधिकारियों को दिए और आबादी के निकट रैंप व्यवस्थित कराए जाने के लिए भी निर्देशित किया। बाबा कुटी निवासी उदयभान ने अपने दरवाजे पर सोनल

## ● बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत किट

पैनल न लगने की शिकायत मंत्री से की। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जर्जर व लटकते विद्युत तारों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणो ने प्यारे पुरवा से गोदहा रोड पर पक्का मार्ग बनवाए जाने की मांग रखी। इस पर संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने राहत समाग्री किट, टार्च आदि का वितरण भी बाढ़ प्रभावित लोगों में किया। ब्लाक रामपुर मथुरा क्षेत्र में निरीक्षण के बाद जिला प्रभारी मंत्री ब्लाक रेउसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोलोक कोडर पहुंचे। यहां भी बाढ़ राहत सहायता शिविर में बाढ़ पीड़ितो को राहत किट वितरित की और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को चाभी वितरित की। बाढ़ की आपदा के समय बेहतत कार्य करने पर द्वितीय वाहिनी पीएसी के आपदा राहत दल के कंपनी कमांडर जयवीर सिंह को पुरस्कृत किया। इससे पूर्व रेउसा के अटल चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस दौरान सेवात विधायक ज्ञान तिवारी ने बाढ़ की आपदा से बचाव हेतु क्षेत्र में कराए गए कार्यों के विषय में जानकारी दी और क्षेत्र के लोगों की मांगों से भी अवगत कराया। विधायक ने बाढ़ कटान से बचाव के लिए काशीपुर, मल्लापुर, बजहा, गौढ़ी, रामपुर मथुरा क्षेत्र में अखरी से शंकरपुरवा, व शंकरपुरवा से रजनापुर तक परियोजना की मांग की। उन्होने रेउसा, थानगांव के मध्य तहसील व सीओ सर्किल ऑफिस बनाए जाने की भी मांग की।

# दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में निकाली गयी साइकिल यात्रा

**संवाददाता।** सीतापुर

**संविधान** बचाओ देश बचाओ जनजागरण अभियान के तहत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सपा छात्र सभा दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली गई। विधानसभा महमूदाबाद क्षेत्र की ग्राम सभा इमाम नगर से शुरु हुई साइकिल यात्रा हरिहरपुर, चुनका, बेहमा, सिरौली, दरियापुर, इटैला आदि में भ्रमण किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की नीतियों को आमजन के बीच बताया गया। यात्रा का शुभारम्भ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मोहम्मद कादिर व पहला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हुसैन्द्र यादव और डा. सफीक खान ने सयुंक्त रुप से किया। यात्रा में कौशल कुमार, विनय यादव, दुर्गेश प्रजापति, आभाष यादव, शिव कुमार वर्मा, विनीत यादव, ब्रजराज सिंह, संतोष कुमार, मनीराम गौतम, सुशील कुमार सहित तमाम सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डीएम-एसपी ने की अनुबंधित बस यूनियन पदाधिकारी संग वार्ता, रक्षाबंधन पर्व पर जारी रहेगी सेवा

## ● समस्याओं के निदान, रक्षाबंधन पर निशुल्क बस सेवा देने पर बनी आम सहमति



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मंगलवार** सुबह कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अनुबंधित बस यूनियन पदाधिकारियो संग सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता की, जो सफल रही। बैठक में समस्याओं के निदान, रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं - बालिकाओं को निशुल्क बस सेवाएं देने पर आम सहमति बनी।

बैठक की शुरुआत में डीएम-एसपी के समक्ष यूनियन के पदाधिकारियो ने अपनी समस्याएं रखी, जिसपर अफसरो ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वास्त किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यूनियन के पदाधिकारी प्रशासन से निरंतर संवाद बनाए रखें, प्रशासन उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। आश्वस्त किया कि प्रशासन सघन अभियान चलाकर न केवल नियमों के विचलन पर त्वरित कार्रवाई करेगा बल्कि अनाधिकृत बसों को सीज करेगा।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि अनुबंधित बस यूनियन के पदाधिकारी नियमित प्रशासन के संपर्क में रहे। पुलिस एवम् प्रशासन यूनियन के साथ मिलकर अनाधिकृत बसो के संचालक पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रशासन के आश्वासन पर अनुबंधित बस यूनियन ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश सरकार की घोषणा के क्रम में सभी महिलाओं, बहनों को निशुल्क यात्रा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता जताई। बैठक में एआरटीओ आलोक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक (हरदोई प्रक्षेत्र) अपराजित श्रीवास्तव, एआरएम रोडवेज मुकेश मेहरोत्रा, यातायात निरीक्षक चिरंजीवी मोहन, अनुबंधित बस यूनियन के संरक्षक प्रेम बाजपेई, अध्यक्ष प्रदीप पटेल महामंत्री अपूर्वम मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवक को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल

**बरेली।** बदायूं रोड पर मारपीट का सोमवार रात एक वीडियो वायरल हो गया वायरल वीडियो में दबंग युवक को बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहा है पुलिस ने जांच शुरू कर दीं।सुभाषनगर थाना क्षेत्र में स्थित पटेल विहार कॉलोनी के पास का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें कुछ दबंग बाइक सवार एक युवक को पीटते हुए दिखाई दे रहे है एक आरोपी युवक को पकड़े हुए है,जबकि अन्य आरोपी युवक को घेरकर खड़े है पास में उनकी बाइक खड़ी है युवक के साथ मारपीट की जा रही है ।पटेल विहार और सर्वेदयनगर के स्थानीय लोगों ने बताया कि पटेल विहार के मोड़ पर स्थित शराब की दुकान पर शराब पीने के बाद लोग हंगामा और गाली गलौज करते है जिसके चलते यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है कई बार शराब पीकर सड़क किनारे पड़े रहते है और आपस में लड़ते है इस मामले में करगैना चौकी इंचार्ज ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराकर आरोपियों को चिन्हित किया जाएगा

# डीएम ने सुनी फरियादें, निस्तारण के लिए फील्ड में भेजे अफसर

## ● डीएम ने दिया भरोसा, बोले-जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मंगलवार** को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनता दर्शन में फरियादियों से रूबरू होकर जनसुनवाई की।

जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। डीएम ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ डीएम ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जिलाधिकारी जनता दर्शन में फरियादी मीना पत्नी मगरे निवासी निर्मल नगर ने पीएम आवास के नाम पर कलीम नामक युवक ने ?50 हजार मांगने की शिकायत की। डीएम ने पीओ डूडा अजय सिंह को भेज कर जांच करने हेतु निर्देशित किया। डीएम के निर्देश पर पीओ ने स्थलीय निरीक्षण कर महिला को जांच में अपात्र पाया। शिकायतकर्ता की बहू नीलम पत्नी प्रदीप को पूर्व में पीएम आवास का लाभ मिलने की बात प्रकाश में आई। मीना ने आरोप लगाया कि कलीम पुत्र जलील खान निवासी निर्मलनगर ने बहु नीलम के आवास में 20 हजार एवं जीओ टैग के नाम पर एक हजार सहित कुल ?25000 वसूला। कलीम के संबंध में क्षेत्रीय सभासद एवं अन्य नागरिकों ने भी पैसे वसूलने की शिकायत की। पीओ ने पूरे मामले से डीएम को अवगत कराया। डीएम ने निर्देश दिए कि दोषी कलीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाए। पीओ ने मुकदमा दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दे दी है।

तहसील मितौली ब्लाक बेहजम निवासी वर्षा देवी पुत्री दिनेश कुमार ने डीएम के समक्ष प्रस्तुत होकर विद्यालय द्वारा इंटरमीडिएट की मार्कशीट एवं टीसी न दिए जाने की शिकायत की, जिससे वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रही। डीएम ने डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह को बुलाकर समस्या निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

डीएम के निर्देश पर डीआईओएस ने विद्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र की जांच की। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि छात्रा की छह हजार रुपए फीस बकाया है। छात्रा की दीनहीन दशा देखकर न केवल फीस माफ कराई बल्कि उसका अंक पत्र एवं टीसी दिलवाई।

# बाइक चालक ने साइकिल में मारी टक्कर, साइकिल सवार सहित आधा दर्जन घायल

**निघासन-खीरी।** साइकिल पर मिट्टी लादकर घर जा रहे साइकिल सवार को तेज गति से आ रहे बाइक चालक की टक्कर लगने से साइकिल सवार सहित बाइक पर सवार सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये घायलों को निघासन अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहते पुरवा निवासी रमाकांत अपने चाचा अरविंद के साथ मिट्टी लेने गये थे बोरी मे साइकिल पर मिट्टी लादकर घर वापस आ रहे थे।घर पहुंचने से पहले सामने से तेज गति से बाइक लेकर आ रहे जय प्रकाश, तेजकरण,नीरज तथा महिला नंदरानी के साथ निघासन आते समय साइकिल के जबरदस्त टक्कर हो गयी दुर्घटना के बाद साइकिल सवार सहित उसका चाचा सहीत आधा दर्जन लोग घायल हो गये सभी घायलों को निघासन अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना की सूचना निघासन पुलिस को दे दी गयी।

# कलेक्ट्रेट पहुंची सरस्वती यात्रा, छात्राओं ने डीएम-एसपी को बांधी राखी, खिले चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**मंगलवार** को सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की उप प्रधानाचार्य डॉ सीमा मिश्रा के नेतृत्व में बालिकाओं का एक दल सरस्वती यात्रा लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उन्होंने भाई-बहन के पवित्र रिश्तों के पर्व रक्षा बंधन से पूर्व मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा को राखी बांधकर राखी का त्योहार मनाया। छात्राओं ने डीएम-एसपी को तिलक लगाकर राखी बांधी। अफसरो ने बालिकाओं को उपहार भेट किया।

बालिकाओं ने डीएम, एसपी को राखी बांध कर ईश्वर से लंबी उम्र की कामना की। डीएम एसपी ने बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डीएम ने बालिकाओं के प्रयास की सराहना करते हुए पर्व के महत्व पर रोशनी डाली। रक्षाबंधन पर भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। अब समाज बदल रहा है बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वो हर क्षेत्र में आगे बढ़कर परचम लहरा रही हैं। उन्होंने सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर रोशनी डालते हुए कहा कि वह जिले में किसी भी बेटी को अनपढ़ नहीं रहने देंगे और उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लेते हैं।

विद्यालय की उप प्रधानाचार्य डॉ सीमा मिश्रा ने कहा कि पुलिस और प्रशासन हर समय बहनों की सुरक्षा में जुटी रहती है। उनकी दीर्घायु की ईश्वर से कामना करते हैं। इस शैक्षिक दल में बालिका अनुष्का राजवंशी, प्रतिभा, दृष्टि तिवारी, आयुषी, प्रज्ञा, ज्योति, काजल, प्राजंलि, दीपशिखा, अंजली शर्मा शामिल रही।

# छोटे बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर शिक्षक दें विशेष ध्यान : तान्या सिंह

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**प्राथमिक** विद्यालय जामू में आयोजित शिक्षा चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए एसडीएम तान्या सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं को मनोरंजक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अध्यापकों द्वारा दिया जाना अपेक्षित है ताकि बच्चों में शिक्षा गृहण करने के प्रति अनुराग उत्पन्न हो और ये देश के भावी नागरिक बन सकें।

प्राथमिक विद्यालय जामू में आयोजित इस शिक्षा चौपाल का शुभारंभ सरस्वती वंदना और सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय जामू की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसी अवसर पर एसडीएम तान्या सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चे के भविष्य का आधार है। यदि नीव मजबूत होगी तो भवन भी सुदृढ़ और भव्य होगा। उन्होंनें शिक्षक शिक्षिकाओं का आह्वान किया कि वे छात्र छात्राओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा इस प्रकार दें कि बच्चे उसको बोझ न समझें बल्कि उसे प्रसन्नतापूर्वक गृहण करते हुए अग्रिम विकास की सीढ़ियां तय करें। इसी अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कुवंर वीरेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस शिक्षा चौपाल में इंचार्ज अध्यापक मो0 हारून के अलावा शिक्षक नजमा शाहीन, देवेन्द्र बाजपेयी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सीएम फेलो किरन कुमारी, ग्राम प्रधान नीलकमल, प्रबंध समिति अध्यक्ष वंशीलाल एवं प्रेम तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक प्रियंका जायसवाल द्वारा किया गया।

# नर्सिंग कॉलेजों के बच्चों को बताए गए तनाव से दूर रहने के उपाय

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**नर्सिंग** की पढ़ाई कर रही छात्र छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। वहीं उन्हें मानसिक रोगियों के लक्षणों और गतिविधियों के बारे में बताया गया। इसका उद्देश्य जनमानस में मानसिक बीमारियों को लेकर जागरूकता फैलाना और ऐसे मरीजों को पहचानना था जो मानसिक बीमारियों को समझ नहीं पाते और भूत बाधा के चक्कर में पड़ कर ओझा हकीमो के चक्कर में पड़ जाते हैं। इसे लेकर जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम के द्वारा दो निजी नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला और नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ व जिला मानसिक टीम द्वारा शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई।

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि आजकल हर दूसरा व्यक्ति तनाव से पीड़ित हैं। लोग छोटी-छोटी बातों के बारे इतना सोंचते हैं कि अन्य जरुरी बातों पर उनका ध्यान ही नहीं जाता है। बढ़ा हुआ तनाव हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक हानिकारक होता है। अगर वक्त रहते इस स्ट्रेस और चिंता को कम ना किया जाए तो इसका बुरा असर हमारी ऑफिसियल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर भी पड़ता है। इसे लेकर एलसीडी के अंतर्गत संचालित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा शहर के दो नर्सिंग कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधित स्ट्रेस मैनेजमेंट की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा सृजन नर्सिंग कॉलेज एवं के पी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल ट्रेनिंग कॉलेज मे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट शिविर का आयोजन किया गया।

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला द्वारा शिविर में नर्सिंग कर रहे बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जानकारी प्रदान करने का उद्देश्य था भविष्य में बच्चे मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्याओं की पहचान करते हुए अपने घर परिवार एवं समाज मे मानसिक मरीजों को पहचान कर उनका इलाज करवा क एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण करना था। सृजन कॉलेज में करीब 160 बच्चे व इंदिरा नर्सिंग कॉलेज मे 150 बच्चों को मानसिक स्वास्थ के बारे में बताया गया। शिविर के पश्चात दोनों स्कूलों के बच्चों को सूक्ष्म जलपान का वितरण किया गया। शिविर मे दोनो नर्सिंग कॉलेजो के प्रधानाचार्यों, जनपद के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला साइकेट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय, साइकेट्रिक नर्स विवेक मित्तल सहित कॉलेजो के अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### गुरुनानक देव एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



**औरंगाबाद-खीरी।** गुरु नानक एकेडमी में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मैगलगंज सदरपुर गुरु नानक देव एकेडमी में छात्राओं ने छात्रों को रोली टिका लगाकर राखी बांधी छात्रों ने बहन को चरण छूकर आर्शीवाद लिया और बहनों को उपहार भी दिए । गुरु नानक देव एकेडमी के प्रबंधक जसपाल सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को भाई बहन के अटूट रिश्ते रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### बच्चों को बताए गए आग से बचाव के तरीके

**सीतापुर।** नगर सिधौली के सेक्रेड हार्ट विद्यालय में बच्चों को आग से बचाव के तरीके बताए गए। सिधौली फायर स्टेशन के कर्मियों ने सिलेंडर में आग लगने पर किस तरह उस पर नियंत्रण पाना है, इसका प्रदर्शन किया। फायर स्टेशन प्रभारी सिधौली विजय बहादुर यादव, सहायक प्रभारी रामलखन वर्मा ने बच्चों को बताया की आग लगने पर साहस बनाए रखते हुए बढ़ती आग को बुझाने का प्रयास करना चाहिए। जो तरीके बताए गए है उन तरीकों से आग बुझाएगें तो बड़ा हादसा टल जाएगा। अगर घबराकर दूर भागेंगे तो बड़ी दुर्घटना और जनधन हानि भी हो सकती है। कक्षा 10 की छात्रा वाणी मिश्रा ने प्रयोग करके बच्चों को दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ग्रेगरी परेरा, शिक्षक सौरभ त्रिपाठी, अमित, त्रिपाठी, छात्र अग्रिम मिश्रा, आरव जैन, चौतन्या, गौरव बाजपेई, गौराशं सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

### तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल

**बरेली।** तमंचे के साथ एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद घटना की शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया निजावत खां निवासी कांग्रेस के जिला सचिव हाजी उवैस खान के भाई जुनैद खान का तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इसे पुलिस को ट्वीट करके शिकायत की गई तब पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी ।ज्ञात होकि जुनैद खान के छह-सात फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जिनमें वह तमंचा लेकर पोज दे रहा है इन फोटो को पुलिस को ट्वीट करके शिकायत की गई वही कांग्रेस नेता हाजी उवैस खान ने कहा कि ये फोटो लगभग 15 साल पुराने हैं अब उनके भाई की उम्र 45 साल है और वह 15 साल सऊदी में रहकर आए हैं उन्होंने आरोप लगाया है कि जिन लोगों ने फोटो वायरल किया है, वे जुनैद के पुराने दोस्त हैं और उन्हीं का तमंचा था अब उन लोगों के साथ राजनीतिक गतिरोध होने के कारण फोटो वायरल किए हैं कैंट इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है ।

### बेकाबू कर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**बरेली ।** सर्किट हाउस के पास कार चालक को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ गया इसके बाद बेकाबू हुई कार ने एक के बाद एक तीन बाइकों को टक्कर मार दी जिससे वह सभी घायल हो गए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजकर कार को अपने कब्जे में ले लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक कार सर्किट हाउस के पास से गुजर रही थी अचानक वह बेकाबू हो गई और उसने सामने से आ रही एक के बाद एक तीन मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे चीख पुकार मच गई इसके बाद कार एक पोल से टकराकर रूक गई मौके पर लोगों की भीड़ लग गई घायलों को सड़क किनारे कर पुलिस को सूचना दी गई चौकी चौराहा इंचार्ज टीम के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को जिला अस्पताल में भेजकर कार को कब्जे में लिया ।इज्जतनगर निवासी गजेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि वह बाइक से यूनियन बैंक जा रहे थे वह अपनी साइड में ही थे सामने से आई कार ने टक्कर मार दी बताया जा रहा है कि कार चालक ग्रीन पार्क निवासी मोहित अपने पिता उदय के साथ कार से जा रहे थे सर्किट हाउस के पास अचानक चालक को मिर्गी का दौरा पड़ गया पुलिस ने बताया कि फिलहाल घायलों का उपचार कराया जा रहा है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

### ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर ससुराल जाने के लिए घर से निकला एक युवक रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।संभल जिले के कुड फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रहोली निवासी 20 वर्षीय जितेंद्र पुत्र बृजनंदन कि बीती रात आंवला के रामनगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचे मृतक के घर वालों ने बताया कि योगेंद्र की ससुराल आंवला थाना क्षेत्र में गुलडिया गौरी शंकर मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित है और वह कल दिन में रक्षाबंधन से पहले मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल आने के लिए घर से निकला था लेकिन रामनगर आंवला मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया।

# बालिका से सामूहिक दुराचार, रिपोर्ट दर्ज

**संडीला( हरदोई )।** एक 15 वर्षीय अल्पवयस्क बालिका से तीन लोगों द्वारा क्रूरतपूर्वक दुराचार करके उसे खून से लतपत हालत में घर से बाहर डाल दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत एक गांव निवासी 15 वर्षीय बालिका गांव के पश्चिम देवस्थान के पास गोबर के उपले पाथने के लिए गई थी। बाद में वह ग्राम निवासी राहुल पाल के घर के बाहर लहू लुहान हालत में पड़ी मिली। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने ग्राम निवासी राहुल पाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल पाल उनकी पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाकर अपने घर ले गया। उस समय राहुल के परिवार के लोग लखनऊ गए थे। इसी घर में राहुल, राहुल पाल की बुआ के लड़के तथा एक अन्य लड़के ने उससे बारी बारी बलातकार किया और बेहोशी की हालत में उसे घर के बाहर छोड़कर भाग गए। उक्त पीड़िता को लहु लुहान हालत में गावं की एक महिला ने पड़ा हुआ देखकर घर जाकर सूचित किया। तो पीड़िता के घरवाले उसे उठाकर लाए और सीएचसी बेनीगंज लेजाकर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़िता के पिता द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज हो गयी है। हालांकि इस रिपोर्ट में क्या है अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# शरीफ जाने वाले खानकाहे नियाजिया के सहाबजादगान को किया रवाना

**संवाददाता।** बरेली



**बरेली** की मशहूर व मारूफ खानकाहे नियाजिया के सहाबजादगान जो नजफ करबला व बगदाद शरीफ और अरबईन के सफर के लिए आज दिनाक 29 अगस्त को रवाना हुऐ जिसको फैजानै नियाजिया वेलफेयर सोसाइटी के बानी डॉ कमाल मियां नियाजी नातो मनकबत फूलो का हार व इत्र लगाकर इस अरबईन काफिले को रवाना किया इस काफिले में हस्सान मियाँ नियाजी, अली जैन मियाँ नियाजी, फुजैल मियाँ नियाजी, कायम मियाँ नियाजी, हादी मियाँ नियाजी, उमर मियाँ नियाजी, नकी मियाँ नियाजी, सय्यद मुबारक अली नियाजी, जैद नियाजी, शाहबाज नियाजी आदि बडी तदाद मे एक जत्थे के रूप में यहा बरेली से रवाना हुआ जो पहले सब लोग नजफ शरीफ पहुच कर मौला अली के रोजे पर हाजरी देगा बाद हाजरी के यह सब लोग अरबईन का पैदल सफर को शुरू करेगे जो मौला अली के रोजे से करबला इमाम हुसैन के रोजे पर पहुचँकर पुरा होगा। सोसाइटी की बानी डॉ कमाल मियां नियाजी ने काफिल मे जाने वालो से कहा कि इमाम अली और इमाम हुसैन के रोजे पर पहुंच कर मुल्क के लिए दुआ करे ताकि हमारे मुल्क में अमन चौन बरकरार रहे। वही बाद नमाजे फज्र कुरानखानी हुई और सलातो सलाम पढ़ा गया और मजारात पर हाजरी दि। इस काफिले कों खानकाहे नियाजिया से मिलाद शरीफ पढ़ते हुए बिहारीपुर के रास्ते से हुते हुए जिला पंचयात पर रवाना किया। इस मुके पर हमजा मियाँ नियाजी, कासिम मियाँ नियाजी, मुत्तकी मियाँ नियाजी ,जाहिद मियाँ नियाजी, राजी मियाँ नियाजी,जामी मियाँ नियाजी, हसीन नियाजी, एडवोकेट अबरेज नियाजी, मुजाहिद नियाजी, फैज नियाजी, राशीद नियाजी, यामिन नियाजी, मुरीदीन, मुताल्लेकीन आदि बड़ी तदाद में लोग मोजूद रहे।

# केसीएमटी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**बरेली।** खंडेलवाल कॉलेज बरेली मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया व फिट इंडिया विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के सिंह ने कहा कि इंटरनेट की बढ़ती रफ्तार और बदलते समय के चलते बच्चों ने खेलकूद से काफी दूरी बना ली है, क्योंकि आज बच्चों के पास बैट बॉल की जगह मोबाइल फोन और टैबलेट ने ले ली है । ऐसे में आप विद्यार्थियों को खेल कूद का महत्व समझना अत्यंत ही आवश्यक है। ताकि आप शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके। साथ ही इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु खो खो, दौड़, ऊंची कूद, लेमन रेस आदि खेल प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया। जिसमे एनएसएस , एनसीसी व शिक्षा संकाय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ कल्पना कटियार , डॉ शिव स्वरूप शर्मा एनएसएस अधिकारी सविता सक्सेना , एनसीसी अधिकारी ले रचना व शिक्षा संकाय के सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# मंत्री को अपशब्द कहने वाला सिपाही निलंबित

**बरेली।** पीआरबी पर तैनात एक सिपाही की भाजपा पदाधिकारी से मामूली बात पर हुए विवाद के बाद सिपाही ने कैबिनेट मंत्री को अपशब्द कहे जिसका वीडियो वायरल होने के बाद आज एसएससी में सिपाही को निलंबित करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए।सिरौली थाने की पीआरबी पर तैनात सिपाही रोबिन सिंह को एसएसपी धुले सुनील चंद्रभान ने पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल को शब्द बोलने के आरोप में निलंबित कर दिया ज्ञात होगी सोशल मीडिया पर सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें सिरौली स्टैंड पर खड़े भाजपा श्रम मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुराग पांडे की मोटरसाइकिल में पीआरबी गाड़ी टकरा गई जिससे सिपाही रोबिन सिंह और अनुराग के बीच विवाद हो गया इस दौरान अनुराग ने अपना परिचय देते हुए सिपाही से कहा कि वह पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह का नजदीकी है लेकिन सिपाही ने गुस्से में आकर मंत्री को भी अपशब्द कहे मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ में शामिल किसी युवक ने पूरी बातचीत का वीडियो बना लिया।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद का भारत रत्न से हो सम्मानः सांसद पटेल

संवाददाता। चित्रकूट



**जिले** में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने को संकल्पित चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिले की खेल प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर बुंदेलखंड को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांन्वित करने वाले हाकी के महान जादूगर मेजर ध्यान चंद जी को मरणोरांत भारत रत्न दिलाया जायेगा। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज सभागार में चित्रकूट स्पोर्टस क्लब द्वारा चित्रकूट जनपद में विभिन्न खेलों में अपना विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान समारोह 'चित्रकूट खेल सम्मान 2023' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, चित्रकूट सदर विधायक अनिल प्रधान, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, आदि ने मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा खेलों का महत्व एवं आज खेलों की प्रासंगिकता पर सरगर्मित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर निकली खेल जागरूकता रैली



**फतेहपुर।** मेजर ध्यानचंद्र की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज शाम खेल जागरूकता रैली पटेल नगर चौराहा से पथरकटा चौराहा बाया स्टेट बैंक, एसपी बंगला, बुलेट चौराहा, डीएम आवास, अवन्तीबाई चौराहा, विद्यार्थी चौराहा, कचहरी रोड, पटेल नगर चौराहा पर भारत माता की जय, वन्दे मातरम, खेलेगा इंडिया-बढ़ेगा इंडिया के उदघोष के जागरूकता रैली निकाली गई।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**पुखरायां, कानपुर देहात।** बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से मंगलवार को कस्बा अमरौधा के श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के वजन मापने और स्वास्थ्य संबंधित तमाम जानकारियां दी गईं। यूनिसेफकी ब्लाक मानीटर रूखसाना परवीन ने मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड भरने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों का सही वजन भरा जाए। जिला परियोजना अधिकारी राकेश सिंह एवं सीडीपीओ समर बहादुर सिंह की अगुवाई में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला समन्वयक सूरज सिंह, ब्लाक कोर्डिनेटर श्वेता शर्मा, आशीष कुमार, मनोज कुमार, आशीष मिश्रा आदि ने प्रशिक्षण दिया।

## नगर पालिका को नहीं पीएम मोदी के स्वच्छता मिशन की परवाह

- नगर के कचरे को कोंच रोड पर सड़क किनारे किया जा रहा डम्प
- कचरे से उठती दुर्गन्ध से राहगीरों को हो रही मुश्किल

संवाददाता। जालौन, उरई



**नगर** पालिका परिषद जालौन प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन अभियान को पलीता लगाने में जुटी हुयी है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लाखों रुपयों की लागत से निर्मित कराये गये एमआरएफसेंटर के बाहर सड़क पर ही नगर के कचरे को डम्प कर अपने कर्तव्यों की पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इतिश्री करते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यही अधिकारी स्वच्छता को लेकर दावा को बहुत करते हैं।

लेकिन जब धरातल पर देखा जाता है तो स्थिति ठीक उलट नजर आती है। यह स्थिति तब है जब पालिकाध्यक्षा भाजपा की है।

नगर से निकलने वाले कचरे को रिसाइकिल करने के लिए कोंच रोड पर एमआरएफसेंटर बनाया गया है। जहां सूखे और गीले कचरे को अलग अलग किया जाता है। नगर से निकलने वाले कचरे एमआरएफ सेंटर में ही डंप किया जाना चाहिए। लेकिन पिछले करीब दो माह से कचरा गाड़ियां निकलने वाले कूड़े को एमआरएफ सेंटर से पहले से सड़क के किनारे डंप कर रही हैं। दो माह से सड़क के किनारे डंप हो रहा कूड़ा सड़क तक आ गया है।

कूड़े ने लगभग आधी सड़क को कवर कर लिया है। कूड़े से निकलने वाली बदबू पास ही के गांव उदोतपुरा तक पहुंच रही है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। वहीं, उक्त जालौन कोंच मार्ग पर दिन रात वाहनों का आना जाना लगा रहता है। सड़क पर कूड़ा पड़ा होने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। खासतौर पर रात के समय वाहन निलकने पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। क्योंकि सड़क पर पड़े कूड़े के ढेर के अचानक सामने आने पर वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते हैं। जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

कूड़े के ढेर को वहां से हटाकर एमआरएफ सेंटर पर डलवाने की व्यवस्था नगर पालिका को करनी चाहिए।

# मुख्य सेविका का वेतन रोका तीन प्रभारियों को दी चेतावनी



- जिला पोषण समिति समीक्षा बैठक में सीडीओ ने दिखाए सख्त तेवर

**उरई,** जालौन। जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार उरई में आहूत हुयी।

सीडीओ द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर, बाल पिटारा पर फीडिंग, सैम बच्चों की ई-कवच पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं आंगनबाड़ी कायाकल्प सर्वे आदि पर विस्तृत समीक्षा की गयी। वजन एवं होम विजिट में टीएचआर में परियोजना की स्थिति खराब होने के कारण प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कोंच श्रीमती चन्द्रप्रभा को चेतावनी देते हुये मुख्य सेविका श्रीमती ऊषा देवी का वेतन रोका गया है तथा प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुरा एवं कदौरा को कड़ी चेतावनी दी गयी है। बैठक में समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर की समस्त फीडिंग लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत पूर्ण होनी चाहिये

# रक्षाबंधन त्योहार पर हुए गुलज़ार चित्रकूट के बाजार



**चित्रकूट।** भाई-बहन के रक्षाबंधन के पर्व पर बाजार में दुकानें सज गई हैं। दूर-दराज से आने-जाने वाली बहनें पर्व पर राखी व मिठाई की खरीदारी करने लगे हैं। मंगलवार को रक्षाबंधन पर्व पर बाजार गुलजार हो गया है। जगह-जगह राखी व मिठाई की दुकानें सज गई हैं। बाजार में खासी चहल-पहल व रौनक आ गई है। दूर-दराज से आने-जाने वाली बहनें राखी व मिठाई की खरीद्दारी में जुट गई हैं। रक्षाबंधन पर्व यूं तो 31 अगस्त को है, लेकिन कुछ लोग 30 अगस्त को भी रक्षाबंधन पर्व मना रहे हैं। पर्व के मद्देनजर बाजार खासा गुलजार नजर आ रहा है। जगह-जगह मिठाई व राखी की दुकानें सजी नजर आ रही हैं। इन दुकानों में ग्राहकों की भरमार 29 अगस्त से ही शुरु हो गई है। भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन इस बार भी दो दिन मनाया जायेगा। रक्षाबंधन पर्व बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का वचन लेंगी।

# पुरातत्व विभाग ने पातालेश्वर मंदिर की प्राचीन यज्ञशाला पर ठोंका दावा

- कोतवाल के हस्तक्षेप से प्राचीन यज्ञशाला में भक्तों ने दी आहुतियां

संवाददाता। कालपी, जालौन



**धार्मिक** एवं ऐतिहासिक नगर के प्राचीन पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में स्थित यज्ञशाला प्राचीन है जो कि ब्रिटिश सिमेट्री के सामने स्थित है जिस पर पुरातत्व विभाग अपना दावा ठोक रहा है। मंगलवार को पातालेश्वर में हो रही श्रीमद्भागवत कथा समापन के बाद मंदिर प्रबंधक तमाम भक्तों के साथ यज्ञशाला में हवन करने पहुंचे जहां पुरातत्व विभाग द्वारा गेट लगा दिया गया था जिसमें ताला पड़ा था। मंदिर प्रबंधक बीरेन्द्र पाठक के द्वारा कोतवाली कालपी में सूचना देकर उक्त गेट का ताला खुलवाने की बात कही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर ने पुरातत्व विभाग को सूचना देकर गेट का ताला खुलवाने की बात कही जिस पर पुरातत्व विभाग के सीए वीरेंद्र चौधरी के आदेश पर विभाग के चौकीदार रमेश बाबू ने मौके पर आकर गेट का ताला खोला उसके बाद कोतवाली प्रभारी मंदिर पहुंचे और प्रबंधक वीरेंद्र पाठक के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और निर्विघ्न हवन पूजन करने की संस्तुति की।

## छात्र, छात्राओं ने निभाई राखी की परंपरा



**जालौन, उरई।** भाई बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर नगर के महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में रक्षा सूत्र बंधन की परंपरा का निर्वहन किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर प्रेम सहयोग और सुरक्षा का वचन लिया तो वही इस दौरान विद्यालय के अध्यापकों ने भी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## क्विक न्यूज

### असलहे के बल पर गांव में दहशत फैलायी, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गुरदहा गांव में एक दबंग ने असलहा लेकर जमकर उत्पात मचाया, व गाली गलौज किया जिससे गांव में दशहत फैल गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। गांव के सिद्धगोपाल ने पुलिस को बताया कि गांव का नीरज बंदूक लेकर मेरे घर आ धमका और बहु ममता पत्नी भारतदीन को असलहा के दम पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी इसका विरोध करने पर आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। जिससे लोगो में भय व्याप्त हो गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### नगर पालिका ने सरकारी हैंडपंप में डलवाया सरमसेविल

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर पालिका द्वारा व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी हैण्डपम्प पर समरसेबल डलवा दिया है जिससे लोगो में रोष व्याप्त है। इसमे भाजपा नेता का हाथ बताया जाता है। तकिया मोहाल के लोगों ने सीएम से लिखित शिकायत की है कि लल्लू सोनकर के दरवाजे में सरकारी हैंड पंप लगा था जिसपर नगर पालिका द्वारा व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने की मंशा से उसमें समरसेबल डाल दिया गया जिसको उसने भाजपा के मंडल अध्यक्ष के कहने पर दीवार खड़ा कर हैंडपंप को घर के अंदर कर लिया था जिससे समस्त वार्ड वासी पानी के लिए परेशान हैं। अगर हैण्डपम्प को सार्वजनिक नही किया गया तो वह सड़क पर आकर प्रदर्शन करेंगे। अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहर ने बताया की सभासद के कहने पर समरसेबल डलवाया गया था जिसे विरोध के बाद हटवाने के लिए कहा गया है।

### किशोरी से छेड़खानी के दोषी को पांच साल की सजा

**फतेहपुर।** घर मे घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 15 हजार रुपयों का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार भदौरिया ने बताया कि दो हजार सोलर में थरियांव थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली किशोरी से आरोपी सूरज उर्फपुत्तन निवासी सेमरा ने घर मे घुसकर छेड़खानी की थी। विरोध करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी।

# बाइक चोर गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार, दस बाइकें भी बरामद



संवाददाता। फर्रुखाबाद

- बदमाशों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे हैं दर्ज

**आदर्श** मऊ दरवाजा थाना पुलिस ने आज अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह के चार कुख्यात बदमाशों को 10 चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर आदर्श मऊ दरवाजा थाना प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह ने अपने दल बल के साथ आज तड़के थाना क्षेत्र के ग्राम हजियापुर के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने दो चोरी की बाइको पर सवार चार संदिग्धों को धरदबोचा गया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी दुर्विजय, मैनपुरी जिले के थाना बिच्छवा के ग्राम भनऊ निवासी महेश,फिरोजाबाद जिले के थाना जसराना ग्राम निजामपुर निवासी चंद्रशेखर तथा इसी जिले के थाना अराव के ग्राम वोथरी निवासी भूदेव ने विभिन्न स्थानों से बाइकें चुराकर के नंबर प्लेट को बदलकर तथा चेसिस नंबर को मिटाकर के विक्रय करने का रहस्योद्घाटन किया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए बाइक चोरों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थान से 8 चोरी की बाइकें बरामद की।

उन्होंने बताया कि इस अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह के कुख्यात बदमाशों से पुलिस ने 10 चोरी की बाइकों के अलावा छह चाबियो के गुच्छे एक ग्राइंडर ,एकमास्टर चाबी आदि सामान बरामद किए। बताया कि पकड़े गए कुख्यात बदमाशों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे चल रहे हैं।

## त्योहारों के मद्देनज़र धारा 144 लागू की गई

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने 31 अगस्त को रक्षाबंधन से 24 अक्टूबर 2023 को दशहरा विजयदशमी तक पड़नेवाले 10 बड़े त्योहारों को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए आगामी 25 अक्टबर तक धारा 144 लागू कर दी है। यह जानकारी आज आधिकारिक प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जिले में आगामी 31 अगस्त को बहन भाइयों का रक्षाबंधन पर्व, 6 सितंबर को चेहगुम, 7 सितंबर को श्री कृष्णा जन्माष्टमी, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा, 28 सितंबर को बारावफात, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती, 15 अक्टूबर को महाराज अग्रसेन जयंती, 22 अक्टूबर को दशहरा अष्टमी, 23 अक्टूबर को महानवमी तथा 24 अक्टूबर 2023 को विजयदशमी सकुशल संपन्न करने को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सांप्रदायिक सौहार्द प्रत्येक स्थिति में बनाए रखने के लिए, 25 अक्टूबर तक निषेध आज्ञा, धारा 144 लागू कर पूर्ण रूपेण अनुपालन किया जाना अनिवार्य घोषित किया है।

# सीपी विद्या निकेतन में किया गया अलंकरण समारोह का आयोजन



**कायमगंज**, फर्रुखाबाद। नगर के सी पी विद्या निकेतन में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। क्षेत्राधिकारी कायमगंज सोहराब आलम व अन्य अतिथियों एवं प्रबंध तंत्र के पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। .कार्यक्रम में कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य अतीत के रूप में आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम के नवगठित सभा के छात्र पदाधिकारी द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र वाजपेई ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को बैज लगाये गये। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी। नेतृत्व के गुण को विकसित करने का प्रथम सोपान है। विद्यालय के प्रबंधक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को आगे आने के लिए अपने आंतरिक गुणों को विकसित करने की आवश्यकता है। निदेशक डॉक्टर मिथिलेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को विद्यालय के अनुशासन व्यवस्था में पूर्ण रूपेण योगदान देने हेतु आह्वान किया।

## इन्वेस्टीट्यूर सेरेमनी में छात्रों में दिखी नई उमंग



**फतेहपुर।** मंगलवार को शहर के मदर सुहाग एजूकेशन सेंटर में इन्वेस्टीट्यूर सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के अंदर एक नई उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक मोहित सिंह चंदेल व प्रधानाचार्य डीके श्रीवास्तव की उपस्थिति में हुआ। छात्र संगठन के पद के लिए छात्रों को बारी-बारी से बुलाकर पदों का दायित्व सौंपा गया, जिसमें चार हाउस लाल, नीला, हरा व पीला शामिल हैं। समर्थ नारायण श्रीवास्तव को हेड ब्वाय, शाब्दिका को हेड गर्ल, अभि वर्मा, सत्येंद्र कुमार, प्रियांशु व करन को हाउस कैप्टन, जेया नूर, श्रेया मिश्रा, यूवाक्षी व शिवांशी को वाइस हाउस कैप्टन, पियूष, प्रतिष्ठा, आदर्श, विवेक, तनु, दिशांक, इरम व प्रांशू को स्पोर्ट कैप्टन एवं वाइस स्पोर्ट कैप्टन की कमान सौंपी गई।

## नहर में कूदी बहन को बचाने कूदा दिव्यांग भाई, दोनों लापता

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के दूबेपुर गांव के रहने वाले रंजीत सिंह का 23 वर्षीय बेटा दीपक सिंह का अपनी बहन रानी (22) से किसी बात को लेकर मंगलवार सुबह घर में विवाद हो गया। इससे नाराज होकर रानी घर से करीब तीन किलोमीटर देवमई निचली राम गंगानगर नहर पुल पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चों के पीछे-पीछे दौड़ते हुए मां मीना देवी भी पहुंच गईं। इसके बाद रानी ने नहर में छलांग लगा दी। उसको बचाने के लिए दिव्यांग भाई दीपक भी नहर में कूद गया। मां ने घटना की सूचना पुलिस दी। पुलिस दमकल कर्मियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचकर नहर के पानी को बंद कराया। उसके बाद दोनों की तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस और दमकल कर्मियों के पास उन दोनों की तलाश के पर्याप्त इंतजाम नहीं है।

# पेज एक का शेष

## रक्षाबंधन पर...

चुनावों में इसे प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी ने मध्य प्रदेश में सत्ता में आने पर 500 रुपए की कीमत में एलपीजी देने का वादा किया है। कांग्रेस राजस्थान में भी इसी कीमत पर एलपीजी उपलब्ध करा रही है। दोनों राज्यों में नवंबर-दिसंबर में चुनाव होने हैं। हालांकि, ठाकुर ने इस फैसले को चुनाव से जोड़ने से इनकार करते हुए कहा कि यह ओणम और रक्षा बंधन के अवसर पर महिलाओं को मोदी सरकार की ओर से एक उपहार है। उन्होंने यह नहीं बताया कि कीमत में कटौती की भरपाई कैसे की जाएगी। यह माना जाता है कि खुदरा ईंधन बेचने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां बुधवार से कीमतें कम करेंगी। बाद में सरकार इसकी भरपाई करेगी। अभी यह पता नहीं चला है कि इस फैसले से सरकार के खजाने पर कितना असर पड़ेगा। इस बारे में ठाकुर ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत ग्राहकों को 200 रुपए प्रति सिलेंडर एलपीजी सब्सिडी दी जा रही है, उसकी लागत चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7,680 करोड़ रुपए बैठेगी। उज्ज्वला लाभार्थी केवल 9.6 करोड़ हैं, जबकि 31 करोड़ उपभोक्ता खाना पकाने के लिए रसोई गैस का उपयोग करते हैं। सरकार ने जून, 2020 में एलपीजी पर सब्सिडी देना बंद कर दिया था। देशभर में रसोई गैस की कीमत का निर्धारण बाजार आधारित था। इससे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,103 रुपए हो गई है, जिसमें अब 200 रुपए की कमी होगी। सरकार अगर कीमतों में 200 रुपए की कटौती का बोझ खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों पर नहीं डालकर स्वयं वहन करती है, तो इसका मतलब है कि सब्सिडी व्यवस्था वापस लाई गई है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, सरकार ने देशभर में परिवारों को राहत देने के इरादे से रसोई गैस की कीमत में कटौती की है। बुधवार से देश भर के सभी बाजारों में 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम हो जाएगी। उज्ज्वला योजना के तहत लंबित आवेदनों को निपटाने और सभी पात्र परिवारों को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन देने के लिए सरकार जल्द ही उन गरीब परिवारों की 75 लाख महिलाओं को गैस कनेक्शन देगी, जिनके पास एलपीजी कनेक्शन नहीं है। बयान के अनुसार, ये निर्णय लोगों पर वित्तीय बोझ को कम करने और उनकी बेहतरी के लिए सरकार की तरफ से जारी प्रयासों का हिस्सा है। रसोई गैस के दाम में कमी नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता देने और उचित दरों पर आवश्यक वस्तुओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल...

हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के कारण भारत की बड़ी उपलब्धि पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और वैज्ञानिकों की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव में कहा गया है कि जब पूरा देश चंद्रमा पर मिशन चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न मना रहा है, तब केंद्रीय मंत्रिमंडल भी इस खुशी में शामिल है। इसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल वैज्ञानिकों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना करता है जो सिर्फ देश की अंतरिक्ष एजेंसी की ही सफलता नहीं है, बल्कि भारत की प्रगति और वैश्विक मंच पर उसकी ताकत का भी प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट नोट में कहा गया है कि मंत्रिमंडल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किए जाने का स्वागत करता है। ठाकुर अनुसार, प्रस्ताव में कहा गया है कि चंद्रमा पर उतरना, वो भी पूर्व निर्धारित मानकों पर पूरी तरह खरा उतरते हुए, अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रस्ताव में कहा गया है कि तमाम चुनौतियों को पार करते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरना इस भावना का प्रतीक है कि कैसे हमारे वैज्ञानिक ज्ञान की खोज के लिए हर सीमा के पार जाने के लिए तैयार रहते हैं।

## जी-20...

3:47 बजे नया नक्शा पोस्ट किया। नेचुरल रिर्सोसेस मिनिस्ट्री की ओर से होस्ट की जाने वाली स्टैंडर्ड मैप सर्विस की वेबसाइट पर भी नया नक्शा जारी किया गया है। यह नक्शा चीन और दुनिया के विभिन्न देशों की सीमाओं की ड्रॉइंग पद्धति के आधार पर तैयार किया गया है। इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आर्तरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी। चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' के मुताबिक सोमवार को चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने 11 नाम बदले जाने को मंजूरी दे दी। यह सभी इलाके जेंगनेन (चीन के दक्षिण राज्य शिजियांग का हिस्सा) में आते हैं। इनमें से 4 रिहायशी इलाके हैं। इनमें से एक इलाका अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के बेहद करीब है। चीन ने इन इलाकों के नाम मन्दारिन और तिब्बती भाषा में रखे हैं।

## जम्मू-कश्मीर...

करेंगे। हम इसे रिकॉर्ड करना चाहते हैं। पीठ ने मेहता और अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी से सरकार से निर्देश प्राप्त करने तथा न्यायालय में वापस आने को कहा।

## अधीर चौधरी...

समर्थन और विरोध में कार्यकर्ताओं में हुई झड़प के बाद प्रतिक्रिया देते हुए यह स्पष्ट किया। अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ अबतक सबसे तीखा हमला करते हुए कहा कि ममता बनर्जी बेंगलुरु में 'इंडिया' बैठक में अपने अस्तित्व के लिए कांग्रेस के साथ जुड़ने की कोशिश कर रही है, न कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के अपने मकसद में मदद करने के लिए।

## चंद्रमा की...

जारी हैं...रोवर पर लगे लेजर संचालित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) उपकरण ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सतह में गंधक होने की स्पष्ट रूप से पुष्टि की है। बेंगलुरु में स्थित इसरो के मुख्यालय ने कहा, उम्मीद के मुताबिक एल्युमीनियम, कैल्शियम, लौह, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन का भी पता चला है। हाइड्रोजन की तलाश जारी है। एलआईबीएस उपकरण को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम्स (एलईओएस)इसरो, बेंगलुरु की प्रयोगशाला में विकसित किया गया है।

## दिल्ली में...

अधिक समय को खो देते हैं। सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ युद्ध छेड़ते हुए 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया था। एनसीएपी का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर 2017 की तुलना में 2024 तक कण प्रदूषण को 20 से 30 प्रतिशत तक कम करना रखा गया और उन 102 शहरों पर ध्यान केंद्रित किया गया जो भारत के राष्ट्रीय वार्षिक औसत पीएम 2.5 मानक को पूरा नहीं कर रहे थे। इन शहरों को गैर-प्राप्ति शहर कहा जाता है। सरकार ने 2022 में एनसीएपी के लिए संशोधित लक्ष्य घोषित किया, जिसके तहत राष्ट्रीय के बजाए शहर के स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किया गया। नए लक्ष्य के अनुसार 2025-26 तक 131 गैर प्राप्य शहरों में प्रदूषण को 2017 की तुलना में 40 प्रतिशत तक कम करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि इस संशोधित लक्ष्य को हासिल कर लिया गया, तो इन शहरों के कुल वार्षिक औसत पीएम 2.5 में 2017 की तुलना में 21.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की कमी आएगी, जिससे इन 131 शहरों में रह रहे नागरिकों की जीवन प्रत्याशा में 2.1 वर्ष का सुधार होगा और पूरे भारत में लोगों की जीवन प्रत्याशा में 7.9 महीने की बढ़ोतरी होगी। इन 131 शहरों में से 38 शहर भारत के उत्तरी मैदानों के हैं।

## दिवंगत होमगार्ड की पत्नी को डीएम ने दी तीस लाख की चेक

**फतेहपुर।** देवमई कंपनी में होमगार्ड्स स्वयंसेवक के पद पर तैनात कन्हैयालाल पुत्र स्व. लखनलाल की सेवाकाल के दौरान तीस मार्च 23 को औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ड्यूटी करते समय दुर्गागंज बड़ाहार के पास मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिनकी आश्रिता पत्नी प्रेमलता को विभागीय सहायता अनुग्रह राशि के अर्न्तगत पांच लाख होमगार्ड्स मुख्यालय से पास हो गया। परिवार के किसी एक सदस्य को होमगार्डस स्वयंसेवक के पद नियुक्त किये जाने का प्राविधान है। होमगार्ड कन्हैयालाल के ड्यूटी भत्ते का भुगतान एक्सिस बैंक के सैलरी एकाउंट के माध्यम से किया जा रहा था।

# किम ने सेना से तैयार रहने को कहा

● उ.कोरिया पर आक्रमण की साजिश नाकाम करने का प्रयास

भाषा। सियोल

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से देश पर आक्रमण होने की स्थिति में प्रतिद्वंद्वी देशों की साजिशों को नाकाम करने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरों से निपटने के लिए त्रिपक्षीय नौसैन्य अभ्यास किया। इसके अलावा, अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं पिछले सप्ताह से ग्रीष्मकालीन द्विपक्षीय अभ्यास कर रही हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका की संलिप्तता वाले इस प्रशिक्षण को आक्रमण का अभ्यास करार देता रहा है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि इन



अभ्यासों की प्रकृति रक्षात्मक है।सरकारी समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम ने सोमवार को देश के नौसैन्य दिवस पर कहा कि अमेरिकी नेतृत्व वाली शत्रुता के कारण कोरियाई प्रायद्वीप का जल क्षेत्र परमाणु युद्ध के खतरे के कारण अस्थिर हो गया है। किम ने अमेरिका के अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अभ्यास करने, कोरियाई प्रायद्वीप के पास जलक्षेत्र में अधिक शक्तिशाली अमेरिकी हथियार उपकरणों की तैनाती और हालिया अमेरिका-दक्षिण कोरिया-जापान शिखर सम्मेलन का जिक्र किया। इस सम्मेलन में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम से निपटने के लिए रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर समझौता किया गया। किम ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को तीन देशों के गिरोह आका करार दिया। उन्होंने कहा, मौजूदा परिस्थिति में हमारी नौसेना को युद्ध होने की स्थिति में पूरी तरह तैयार रहने के लिए अपने सभी प्रयास करने की आवश्यकता है ताकि निरंतर सतर्कता बरकरार रखी जा सके और किसी भी आकस्मिक स्थिति में युद्ध को लेकर दुश्मन के मनोबल को तोड़ने के लिए तैयार रहा जा सके। दक्षिण कोरिया की नौसेना ने एक बयान में बताया कि दक्षिणी जेजू द्वीप के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में मंगलवार को दक्षिण कोरियाई-अमेरिकी-जापानी अभ्यास में तीनों देशों के नौसैन्य विध्वंसक शामिल हुए। उसने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य भविष्य में उत्तर कोरियाई मिसाइलों का पता लगाने, उन पर नजर रखने और जानकारी साझा करने की प्रक्रियाओं का अभ्यास करना था। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 दिवसीय द्विपक्षीय अभ्यास 21 अगस्त से शुरू हुआ था। उत्तर कोरिया अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यासों के जवाब में स्वयं मिसाइल परीक्षण करता रहा है। अंतरिक्ष में एक जासूसी उपग्रह का उसका प्रक्षेपण पिछले बृहस्पतिवार को असफल रहा था।

# प्रिगोझिन की अंत्येष्टि में पुतिन के शामिल होने की योजना नहीं

## रूसी राष्ट्रपति कार्यालय ने दी जानकारी

भाषा। सेंट पीटर्सबर्ग

पिछले सप्ताह एक विमान दुर्घटना में मारे गए निजी सैन्य संगठन वैग्नर के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन की अंत्येष्टि में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल होने की कोई योजना नहीं है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। क्रेमलिन प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने यह नहीं बताया कि कहां या कब प्रिगोझिन को दफनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक निजी पारिवारिक कार्यक्रम पर टिप्पणी नहीं कर सकते। सेंट पीटर्सबर्ग के फोनतांका समाचार संस्थान और कुछ अन्य मीडिया संस्थानों ने कहा कि प्रिगोझिन (62) की अंत्येष्टि सेराफिमोवस्कोए क्रब्रिस्तान में की जा सकती है। मंगलवार को क्रब्रिस्तानी की बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों द्वारा घेराबंदी देखी गई, जहां पुतिन के माता-पिता भी दफनाए गए थे। शहर के अन्य क्रब्रिस्तानों में भी पुलिस कर्मियों की मौजूदगी देखने को मिली। बाद में, वैग्नर के साजो-सामान प्रमुख वालेरी चेकालोव की अंत्येष्टि सेंट पीटर्सबर्ग के नार्दन सीमेट्री में की गई। 23 अगस्त को हुए विमान हादसे में प्रिगोझिन के साथ उनकी भी मौत हो गई थी। देश की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी इंवेस्टीगेटिव कमेटी ने प्रिगोझिन की मौत की रविवार को पुष्टि की थी। रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने पिछले सप्ताह कहा था कि प्रिगोझिन (62) और उनके शीर्ष सहयोगियों को लेकर जा रहा एक निजी विमान मॉस्को के उत्तर पश्चिम में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग के बीच रास्ते में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सभी सात यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले सशस्त्र विद्रोह का प्रिगोझिन के नेतृत्व करने के दो महीने बाद यह घटना घटी थी। अमेरिका के शुरुआती खुफिया आकलन से निष्कर्ष निकाला गया था कि जानबूझकर किए गए विस्फोट के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका में भारतीय मूल के दंत चिकित्सक ने कोविड-19 राहत राशि में हेरफेर का आरोप स्वीकार किया

न्यूयॉर्क। अमेरिका मे भारतीय मूल के 46 वर्षीय दंत चिकित्सक ने दो साल तक कोविड-19 राहत राशि में से पांच लाख अमेरिकी डॉलर चुराने और इसका इस्तेमाल निवेश समेत अनुचित व्यक्तिगत खर्चों में करने का का आरोप स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।कैलिफोर्निया मे दंत चिकित्सा की प्रैक्टिस करने वाले रंजन राजवंशी को अप्रैल 2020 से फरवरी 2022 तक उनके और उनके कर्मचारियो के सुविधा खर्च, वेतनमान और सुरक्षात्मक उपकरण जैसे निर्दिष्ट व्यावसायिक उद्देश्यो के लिए लघु व्यवसाय प्रशासन (एसबीए) और अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग (एचएचएस) की ओर से 850,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक की कोविड -19 राहत राशि प्राप्त हुई थी। न्याय विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजवंशी ने राहत राशि में से पांच लाख अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल निवेश जैसे अनुचित व्यक्तिगत खर्चो के लिए करने का आरोप स्वीकार किया। उन्होंने सजा सुनाए जाने से पहले पैसा सरकार को वापस देने पर सहमति जताई।

### पाक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में बुशरा बीबी को 12 सितंबर तक अग्रिम जमानत दे दी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के कई मामलो मे मंगलवार को 12 सितंबर तक अग्रिम जमानत दे दी। बुशरा बीबी (49) अपने वकील लतीफ़ खोसा और इंतिज़ार हुसैन पंजुथा के साथ इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत में पेश हुईं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अदालत ने 500,000 रुपए के मुचलके पर उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। बुशरा बीबी का नाम भ्रष्टाचार के कई मामलो मे शामिल है, जिनमें तोशाखाना और अल-कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट मामले भी शामिल है। बुशरा बीबी को अग्रिम जमानत तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा खान की तीन साल की जेल की सजा निलंबित करने के कुछ घंटे बाद मिली।

### ब्रिटेन में वायु यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खराबी, मंत्री का साइबर सुरक्षा की घटना से इनकार

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने मंगलवार को कहा कि ब्रिटेन की हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में जिस तकनीकी खराबी से सैकड़ो उड़ान प्रभावित हुईं और हजारो हवाई यात्रियो को विलंब का सामना करना पड़ा, उसे सही कर लिया गया है, लेकिन कुछ दिन तक हवाई मार्ग प्रभावित रहेंगे। परिवहन मंत्री मार्क हार्पर ने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार को आई इस तकनीकी खराबी के पीछे साइबर सुरक्षा की कोई कारण नही है। हार्पर ने कहा कि तकनीकी मुद्दे को सुलझा लिया गया है, लेकिन उड़ान प्रभावित रहेंगी क्योकि उनके कार्यक्रमो पर असर पड़ा है और फंसे हुए यात्रियो को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित करना पड़ रहा है। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार देश की हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली मे सोमवार को तकनीकी खराबी आ जाने के कारण कई उड़ाने रद्द कर दी गईं और हीथ्रो हवाईअड्डे ने कहा कि शेष दिन के लिए उसका कार्यक्रम बाधित रहेगा क्योकि कई उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेस (एनएटीएस) ने कहा कि तकनीकी खराबी से उड़ानो की योजनाओ की स्वचालित प्रक्रिया पर असर पड़ा और कई काम हाथ से करने पड़े जिसकी वजह से प्रक्रिया धीमी हो गई। एनएटीएस ने खराबी की वजह नही बताई।

### माली से करीब 13,000 शांतिरक्षकों की छह महीने में वापसी चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हैः संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने माली के सैन्य जुंटा के आदेश पर देश से शांतिरक्षको की छह महीने मे वापसी सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण करार देते हुए कहा है कि इसकी समय सीमा, दायरा और जटिलता अप्रत्याशित है। पश्चिम अफ्रीकी देश माली के सैन्य जुंटा ने इस्लामी आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों के बजाय रूस के वैगनर समूह के भाड़े के सैनिको की मदद लेने का फैसला किया है। माली के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत एल-घासिम वेन ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस अभियान के पैमाने से अवगत कराया। इस निकासी अभियान के तहत 31 दिसंबर की समय सीमा तका,786 असैन्य कर्मियो की सेवाएं समाप्त की जानी है, सभी 12,947 संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षको और पुलिसकर्मियो को उनके देश भेजा जाना है, उनके 12 शिविर एवं एक स्थाई अड्डे को सरकार को सौंपा जाना है।

### भैरहवा से दिल्ली के लिए नेपाल एयरलाइंस की उड़ान यात्रियों के बिना रवाना हुई

काठमांडू। नेपाल एयरलाइंस ने मंगलवार को भैरहवा में गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से काठमांडू के रास्ते दिल्ली और हांगकांग के लिए साप्ताहिक उड़ानों का संचालन शुरू किया, लेकिन कोई टिकट बुक नही होने के कारण दोनों विमान यात्रियों के बिना रवाना हुए।नेपाल एयरलाइंस कॉरपोरेशन (एनएसी) ने भैरहवा से दिल्ली और हांगकांग के लिए उड़ानें संचालित कीं, जिसमें काठमांडू एक पारगमन बिंदु है।विमानन कंपनी के सूत्रों के अनुसार, भैरहवा-दिल्ली और भैरहवा-हांगकांग दोनों उड़ानें बिना किसी यात्री के रवाना हुईं। नेपाल की राष्ट्रीय विमानन कंपनी नेपाल एयरलाइंस ने निर्धारित उड़ानों से केवल दो दिन पहले भैरहवा से दिल्ली और हांगकांग जाने वाली उड़ानों के लिए टिकट बुक कराने के बारे मे घोषणा की थी।

### भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया

काठमांडू। नेपाल के मधेश प्रांत में मंगलवार को 26-वर्षीय एक भारतीय नागरिक को उचित दस्तावेज के बिना 26 लाख नेपाली रुपए (16.26 लाख भारतीय रुपए) ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुमित साहा को प्रांत के महोत्तरी जिले से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह खुली सीमा पार कर नेपाल में प्रवेश कर रहा था। उसने अपनी मोटरसाइकिल की सीट के नीचे नोट छुपाए थे। सुमित साहा नामक एक भारतीय नागरिक को 26 लाख नेपाली रुपए ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास न तो उचित दस्तावेज थे और न ही वह बता सका कि यह (रुपए) किसलिए थे। महोत्तरी जिला कार्यालय के सहायक उप-निरीक्षक राम कुमार भंडारी ने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा जांच के दौरान मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाए गए।

### अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना विवि में संकाय सदस्य की गोली मारकर हत्या

चैपल हिल (अमेरिका)। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना विश्वविद्यालय (यूएनसी) परिसर मे एक संकाय सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूएनसी-चैपल हिल के चांसलर केविन गुस्कीविक्ज ने बताया कि गोलीबारी की घटना काउडिल लैबोरेटरीज मे हुई और आम जनता को अब कोई खतरा नही है। उन्होने कहा कि संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोलीबारी के बाद छात्रों और संकाय सदस्यों ने खुद को कमरों, कार्यालयो और कक्षाओं मे घंटो तक बंद रखा। करीब तीन घंटे बाद वे बाहर निकल सके। अपने आप को कमरे मे बंद रखने के दौरान एक छात्रा ने टीवी स्टेशन डब्ल्यूटीवीडी को बताया कि अपने कमरे के दरवाजे पर फर्नीचर अड़ा दिया था, ताकि कोई उसे खोल न सके।

# अटक जेल में इमरान को परोसा जा रहा है देशी मुर्गा और घी में बना मटन

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके कद एवं कानूनी रुतबे के अनुसार जेल में सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और उन्हें देसी मुर्गा तथा घी में पका मटन परोसा जा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इस्लामाबाद की एक अदालत द्वारा खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के कुछ ही समय बाद उन्हें लाहौर स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था और वह पांच अगस्त से पंजाब प्रांत की अटक जेल में बंद हैं। खान और उनके परिवार को वर्ष 2018-2022 के कार्यकाल के दौरान मिले सरकारी उपहारों को अवैध रूप से बेचने के आरोप में अदालत ने उन्हें सजा सुनाई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को खान की सजा को निलंबित किए जाने के बीच



द न्यूज इंटरनेशनल अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा , कोर्ट को सोमवार को सूचित किया गया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष इमरान खान को अटक जेल में उनके कद और कानूनी रुतबे के अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। पीटीआई प्रमुख के रहन सहन संबंधी हालात पर रिपोर्ट मांगे जाने के बाद अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने जेल अधीक्षक की ओर से सुप्रीम कोर्ट को एक रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस जेल का सबसे सुरक्षित कारावास ब्लॉक नंबर 02 है जिसे खाली कर दिया गया था और चार कोठरियों वाले एक भाग को खान को रखने के लिए उच्च निगरानी ब्लाक घोषित कर दिया गया था।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इस ब्लाक में सफेदी करवाई गई, इसके फर्श को पक्का करवाया गया और इसके भीतर छत का एक पंखा भी लगवाया गया। इसमें बताया गया कि खान को सप्ताह में उनकी इच्छानुसार दो बार देशी मुर्गे का मांस परोसा जा रहा है और बकरे के मांस (मटन) को भी घी में पकाकर दिया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री को परोसे जाने वाले खानपान की सूची में नाश्ते के लिए ब्रेड, ऑमलेट, दही और चाय शामिल हैं जबकि दोपहर और रात्रि भोजन में ताजा फल, सब्जियां, दालें और चावल दिया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, खान को सोने के लिए गद्दा, चार तकिए, एक मेज, कुर्सी, नमाज के लिए चटाई और कूलर के अलावा टीवी, समाचार पत्र, अंग्रेजी में अनूदित कुरान की चार प्रतियां और इस्लामी इतिहास पर 25 किताबें प्रदान की गई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए पंजाब से कम से कम 53 जेल कर्मियों को अस्थाई रूप से तैनात किया गया है।

### पाकिस्तानः इमरान खान की पार्टी ने उन्हें तत्काल जेल से रिहा करने की मांग की

इस्लामाबाद। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में तीन साल की सजा को निलंबित करने के बाद जेल मे बंद खान की तत्काल रिहाई की मांग की। इस महीने की शुरुआत मे खान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह पंजाब प्रांत की अटक जेल में हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंडपीठ ने तोशाखाना मामले में खान (70) की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया और उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटीआई ने मांग की कि खान को मंगलवार को ही जेल से रिहा किया जाना चाहिए। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार पार्टी द्वारा एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में वकीलों को आईएचसी के बाहर रिहा करो के नारे लगाते हुए देखा गया है। पीटीआई के वकील शोएब शाहीन ने कहा कि खान को जितने दिन तक सलाखों के पीछे रखा गया, उतने दिन के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### मुख्य न्यायाधीश की वजह से खान को जमानत मिली: शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान का पक्ष लेने के लिए उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बांदियाल की आलोचना की और कहा कि निचली अदालतो को उनके संदेश के कारण खान की सजा निलंबित कर दी गई। उन्होंने इस फैसले को देश के इतिहास मे एक काला अध्याय करार दिया।

# जॉर्जिया में चुनावी नतीजे पलटने की साजिश : ट्रंप, 18 अन्य छह सितंबर को अदालत में पेश हो सकते हैं

भाषा। अटलांटा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और 18 अन्य लोग जॉर्जिया प्रांत में 2020 के चुनाव परिणाम पलटने की साजिश रचने के आरोपों को लेकर छह सितंबर को अदालत में पेश हो सकते हैं। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, न्यूयॉर्क के पूर्व महापौर रुडी गुइलियानी और व्हाइट हाउस के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडॉज समेत सभी 19 बचावकर्ता छह सितंबर को पेश हो सकते हैं और उसी दिन वे याचिकाएं भी दायर कर सकते हैं। सोमवार को फुल्टन काउंटी अदालत के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि बचावकर्ता अदालत में मौजूद रहेंगे और उन्हें अदालत कक्ष में प्रवेश करते वक्त चेहरे पर मास्क लगाने का निर्देश दिया गया है। ट्रंप के प्रवक्ता ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बचावकर्ता शुक्रवार को फुल्टन काउंटी जेल में गिरफ्तारी के लिए पेश हुए थे। इस दौरान ट्रंप (77) का मग शॉट (गिरफ्तारी के बाद कैदी के रूप में ली जाने वाली तस्वीर) जारी किया गया था। यह अमेरिका के किसी पूर्व राष्ट्रपति का पहला मग शॉट था। आरोपियों में से एक को छोड़कर बाकी सभी फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉनी फानी विल्स की शर्तों और मुचलके की राशि पर सहमत हो गए थे तथा उसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया था। फुल्टन काउंटी के चुनाव कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने के आरोपी हैरिसन विलियन प्रेसकॉट फ्लॉयड इन शर्तों पर राजी नहीं हुए और वह जेल में बंद हैं।फ्लॉयड के एक वकील ने सोमवार को अदालत में कहा कि उनके मुवक्किल के लिए उचित मुचलका तय किया जाए और वह बचावकर्ताओं में इकलौते अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति हैं।

# बाइडन प्रशासन ने मधुमेह, रक्त पतला करने वाली दवा, अन्य की कीमतें कम करने पर जोर



भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी सरकार बीमा कार्यक्रम मेडिकेयर की लागत में कटौती के प्रयास के तहत मूल्यों को लेकर समझौते के लिए मधुमेह और रक्त पतला करने वाली दवा एलिकिस समेत कुछ अन्य दवाओं को शामिल कर सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने मंगलवार को 10 दवाओं की एक सूची जारी की, जिसके लिए संघीय सरकार पहले कदम के तहत कंपनियों के साथ दवा की कीमतों पर बातचीत करेगी। इस कदम से कुछ रोगियों के लिए लागत में कटौती की उम्मीद है, लेकिन सरकार को दवा निर्माताओं से मुकदमेबाजी और रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों की भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। बाइडन ऐसे समय में अमेरिकियों के लिए लागत कम करने के अपने काम का हवाला देकर राष्ट्रपति पद पर दूसरा कार्यकाल चाहते हैं जब देश महंगाई से जूझ रहा है। मधुमेह की दवा जार्डिएंस के साथ ऑटोइम्यून रोग की दवा एनब्रेल ने भी सूची में जगह बनाई है। अन्य दवाओं में नोवार्टिस की एंट्रेस्टो शामिल है, जिसका इस्तेमाल हृदय संबंधी रोगों के इलाज के लिए किया जाता है।

### अमेरिकी संसद से बेहद पुरानी आव्रजन प्रणाली को अद्यतन करने के लिए कहा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले प्रशासन ने संसद से बेहद पुरानी हो चुकी आव्रजन प्रणाली को अद्यतन करने के लिए कहा है। राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन ज्यां पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, जैसा कि हमने पहले भी कई बार कहा है, यह एक पुरानी आव्रजन प्रणाली है। हमने संसद से हमारी बेहद पुरानी आव्रजन प्रणाली को अद्यतन करने के लिए कहा है। हम इसे लेकर बहुत स्पष्ट है।

# झपकी से याददाश्त में सुधार, कम होगा तनाव

भाषा। ह्यूस्टन

दोपहर में झपकी लेना दुनियाभर में सदियों से चला आ रहा एक रिवाज है। कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। सिर, मुख और नाक से जुड़ी समस्याओं के विशेषज्ञ के तौर पर मैंने निद्रा विकार संबंधी चिकित्सा की गहनता से पढ़ाई की और इस पर अध्ययन किया कि नींद कैसे स्वास्थ्य पर असर डालती है। मेरे प्रशिक्षण में नींद के सभी पहलू शामिल थे, खासतौर से सोते वक्त सांस लेने में दिक्कत और नींद से जुड़े गतिशीलता संबंधी विकार। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। कई स्वास्थ्य लाभ : अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखाई देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है। झपकी से तनाव भी कम हो सकता है : एक अध्ययन से पता चलता है कि करीब 20 मिनट की झपकी से इसमें भाग लेने वाले लोगों के मूड में सुधार आया। छोटी-सी झपकी से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा भी जुड़ा है। अगर हम जरूरत से अधिक जागते हैं तो हमारे शरीर में फाइट या फ्लाइट रसायनों का संचय हो जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि उचित नींद से इन रसायनों को कम करने में मदद मिलती है जिससे रक्त चाप और हृदय गति सामान्य होती है।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला रोगी के मस्तिष्क से कृमि निकाला गया

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के एक अस्पताल में एक महिला के अजीबोगरीब लक्षणों की जांच कर रही न्यूरोसर्जन उसके मस्तिष्क में छटपटाते हुए कृमि को देखकर हैरान रह गईं। सर्जन हरि प्रिया बंदी कैनबरा के अस्पताल मे पिछले साल 64 वर्षीय महिला रोगी के मस्तिष्क की बायोप्सी कर रही थी, तब उन्होंने चिमटी की मदद से आठ सेंटीमीटर या करीब तीन इंच लंबा कृमि निकाला। कैनबरा टाइम्स अखबार ने मंगलवार को बंदी के हवाले से कहा, मैंने सोचा कि यह क्या चीज है? यह कोई जीवित और चलती हुई चीज है। यह कृमि एक ऑस्ट्रेलियाई गोलकृमि ओफिडेस्केरिस रोबर्ट्सी का लार्वा था जो पहले मनुष्य परजीवी के तौर पर नही जाना जाता था। ए कृमि आमतौर पर सांप की प्रजाति कार्पेट पायथन मे पाया जाता है।

### इंडोनेशिया के बाली और जावा द्वीप पर भूकंप के तेज झटके

देनपासर (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के रिजॉर्ट द्वीप बाली और देश के अन्य हिस्सों में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में घबराहट पैदा हो गई, लेकिन अभी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप के शुरुआती झटके की तीव्रता 7.1 मापी गई और इसका केंद्र लोम्बोक द्वीप के तट के पास एक छोटे-से द्वीप गिली एयर से 181 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में बाली सागर में जमीन से 513.5 किलोमीटर की गहराई में था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी के मुताबिक, भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है, लेकिन क्षेत्र में कई और झटके महसूस किए जा सकते हैं। एजेंसी ने भूकंप के शुरुआती झटके की तीव्रता 7.4 बताई है। भूकंप के कुछ मिनट बाद ही बाली सागर में 5.4 और 5.6 तीव्रता के झटके महसूस होने से अफरा-तफरी मच गई।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I Surendra Singh S/o Jagdish Singh, R/o Flat No-L 9-061, Assotech Spring Fields, Plot No-GH-10, Sector- Zeta-1 Greator Noida, Distt-Gautam Budh Nagar, UP-201310, I have changed my name from Surendra Kumar to Surendra Singh for all future purposes.

PD(145)C

Lost & Found

I,Suchitra Varma Daughter of Shri Surrendra Varma R/o 1126, Arun Vihar Sector-37, Noida, UP-201303 signed through Power of Attorney on behalf of Avnish Kumar Lugani inform that I have lost property document such as allotment letter in the name of Anant Ram, possession. Letter in the name of Avnish Kumar Lugani and Mutation from DDA in the name of Avnish Kumar Lugani on 26.08.2023 Near Local Shopping Complex, Pocket-B, Mayur Vihar Phase-II, Delhi. I have already complaint about my lost documents having LR No.828663/2023 on 27.08.2023 at 05.24 PM.

Suchitra Varma

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that our client Mr. Raj Bhushan Prasad & 2) Mrs. Aarti are in process to purchase (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) Plot bearing Khasra No. 294/2, having land area measuring 62.5 Sq. Mts., situated in the residential colony known as Pragati Vihar, Khora Colony, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad (U.P.) from - Kunwar Pal Singh, who purchased the said property from 1) Mr. Richhapal 2) Mr. Raj Kumar 3) Mr. Satish 4) Mr. Vinod Kumar & 5) Mr. Pawan Kumar (inherited after the death of Mr. Niram, who was the father of them) vide Sale Deed dated 01.11.2019, Document No. 13744

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

FORM NO. URC-2

Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI of the Act

[Pursuant to section 374(b) of the companies Act, 2013 and rule 4(1) of the companies (Authorized to Register) Rules, 2014]

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application is proposed to be made after fifteen days hereof but before expiry of thirty days hereinafter to the Registrar at Central Registration Centre that 3K NANO LLP, a LLP may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares.
2. The principal objects of the company are as follows: initiate, undertake, carry on, engage in, promote, assist encourage, finance and conduct scientific and technical research, developments, experiments, investigations, inquiries, studies, projects, analysis, examinations, surveys and test of all kinds including, but not limited to those related to agricultural, medical industrial, mining technical and scientific problems and matters in India/ abroad.
3 A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at **H No RZ 62 S/1 C, KH 625, T/F, L/S, INDRA PARK, PAL AM CLY, SOUTH DELHI, NEW DELHI, 110045 INDIA.**
4. Notice is hereby given, that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at Central Registration Centre, Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6, 7, S, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon [Haryana], Pin Code-122050, within twenty one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company at its registered office.

Name(s) of Applicant
1. Ms. Mayawati
2. Mr.Viven Solanki

Dated this **30th day of August 2023**

शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या 629705015540 कर्जदार का नाम ट्रैवोनेशन होलीडेज प्राइवेट लिमिटेड, मोहम्मद फैजल, रीना, मोहम्मद अब्बास, शीबा नकवी के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचनाओं का प्रकाशन 29 जुलाई, 2022 को समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) में मांग सूचना दिनांकित 02 जुलाई, 2022 के रूप में तथा सांकेतिक कब्जा का प्रकाशन 24 नवम्बर, 2022 को समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) में सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 22 नवम्बर, 2022 के रूप में और भौतिक कब्जा का प्रकाशन 02 अगस्त, 2023 को समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) में भौतिक कब्जा सूचना दिनांकित 31 जुलाई, 2023 के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 और धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए प्रकाशित की गई थी तथा तथा मांग सूचना एवं इसके प्रकाशन एवं माल सूची तथा पंचनामा एवं पूर्व-बिक्री सूचना में सम्पत्ति पता पता सं. 1-ए-1/बी दुकान नंबर जी-11, भू तल, आचार्य निकेतन, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091, पता सं. 2-ए-1/बी दुकान नंबर जी-12, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली, नई दिल्ली-110091 वर्णित किया गया था। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा सम्पत्ति पता पता सं. 1-सम्पत्ति सं.-ए-1/बी, दुकान नंबर जी-11, भू तल, सीलिंग लेवल तक, छत के अधिकार नहीं, आचार्य निकेतन, खसरा नंबर 63,मयूर विहार फेज-1, ग्राम कोटला, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110091 एवं पता सं. 2- सम्पत्ति सं.-ए-1/बी, दुकान नंबर जी-12, भू तल, सीलिंग लेवल तक, छत के अधिकार नहीं, आचार्य निकेतन, खसरा नंबर 63,मयूर विहार फेज-1, ग्राम कोटला, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110091 के स्थान पर पता सं. 1-ए-1/बी दुकान नंबर जी-11, भू तल, आचार्य निकेतन, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091, पता सं. 2-ए-1/बी दुकान नंबर जी-12, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली, नई दिल्ली-110091 वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको पता सं. 1-सम्पत्ति सं.-ए-1/बी, दुकान नंबर जी-11, भू तल, सीलिंग लेवल तक, छत के अधिकार नहीं, आचार्य निकेतन, खसरा नंबर 63,मयूर विहार फेज-1, ग्राम कोटला, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110091 एवं पता सं. 2- सम्पत्ति सं.-ए-1/बी, दुकान नंबर जी-12, भू तल, सीलिंग लेवल तक, छत के अधिकार नहीं, आचार्य निकेतन, खसरा नंबर 63,मयूर विहार फेज-1, ग्राम कोटला, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110091 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांकित : 30-08-2023
स्थान : मयूर विहार, दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन मखीजा/सरला देवी/चांदनी जैन/रूप चंद/अमित कुमार पवन कुमार/503, आदर्श नगर, जयपुर, राजस्थान-302024 / एलबीजेएआई00002033529 | फ्लैट नंबर बी 3-2003, 20वां तल, टावर बी 3, एमराल्ड बे, सेक्टर-104, ग्राम धनवापुर, गुरूग्राम, हरियाणा-122012 | 19-07-2023 रू. 31,95,837/- | 13-03-2023 |


सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 अगस्त, 2023
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# भारत में एथनॉल की मांग बढ़ने से अन्नदाता बनेंगे ऊर्जा दाता : नितिन गडकरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**पेट्रोल** और डीजल में मिश्रण के लिए एथनॉल की बढ़ती मांग भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदल देगी, जिससे किसान ऊर्जा दाता बन जाएंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दुनिया का पहला भारत चरण–6 (चरण–दो) विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन–आधारित वाहन पेश करते हुए यह बात कही। यह वाहन 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन पर भी चल सकता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के उच्च योगदान की तुलना में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि और संबद्ध क्षेत्र का योगदान केवल 12 प्रतिशत है, जबकि 65 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि एथनॉल उद्योग किसानों के लिए वरदान है। देश में एथनॉल की मांग बढ़ेगी, यह भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदल देगा। उन्होंने कहा, हमारे किसान न केवल अन्नदाता होंगे बल्कि ऊर्जादाता भी बनेंगे। गडकरी ने विश्वास जताया कि एथनॉल की मांग के साथ जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि जिस दिन एथनॉल की अर्थव्यवस्था दो लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी, उस दिन कृषि वृद्धि दर जो 12 प्रतिशत है, वह बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगी।

मंत्री ने कहा कि जनरेटर सेट, वाहन, विमान आदि में वैकल्पिक ईंधन के सफल परीक्षण किए गए हैं। गडकरी ने बताया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश ने भारत से एथनॉल मिले पेट्रोल की आपूर्ति करने का अनुरोध किया है। गडकरी ने कहा, यह किसानों के लिए एक वरदान है। मैं ऐसी तकनीक विकसित करने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं जो देश में प्रदूषण को कम करने और कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगी। मैं फ्लेक्स इंजन पर अधिक मॉडल बनाने का अनुरोध करता हूं। मुझे मोटरसाइकिल चाहिए, ई–रिक्शा, ऑटो रिक्शा, कारें 100 प्रतिशत एथनॉल वाली होंगी।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, मौजूदा समय में ई–20 ईंधन देशभर में 3,300 से अधिक पेट्रोल पंप पर वितरित किया जा रहा है और अप्रैल, 2025 तक यह पूरे भारत में उपलब्ध होगा। अप्रैल, 2025 तक ई–20 कार्यान्वयन के साथ अनुमानित आयात खर्च की बचत लगभग 35,000 करोड़ रुपए सालाना हो सकती है।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार एवं गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में विभिन्न संगठनों के चार उग्रवादियों को अलग–अलग अभियान में गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार एवं गोला बारुद भी बरामद किए गए हैं। तलाश अभियानों के दौरान पुलिस के दलों ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (इसाक मुइवा) और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक–एक उग्रवादी और इंफाल ईस्ट तथा बिष्णुपुर जिले से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (लमयांबा खुमान गुट) के लिए काम करने वाले दो लोगों को पकड़ा। छह आग्नेयास्त्र, पांच कारतूस और दो विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने घाटी के पांच जिलों के संवदेनशील इलाकों में तलाश अभियान चलाए थे। संवेदनशील इलाकों में राष्ट्रीय राजमार्ग 37 (इंफाल–सिलचर रोड) पर वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है और संवेदनशील मार्गों पर सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।



नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से आरएसएस मुखिया मोहन भागवत मुलाकात करते हुए।

## गुजरात सरकार ने निकायों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की

**गांधीनगर।** गुजरात में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ने मंगलवार को एक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगम निगमों जैसे निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की, जिससे इन निकायों के चुनाव का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) (पेसा) अधिनियम के तहत अधिसूचित क्षेत्रों में–जिनमें से अधिकांश अच्छी खासी आदिवासी आबादी वाले हैं – स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत जारी रहेगा। गुजरात सरकार ने कहा कि इसके अलावा, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए मौजूदा कोटा अपरिवर्तित रहेगा और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इससे पहले, गुजरात में स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण 10 प्रतिशत था। न्यायमूर्ति झावेरी आयोग की रिपोर्ट पर आधारित यह घोषणा लोकसभा चुनाव से पहले की गई है और इससे स्थानीय निकाय चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त होगा, जो लंबित कोटा मुद्दे के कारण स्थगित कर दिए गए थे, क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने आदेश दिया था कि ओबीसी के लिए आरक्षण उनकी आबादी के आधार पर होना चाहिए। गुजरात के मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, झावेरी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एक कैबिनेट उप–समिति ने स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की और सिफारिश को राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा, इससे पहले, गुजरात में स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण 10 प्रतिशत था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए सीट आरक्षण को फिर से परिभाषित करने के लिए एक आयोग का गठन किया गया था।

## निर्वाचन आयोग की टीम कि दौरे से ओडिशा में विस चुनाव समय से पहले होने की अटक्लें तेज

**भाषा।** भुवनेश्वर

**निर्वाचन आयोग** (ईसी) की एक टीम चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए 13 सितंबर को ओडिशा का दौरा करेगी। इस दौरे से राज्य में विधानसभा चुनाव अपने निर्धारित समय से पहले होने की अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) निकुंज बिहारी ढल ने मंगलवार को कहा कि आयोग की टीम के दौरे का समयपूर्व चुनाव से कोई लेना–देना नहीं है। राज्य के तीन प्रमुख राजनीतिक दलों – बीजू जनता दल, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने जोर दिया कि राज्य में चुनाव जब कभी हों, वे इसके लिए तैयार हैं।

निर्वाचन आयोग की टीम 13 सितंबर को सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक करेगी। अक्टूबर में ईवीएम और वीवीपैट की जांच की जाएगी और यह प्रक्रिया 15 नवंबर तक पूरी हो जाएगी। लेकिन इस प्रक्रिया या ईसीआई टीम के राज्य दौरे का समयपूर्व चुनाव से कोई लेना–देना नहीं है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव अपने तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे।

राजनीतिक दलों, खासकर भाजपा और कांग्रेस का अनुमान है कि ओडिशा में भी इस साल के अंत में पांच अन्य राज्यों के साथ चुनाव हो सकते हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान राज्य के पहले नेताओं में थे जिन्होंने हाल के दिनों में कहा था कि सत्तारूढ़ बीजद राज्य में जल्द चुनाव की मांग कर सकता है। राज्य में 2004 में निर्धारित समय से पहले चुनाव हुए थे। बीजद नेताओं ने समयपूर्व चुनाव से जुड़ी अटकलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि उन्होंने कहा कि वे किसी भी समय चुनाव के लिए तैयार हैं। राज्य सरकार ने अगले साल होने वाले चुनावों से पहले कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है।

बीजद विधायक डी एस मिश्रा ने कहा, हमें घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि ओडिशा के लोग मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ हैं। भाजपा विधायक मुकेश महालिंग ने भी कहा कि उनकी पार्टी किसी भी समय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक ने कहा कि चुनाव जब हों, उनकी पार्टी उसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा, लोग समझ गए हैं कि बीजद और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार 147 सदस्ईय ओडिशा विधानसभा के अगला चुनाव 2024 में जून से पहले होना चाहिए।

## ब्रिक्स, छह नए सदस्य देशों का वैश्विक जीडीपी में होगा 30 प्रतिशत हिस्सा

**मुंबई।** ब्रिक्स में छह नए सदस्यों को शामिल करने से समूह के देशों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 प्रतिशत का हिस्सा होगा। वैश्विक आबादी का 46 प्रतिशत ब्रिक्स प्लस छह देशों में होगा। पिछले सप्ताह जोहानिसबर्ग में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मौजूदा सदस्यों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका... ने अर्जेन्टीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को नए सदस्यों के तौर पर समूह में शामिल करने का निर्णय किया। नए सदस्य एक जनवरी, 2024 से ब्रिक्स का हिस्सा बन जाएंगे। ब्रिक नाम मूल रूप से 2001 में जिम ओ नील के नेतृत्व में गोल्डमैन शैक्स के अर्थशास्त्रियों ने दिया था। बाद में दिसंबर, 2010 में दक्षिण अफ्रीका को पांचवें सदस्य के रूप में जोड़ा गया और यह ब्रिक्स बना। पांच सदस्ईय समूह में दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी रहती है जबकि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनकी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत है।

## केरल में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया ओणम



**तिरुवनंतपुरम।** केरलवासियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर, स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर और अपने आंगन को रंग–बिरंगे फूलों की रंगोलियों से सजाकर फसलों का त्यौहार ओणम मंगलवार को धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। तिरुवोणम को कुल 10 दिन मनाए जाने वाले इस त्योहार का सबसे पवित्र दिवस माना जाता है। तिरुवोणम के अवसर पर सुबह गांवों, कस्बों एवं शहरों में बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिरों में पूजा–अर्चना की। बच्चों और युवाओं ने अपने घरों को रंग बिरंगे फूलों से बनी रंगोलियों पूक्कलम से सजाया। गांवों में लोगों ने इस मौके पर अपने घरों के आंगनों में झूले यानी ऊंजल डाले। इस अवसर पर बुजुर्गों ने अपने परिवारों के अन्य सदस्यों को ओनाक्कोडी (नए वस्त्र) उपहार में दिए, महिलाओं ने सध्या (पारंपरिक शाकाहारी भोज के लिए विभिन्न व्यंजन), अचार और स्वादिष्ट प्रसाद तैयार किया। विभिन्न संगठनों और स्थानीय क्लब ने वादमवली (रस्साकशी) और उरियादी (मटका फोड़) समेत पारंपरिक खेलों का आयोजन किया। इस दौरान पुलिक्कली , तिरुवतिरा, थैय्यम और अन्य पारंपरिक नृत्यों का आयोजन किया गया।

लोक कथाओं के अनुसार, ओणम पौराणिक असुर राजा महाबली की वापसी से जुड़ा एक त्योहार है। ऐसी मान्यता है कि राजा महाबली के शासनकाल में हर व्यक्ति खुश था और हर किसी को समान समझा जाता था। महाबली की लोकप्रियता से ईर्ष्या करने वाले देवता, भगवान विष्णु की सहायता से उन्हें पाताल लोक में भेजने में कामयाब रहे, लेकिन महाबली ने भगवान विष्णु से एक वरदान प्राप्त किया कि वह हर साल तिरुवोणम दिवस पर अपनी प्रजा से मिलने केरल लौटेंगे। दक्षिणी राज्य में ओणम के अवसर पर लोग खूब खरीदारी करते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग त्योहार की तैयारी के लिए अपनी पसंदीदा चीजें खरीदने के लिए सोमवार रात तक बाजारों में नजर जाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने राज्यवासियों को ओणम की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने ओणम के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह त्योहार सभी लोगों के लिए समृद्धि और सौहार्द लाने वाला हो। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सभी नागरिकों तथा केरल में हमारे भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर हम प्रकृति माता के असंख्य उपहारों के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं। फसलों की कटाई का यह त्योहार सभी लोगों के लिए समृद्धि और सौहार्द लाए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए ओणम की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, सभी को ओणम की शुभकामनाएंउ आपका जीवन बेहतर स्वास्थ्य, अद्वितीय आनंद और अपार समृद्धि से भरा रहे। पिछले कई वर्षों में ओणम एक वैश्विक त्योहार बन गया है और यह केरल की जीवंत संस्कृति को खूबसूरती से प्रदर्शित करता है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी दुनिया भर में रह रहे मलयाली लोगों को ओणम की शुभकामनाएं दीं।

## मणिपुर में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना में मंगलवार सुबह दो समूहों के बीच हुई झड़व में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव की सुरक्षा में तैनात एक व्यक्ति अचानक बम फटने से मारा गया। वह एक राहत शिविर में रह रहा था। एक अन्य व्यक्ति के कंधे पर गोली लगी है जिसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर है। इस बीच, विभिन्न संगठनों के चार उग्रवादियों को अलग–अलग अभियानों में गिरफ्तार किया गया है जिसमें उनके पास हथियार और गोला–बारूद जब्त किया गया। पुलिस दलों ने इंफाल पूर्व और बिष्णुपुर जिलों से नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड इसाक–मुइवा (एनएससीएन–आईएम) तथा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक–एक उग्रवादी और कांगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) (लामयांबा खुमान गुट) के दो उग्रवादियों गिरफ्तार किया गया है। अभियान के दौरान छह बंदूकें, पांच कारतूस और दो विस्फोटक भी जब्त किए गए। बयान में बताया गया है कि सुरक्षा बलों द्वारा घाटी के पांच जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया है।

## मणिपुर विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

- कांग्रेस विधायकों ने किया हंगामा

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर** विधानसभा के एक दिवसीय सत्र की बैठक मंगलवार को शुरू होने के एक घंटे के भीतर कांग्रेस विधायकों के हंगामे के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाकर पांच दिन किए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया। पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह की अगुवाई में विपक्षी विधायकों ने कहा कि राज्य में जातीय हिंसा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक दिन पर्याप्त नहीं है। कुकी समुदाय के सभी दस विधायक सदन से गैरहाजिर रहे।

सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरु होने पर, तीन मई को राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुई जातीय हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने संबोधन में कहा, बड़े दुख के साथ हम हिंसा में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताते हैं। ऐसे वक्त में हिंसा में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के लिए शब्द पर्याप्त प्रतीत नहीं होते है।

सदन ने एक प्रस्ताव में कहा कि राज्य में साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए सभी मतभेदों को संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। प्रस्ताव में कहा गया है, यह सदन जाति, समुदाय, क्षेत्र, धर्म या भाषा की परवाह किए बिना सभी लोगों की एकता और सौहार्द के लिए काम करने का संकल्प लेता है। सदन यह भी संकल्प लेता है कि चूंकि शांति राज्य की प्राथमिकता है तो यह सदन संवाद और संवैधानिक माध्यमों से पूरे राज्य में शांति बहाल होने तक लोगों के बीच सभी मतभेदों को हल करने का प्रयास करता रहेगा।

सदन ने चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग की भी प्रशंसा की और इस मिशन की अगुवाई करने वाले भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) के दल का हिस्सा रहे मणिपुर के वैज्ञानिक एन रघु सिंह को बधाई दी। इसके तुरंत बाद कांग्रेस विधायकों ने अपनी सीट से मजाक बंद करो, लोकतंत्र को बचाओ के नारे लगाने शुरू कर दिए और मांग की कि राज्य में मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए विधानसभा का पांच दिवसीय सत्र बुलाया जाए।

विधानसभा अध्यक्ष टी. सत्यब्रत सिंह ने विपक्षी विधायकों से शांत रहने और कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया। लेकिन हंगामा न थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी। आधे घंटे बाद सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा का पांच दिवसीय सत्र बुलाने की मांग दोहराई और इसके पक्ष में नारे लगाने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हंगामे के बीच बैठक जारी रखना संभव नहीं है। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

राज्य सरकार ने पिछले महीने 21 अगस्त तक विधानसभा सत्र बुलाने की सिफारिश की थी, लेकिन बाद में राज भवन से मंजूरी न मिलने के बाद तारीख में संशोधन कर इसे 28 अगस्त तक बढ़ा दिया गया था। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री कार्यालय ने घोषणा की कि विधानसभा सत्र 29 अगस्त को बुलाया जाएगा। पिछला विधानसभा सत्र मार्च में आयोजित किया गया था। नियमों के अनुसार हर छह महीने में विधानसभा का एक सत्र आयोजित करना होता है।

कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) और इंडीजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने हाल में विधानसभा सत्र बुलाए जाने की निंदा करते हुए कहा था कि कुकी–जो विधायकों के इसमें भाग लेने के लिए मौजूदा स्थिति अनुकूल नहीं है। दोनों संगठनों ने रविवार को एक संयुक्त बयान में कहा था कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा जाने और आम जनता तथा अधिकारियों की जान बचाने में राज्य सरकार की नाकामी को देखते हुए सदन की बैठक बुलाना तर्क और विवेक से रहित है। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता ओकराम इबोबी सिंह ने शनिवार को कहा था कि आगामी 29 अगस्त को बुलाया जा रहा विधानसभा का एक दिवसीय सत्र दिखावा मात्र है और यह जनता के हित में नहीं है। मणिपुर में तीन मई को भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

## भाजपा बंगाल के इतिहास को बदलने की कोशिश कर रही: ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा राज्य का इतिहास बदलने की कोशिश कर रही है और यदि 20 जून की तारीख का विरोध नहीं किया गया तो इसे राज्य स्थापना दिवस के रूप में स्थापित कर दिया जाएगा। बंगाल विधानसभा में 20 जून 1947 को विधायकों के अलग–अलग समूहों की दो बैठकें हुई थीं। इनमें से एक में पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाने की मांग की गई थी, जिसके लिए सदन में हुए मतदान में ज्यादातर सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया था। दूसरा समूह उन क्षेत्रों के विधायकों का था जिनसे बाद में पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) बना।

मुख्यमंत्री की कड़ी आपत्तियों के बावजूद, केंद्र के निर्देश पर 20 जून को यहां राजभवन में और कई अन्य राज्यों में यह स्थापना दिवस मनाया गया। ममता ने कहा, वे (भाजपा) इतिहास को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि हमने विरोध नहीं किया तो यह दिन (20 जून) राज्य स्थापना दिवस बना दिया जाएगा। टीएमसी प्रमुख ने पश्चिमबंग दिवस मनाने के लिए दिन निर्धारित करने के संबंध में आयोजित सर्वदलीय बैठक में यह कहा।

बैठक में माकपा, भाकपा और भाजपा के शामिल नहीं होने पर ममता ने हैरानी जताई क्योंकि भाजपा को छोड़कर ए दोनों (माकपा और भाकपा) विपक्षी दल टीएमसी के साथ गठबंधन इंडिया के घटक दल हैं। ममता ने कहा, जब मैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा हूं, माकपा और भाकपा यह सवाल कर रही है कि राज्य के स्थापना दिवस पर यह बैठक क्यों बुलाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र एवं इतिहासकार सुगत बोस, और कवि सुबोध सरकार ने 15 अप्रैल को राज्य स्थापना दिवस के तौर पर मनाने के पक्ष में बात रखी है। बांग्ला नव वर्ष (पोइला बैसाख) 15 अप्रैल को मनाया जाता है। सर्वदलीय बैठक बुलाने से कुछ दिन पहले, राज्य विधानसभा द्वारा गठित एक समिति ने 15 अप्रैल को बांग्ला दिवस मनाने की सिफारिश की थी। राज्य के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को लिखे एक पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा था कि विभाजन का दर्द और सदमा इतना है कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने देश की आजादी के बाद से किसी भी दिन को स्थापना दिवस के रूप में नहीं मनाया है। सिलहट जिले में, जो उस समय असम का हिस्सा था, यह निर्णय लिया गया कि वहां जनमत संग्रह कराया जाएगा। विभाजन बाद के दंगों में दोनों ओर के करीब 25 लाख लोग विस्थापित हुए थे और करोड़ों रुपए मूल्य की संपत्ति जला दी गई थी।

## राहुल गांधी सितंबर में यूरोप के दौरे पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले महीने यूरोप की यात्रा कर सकते हैं और इस दौरान वह बेल्जियम में यूरोपीय आयोग के सांसदों से मुलाकात कर सकते हैं। उनके पेरिस में एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करने की भी संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता की सितंबर की शुरुआत में ओस्लो में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करने की भी संभावना है। राहुल की यात्रा ऐसे वक्त में होने के आसार हैं जब राष्ट्रीय राजधानी में नौ और 10 सितंबर को जी–20 की बैठक होनी है। सूत्रों ने कहा कि राहुल के सितंबर के पहले सप्ताह में पेरिस रवाना होने की संभावना है। उनका यह दौरा पांच दिन का होगा। वह सात सितंबर को ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के सदस्यों के साथ एक बैठक में हिस्सा लेंगे। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता आठ सितंबर को पेरिस के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करेंगे और वहां व्याख्यान देंगे।

## ममता के जल्द लोस चुनाव कराए जाने की आशंका को नीतीश का समर्थन

**बिहार शरीफ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी द्वारा समयपूर्व लोकसभा चुनाव कराए जाने की आशंका जताए जाने पर सहमति जताते हुए मंगलवार को कहा कि वह पिछले सात–आठ महीने से ऐसी ही भविष्यवाणी कर रहे थे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश ने हाल में दावा किया था कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में और अधिक दल शामिल हो सकत हैं। उन्होंने हालांकि, किसी दल का नाम नहीं लिया था लेकिन कहा था कि मेरा प्रयास भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ जितना संभव हो सके उतने लोगों को एक साथ लाना है।

नालंदा में नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय (एनओयू) के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश ने कहा, हमने विपक्षी दलों के बीच एकता की पहल की है। 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई बैठक के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया और मजबूत होगा।

नीतीश ने कहा, मैं पिछले सात–आठ महीनों से कह रहा हूं कि केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार विपक्षी एकता के कारण भाजपा को अधिक नुकसान होने के डर से समय से पहले लोकसभा चुनाव करा सकती है। उन्होंने यह टिप्पणी पत्रकारों के सवालों पर की जिन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नवीनतम टिप्पणी पर उनके विचार मांगे थे। तृणमूल कांग्रेस की युवा शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता में कहा था, मुझे आशंका है कि वे (भाजपा) दिसंबर 2023 में ही लोकसभा चुनाव करा सकते हैं। नीतीश ने आगे कहा, इस बात की प्रबल संभावना है कि आम चुनाव पहले हो सकते हैं। इसलिए, आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए सभी विपक्षी दलों को एक साथ आना चाहिए। मैं एक बार फिर दोहरा रहा हूं कि मुझे अपने लिए कोई इच्छा नहीं है... मेरी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं है। मेरी एकमात्र इच्छा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अधिकतम संख्या में दलों (भाजपा के विरोध में) को एकजुट करना है।

अगले साल के लोकसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का संयुक्त रूप से मुकाबला करने के लिए गठित 26 दलीय विपक्षी गठबंधन की एक महीने से भी कम समय में दो बार (पहली बार 23 जून को पटना में और फिर 17 जुलाई को बेंगलुरु में) बैठक हो चुकी है। आगे की बातचीत के लिए विपक्षी गठबंधन 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में अपनी तीसरी बैठक आयोजित करने वाले हैं। उच्चतम न्यायालय में बिहार जाति सर्वेक्षण को लेकर केंद्र द्वारा अपने हलफनामे किए गए सुधार पर टिप्पणी करते हुए, नीतीश ने कहा, शुरू से ही, हमने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमारा कार्य जाति आधारित सर्वेक्षण करना था। जनगणना कराना केंद्र का काम है। उन्होंने कहा, राज्य में जाति आधारित गणना की कवायद पूरी हो चुकी है। अब आंकड़ा संकलित किया जा रहा है और इसे जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा।

नीतीश ने कहा, अंतिम आंकड़ा सरकार को वंचित लोगों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के विकास के लिए काम करने में सक्षम बनाएगा। इससे हमें यह जानने में मदद मिलेगी कि किन क्षेत्रों में विकास की जरूरत है। विस्तृत आंकड़ा प्रकाशित होने दीजिए, मुझे यकीन है कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे। जाति आधारित गणना का विरोध करने वाले दलों के बारे में नीतीश ने कहा, जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का निर्णय राज्य में भाजपा सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की सहमति के बाद लिया गया था। अब मैं इस बात पर ध्यान नहीं दे रहा हूं कि वो क्या कह रहे हैं। दशकीय जनगणना में हो रही देरी पर केंद्र चुप्पी क्यों साधे हुए है। उक्त जनगणना 2021 में पूरा हो जाना चाहिए था।

# राहुल एशिया कप के पहले दो मैच में नहीं खेलेंगे

● विश्व कप को लेकर उठे सवाल

भाषा। बेंगलुरु



**केएल राहुल** चोट के कारण आगामी एशिया कप के पहले दो मैचों से बाहर हो गए हैं जिससे भारतीय टीम में उनकी वापसी में देरी होने के साथ पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए उनकी मौजूदगी पर सवाल भी उठ रहे हैं। भारतीय टीम एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में दो सितंबर को पाकिस्तान और उसके बाद चार सितंबर को नेपाल से भिड़ेगी। राहुल इन दोनों मैचों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वह टूर्नामेंट के सुपर फोर चरण में टीम से जुड़ेंगे। राहुल की यह चोट उनकी जांघ की पिछली चोट से संबंधित नहीं है। राहुल जांघ की चोट के कारण पिछले कई महीनों से खेल से दूर हैं। उन्हें जांघ से चोट से उबरने के बाद बुधवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया गया था। द्रविड़ ने एशिया कप के लिए रवानगी से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, केएल ने हमारे साथ अच्छा सप्ताह बिताया है। वह अच्छा खेल रहा है, वास्तव में अच्छी प्रगति कर रहा है। वह हालांकि कैंडी चरण की यात्रा के पहले भाग के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। कोच ने कहा कि राहुल एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में ही रुकेंगे और टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी पर चार सितंबर को फैसला किया जाएगा। जब हम यहां से रवाना होंगे तब अगले कुछ दिनों तक एनसीए उनकी देखभाल करेगा। हम चार सितंबर को फिर से उसका आकलन करेंगे। लेकिन संकेत अच्छे दिख रहे हैं। वह पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड को पांच सितंबर तक विश्व कप के लिए आईसीसी को 15 खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इस टीम में 27 सितंबर तक बदलाव किया जा सकता है। राहुल की अनुपस्थिति में ईशान किशन के विकेटकीपर की भूमिका निभाने की संभावना है। संजू सैमसन रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर श्रीलंका जाएंगे लेकिन वह तकनीकी रूप से 17 सदस्ईय टीम का हिस्सा नहीं हैं। किशन को बल्लेबाजी क्रम में कहां मौका मिलेगा यह देखना दिलचस्प होगा। हमारे लिए यह महज दो मैचों की बात है। केएल अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। हम विश्व कप से पहले अतिरिक्त सावधानी बरताना चाहते हैं। वह अगले कुछ दिनों में मैच जैसी परिस्थितियों में अभ्यास करेगा। हम उम्मीद कर रहे है कि वह सिर्फ दो मैचों में टीम का हिस्सा नहीं होगा और वह बाद के मैचों में वापसी कर लेगा। हमें इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी भाग लेना है।

## भारत ने 18 महीने पहले तय कर लिए थे चौथे-पांचवें नंबर के बल्लेबाज, चोटों से रणनीति गड़बड़ाई: द्रविड़



**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि विश्व कप के लिए चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाज 18 महीने पहले ही तय कर लिए गए थे लेकिन तीन प्रमुख बल्लेबाजो के चोटिल होने से उनकी रणनीति गड़बड़ा गई। द्रविड़ ने कहा कि श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियो के चोटिल होने से टीम प्रबंधन को हाल के मैचों मे मध्यक्रम मे अन्य खिलाड़ियों को आजमाना पड़ा और यह केवल प्रयोग नही थे। द्रविड़ ने एशिया कप के लिए टीम की रवानगी से पूर्व संवाददाता सम्मेलन मे कहा, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजो को लेकर काफी चर्चा चल रही है और ऐसा लग रहा है जैसे कि हमारे पास इसको लेकर स्पष्टता नही है कि इन नंबरो पर कौन बल्लेबाजी करेगा। मै आपको 18-19 महीने पहले बता सकता था कि इन दो स्थानों पर कौन से तीन खिलाड़ी बल्लेबाजी करेंगे। श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और ऋषभ पंत मे से किन्ही दो खिलाड़ियों को इन नंबरो पर बल्लेबाजी के लिए उतरना था और इसमे किसी तरह का संदेह नही था। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि ए तीनो खिलाड़ी दो महीने के अंदर चोटिल हो गए। हमने इन दो स्थानों के लिए जिन तीन खिलाड़ियों के नाम तय किए थे वे सभी गंभीर रूप से चोटिल हो गए और उन्हे आपरेशन करवाना पड़ा। आपको परिस्थितियों के अनुसार चलना पड़ता है और इन स्थानो पर अन्य खिलाड़ियो को आजमाकर देखना पड़ता है कि कौन इन पर फिट बैठ सकता है।

# एशिया कप: भारत-पाक के बीच तीन मैचों की संभावना विश्व कप के लिए होगा अहम

भाषा। कोलंबो

**मुल्तान** में बुधवार से शुरु होने वाले एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बेताब दर्शकों को दोनों देशों के बीच तीन हाई वोल्टेज मुकाबले देखने को मिल सकते हैं जबकि पांच टीमों को विश्व कप से पहले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखने अंतिम मौका भी मिलेगा। यह ऐसा टूर्नामेंट है जो अकसर पिछले एक दशक में द्विपक्षीय मुकाबलों की बढ़ती संख्या और टी20 क्रिकेट की घटती लोकप्रियता में प्रासंगिक बनने के लिए जूझता रहा है। लेकिन इस बार यह सभी टीम के थिंक टैंक का अहम हिस्सा दिख रहा है। विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरु हो रहा है जिससे पहले यह नेपाल को छोड़कर अन्य पांच टीमों के पास खिलाड़ियों को लेकर चल रहे कुछ सवालों के जवाब ढूंढने का अंतिम मौका होगा। निश्चित रूप से वैश्विक टूर्नामेंट से पहले कुछ द्विपक्षीय और अभ्यास मैच कराए जाएंगे। लेकिन श्रीलंका और पाकिस्तान में खेले जाने वाले एशिया कप से सभी टीम को कई देशों के टूर्नामेंट का माहौल मिलेगा जो करीब करीब विश्व कप जैसा होगा। भारतीय टीम सात बार के चैम्पियन के तौर पर एशिया कप में उतरेगी जो किसी भी टीम के सर्वाधिक खिताब हैं लेकिन टीम की प्राथमिकता आठवां खिताब अपनी झोली में डालने की नहीं होगी बल्कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा विश्व कप से पहले बल्लेबाजी क्रम के कुछ स्थानों पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखना चाहेंगे। अगर टीम ट्राफी जीत लेती है तो यह खिलाड़ियों के मनोबल के लिए फायदेमंद रहेगा। केएल राहुल पहले दो मैचों में नहीं खेलेंगे जिन्हें भारतीय टीम में अतिरिक्त शर्त के साथ शामिल किया गया है। राहुल ने सर्जरी के बाद उबरने की प्रक्रिया के बाद बल्लेबाजी स्तर में प्रगति दिखाई है लेकिन विकेटकीपिंग की तैयारी को लेकर अब भी कुछ चिंताएं हैं क्योंकि उन्हें एक हल्की सी चोट विकेटकीपिंग अभ्यास के दौरान लग गई।

## पहले मैच में पाकिस्तान की भिड़ंत नेपाल से

**मुल्तान।** पाकिस्तान की टीम एशिया कप मे अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को नेपाल के खिलाफ करेगी जिससे करीब 15 साल के बाद देश मे कई टीम के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की वापसी होगी। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए 2009 मार्च मे लाहौर मे श्रीलंकाई टीम पर हुए आंतकी हमले के बाद सफर काफी मुश्किल रहा है। इसके बाद पाकिस्तान ने चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी के अधिकार गंवाने के अलावा 2011 मे विश्व कप मे अपनी संयुक्त मेजबानी भी गंवा दी थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और सदस्य देश सुरक्षा कारणो से पाकिस्तान का दौरा नही करना चाहते थे जिससे करीब आठ साल तक देश की टीम शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नही खेल सकी। इसलिए एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान के लिए काफी अहमियत रखते है जिसे 2025 चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी भी दी गई है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला मे क्लीन स्वीप के बाद वनडे रैंकिंग मे शीर्ष पर पहुंची पाकिस्तान को मुल्तान की गर्मी मे नेपाल के खिलाफ आराम से जीत हासिल करनी चाहिए। नेपाल की टीम पहला एशिया कप खेल रही है।

## बिनुरा फर्नांडो, प्रमोद मदुशन, दुशान हेमंथा की श्रीलंका टीम में वापसी

**कोलंबो।** तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और प्रमोद मदुशन के अलावा ऑलराउंडर दुशान हेमंथा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की टीम मे शामिल किया गया है। श्रीलंका इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहा है। फर्नांडो और मदुशन को दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका और लाहिरू कुमारा की जगह टीम मे लिया गया है। ए तीनो खिलाड़ी चोटिल होने के कारण एशिया कप मे नही खेल पाएंगे।

## खेल मंत्री ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर हाल में वैश्विकस्तर पर प्रदर्शन के लिए भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के मौके पर हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। ध्यानचंद ओलंपिक मे तीन बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे। इस अवसर पर कामकाम मे आसानी और बेहतर संचालन के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) पोर्टल भी शुरू किया गया।यह एक एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल है जो राष्ट्रीय खेल महासंघों मे वार्षिक नवीनीकरण और चुनावों की प्रक्रिया के लिए एकल स्थान होगा।

## पेगिंग टीम परिस्थितियों में अचानक बदलाव के कारण स्वर्ण से चूक गए

**नई दिल्ली।** भारतीय राइडरो के लिए दक्षिण अफ्रीका मे टेंट पेगिंग विश्व कप मे पहली बार कांस्य पदक जीतना एतिहासिक उपलब्धि थी लेकिन पदक का जश्न मनाने की जगह भारतीय घुड़सवार अपने आंसू नही रोक पा रहे थे। भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता लेकिन वह स्वर्ण पदक जीतने की दौड़ मे शामिल थी। भारतीय टीम मे नौसेना के मोहित कुमार, असम राइफल्स के दिनेश कार्लेकर, एएससी के हवलदार गौतम अट्टा, 61वें कैवेलरी के दफादार मोहम्मद अबरार और आईटीबीपी के डॉ. अमित छेत्री शामिल थे।

## टाटा स्टील शतरंज चैंपियनशिप से हटीं आर वैशाली

**कोलकाता।** भारत के उभरते हुए स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन और महिला ग्रैंडमास्टर एम आर वैशाली गुरुवार से यहां शुरू हो रही टाटा स्टील शतरंज इंडिया चैंपियनशिप से हट गई है। प्रज्ञानानंदा को 18 साल की उम्र मे विश्व कप का सबसे कम उम्र का उप विजेता बनाने मे अहम भूमिका निभाने वाली वैशाली की जगह टूर्नामेंट मे महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख लेंगी। दिव्या पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन है और 2020 मे फिडे ऑनलाइन शतरंज ओलंपियाड टीम की सदस्य रही।

## स्वीमिंग टीम आज जाएगी

**लखनऊ।** पुणे-महाराष्ट्र में होने वाली तृतीय राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप-2023 में उत्तर प्रदेश की फिन स्वीमिंग टीम हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की टीम का विदाई समारोह कल बुधवार 30 अगस्त 2023 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मीटिंग हाल में अपराह्न 3. 00 बजे आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की फिन स्विमिंग टीम 31 अगस्त 2023 को सुबह लखनऊ पुणे एक्सप्रेस से रवाना होगी। तृतीय राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन पुणे में 3 सितंबर से 5 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

## एशिया कप से पहले भारत के ट्रेनिंग शिविर में पहुंचे पंत

**अलूर।** चोट से उबरने और रिहैबिलिटेशन के लिए यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में मौजूद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप से पहले भारतीय टीम के ट्रेनिंग शिविर में पहुंचे। पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में चोटिल हुए पंत चोटों से उबर रहे हैं लेकिन अभी उनकी वापसी की कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है। सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में 25 साल के पंत को मैदान में प्रवेश करते हुए कुलदीप यादव और शारदुल ठाकुर से मिलते समय मुस्कुराते हुए और फिर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। हाल ही में इस विस्फोटक बल्लेबाज को स्वतंत्रता दिवस के दौरान यहां एक मनोरंजक कार्यक्रम में बल्लेबाजी करते देखा गया था। दुर्घटना में सबसे अधिक चोट पंत के घुटनों पर लगी। बीसीसीआई ने टीम के ट्रेनिंग शिविर का एक अन्य वीडियो भी साझा किया।


# वनडे में जोखिम लेकर खेलना मेरी व्यक्तिगत पसंद है : रोहित



भाषा। नई दिल्ली

**रोहित शर्मा** ने अपनी बल्लेबाजी में एक अलग आयाम जोड़ने के लिए आक्रामकता के साथ सतर्कता बरती और वह इससे मिले नतीजों से खुश भी हैं, भले ही इसके कारण वह बड़े शतक जड़ने से महरूम रह गए हों। विश्व कप 2019 के अंत तक रोहित ने 27 शतक बनाए थे लेकिन पिछले चार वर्षों में वह इनमें केवल तीन और सैकड़े ही जोड़ पाए हैं। रोहित का मानना है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने बल्लेबाजी के दौरान जोखिम उठाने शुरु कर दिए हैं। रोहित ने पीटीआई से एक्सक्लूसिव साक्षात्कार में कहा, मैं ज्यादा जोखिम लेना चाहता था इसलिए मेरे शतकों की संख्या अब थोड़ी अलग है। उन्होंने कहा, मेरा (वनडे) स्ट्राइक रेट (इस दौरान) बढ़ गया लेकिन औसत थोड़ा कम हो गया। हमारे बल्लेबाजी कोच (विक्रम राठौड़) मुझे यही बता रहे थे। रोहित एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन दोहरे शतक (आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2013 में 209 रन, श्रीलंका के खिलाफ 2014 में 264 रन, श्रीलंका के खिलाफ 2017 में नाबाद 208 रन) जड़े हैं। उनकी अंतिम 150 रन से ज्यादा की पारी 2019 में विशाखापट्टनम में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनी। रोहित ने कहा कि उन्हें इस दौरान कहीं कहीं समझौता भी करना पड़ा। उन्होंने कहा, मेरा करियर स्ट्राइक रेट करीब 90 (89.97) था लेकिन पिछले दो वर्षो में अगर आप मेरे स्कोर देखो और स्ट्राइक रेट को देखो तो यह 105-110 के करीब रहा है। इसलिए कहीं न कहीं आपको समझौता करना पड़ता है। ऐसा संभव नहीं है कि औसत 55 का हो और स्ट्राइक रेट 110 का। जोखिम उठाना पूरी तरह से मेरी पसंद रही। मेरी सामान्य बल्लेबाजी अब भी मेरे अंदर है लेकिन मैं कुछ और आजमाना चाहता था। मैं नतीजे से भी खुश हूं। बल्कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में बदलाव के बारे में टीम प्रबंधन को अवगत करा दिया था। उन्होंने कहा, हर कोई लंबे समय तक बल्लेबाजी करना चाहता है और 150 या 170 रन बनाना चाहता है। मैं अब भी ऐसा करना चाहता हूं लेकिन हमेशा ऐसा करना अच्छा होता है जो आपने कभी नहीं किया हो। यह आपकी बल्लेबाजी योग्यता में ही जुड़ता है।

## वनडे ने मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया: कोहली



**चेन्नई।** एकदिवसीय विश्वकप शुरू होने मे अब जबकि कुछ सप्ताह का समय बचा है तब भारत के शीर्ष बल्लेबाज विराट कोहली ने इस प्रारूप के प्रति अपने लगाव के बारे में बात करते हुए कहा कि इसने उन्हे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। भारत मे पिछले 10 वर्षो से आईसीसी का कोई खिताब नही जीता है लेकिन पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्वकप मे उसे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए वनडे मे सफल होने के लिए तकनीकी चुनौतियो और रणनीतिक फैसला लेने के कौशल पर बात की। मुझे वनडे क्रिकेट मे खेलना पसंद है। मेरा मानना है कि वनडे क्रिकेट संभवतः एक ऐसा प्रारूप है जिसमे आपके खेल की संपूर्ण परीक्षा होती है। इसमे आपकी तकनीक, धैर्य, परिस्थितियो के अनुसार खेलने और खेल के विभिन्न चरणो मे अलग-अलग तरह से खेलने के कौशल की परीक्षा होती है। इसलिए मेरा मानना है कि यह एक बल्लेबाज के रूप मे आपकी परीक्षा लेता है और मुझे यह भी लगता है कि वनडे क्रिकेट ने मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि मुझे चुनौतियां पसंद है और मै अपनी टीम की जीत के लिए परिस्थितियो के अनुसार खेलता हूं। मै हमेशा ऐसा करने का प्रयास करता हूं और जैसे मैने कहा यह प्रारूप मुझे अपनी बल्लेबाजी के सभी पहलुओ को परखने का लगातार मौका देता है और यही वजह है कि मै वनडे क्रिकेट खेलने का पूरा लुत्फ लेता हूं।

## धोनी ने गेंदबाजों को निखारा और कोहली को संपूर्ण पैकेज दिया: इशांत

**चेन्नई।** अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा का मानना है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने गेंदबाजो को निखारा और वह अपने उत्तराधिकारी विराट कोहली को संपूर्ण गेंदबाजी पैकेज देकर गए। दो बार विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे धोनी ने 2007 से 2017 के बीच भारत की सीमित ओवरो की टीम की अगुआई की जबकि वह 2008 से 2014 तक टेस्ट टीम के कप्तान भी रहे। उन्होंने इसके बाद टीम की कमान कोहली को सौपी। धोनी की कप्तानी मे मोहम्मद शमी, उमेश यादव, भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाजो ने पदार्पण किया। इशांत ने जियो सिनेमा पर कहा, विराट जब कप्तान थे तब गेंदबाजी पूर्ण थी। जब हम माही भाई (धोनी) की कप्तानी मे खेल रहे थे तो हम बदलाव के दौर से गुजर रहे थे। उसम समय शमी और उमेश नए थे और सिर्फ मै मौजूद था। बाकी सभी को रोटेट किया जाता था। भूवी भी नया था। संवाद करने के मामले मे माही भाई की कोई बराबरी नही है।

## विलियमसन को विश्व कप से पहले फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का समय मिला

ऑक्लैड। न्यूजीलैड के सीमित ओवरो के कप्तान केन विलियमसन को भारत मे पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। टीम के इस करिश्माई बल्लेबाज ने मार्च के बाद से क्रिकेट नही खेला है। इस साल मार्च मे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे गुजरात टाइटन्स के लिए क्षेत्ररक्षण करते समय उनके दाहिने घुटने की एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) मे गंभीर चोट लग गई थी। इसके बाद अप्रैल मे उन्हे सर्जरी करानी पड़ी। पिछले कुछ सप्ताहों मे चोट से उबरने की उनकी गति से टीम को उम्मीद है कि वह विश्व कप तक फिटनेस हासिल कर लेंगे। न्यूजीलैड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, विश्व कप की टीम का नाम घोषित करने के लिए हमारे पास लगभग दो सप्ताह का समय है। हम उसे अपनी स्थिति को साबित करने के लिए पूरे दो सप्ताह का समय दे रहे।

## मीराबाई विश्व चैम्पियनशिप में नहीं उठाएंगी वजन

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की निगाहें एशियाई खेलो में पदक जीतने पर लगी है इसलिए वह अगले हफ्ते होने वाली विश्व चैम्पियनशिप मे वजन (बारबेल) नही उठाएंगी बल्कि पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी हिस्सेदारी की जरूरी औपचारिकता पूरी करने के लिए ही जाएंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए विश्व चैम्पियनशिप अनिवार्य क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है जो चार सितंबर से रियाद मे शुरु होगी जबकि एशियाई खेल इससे 20 दिन से भी कम समय मे 23 सितंबर से चीन के हांगझोउ मे आयोजित होंगे। इन दो प्रतियोगिताओ के बीच इतना कम समय है कि इससे भारोत्तोलकों के लिए दोनो टूर्नामेंट में अपना वजन सही रखने और शिखर पर पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। पर उन्होने एशियाई खेलो को प्राथमिकता देने का फैसला किया क्योंकि उनके पदको मे सिर्फ इसी की कमी है।

## उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं के लिए नया आसमान खोलेगी यूपी टी20 लीग : शुक्ला

लखनऊ। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का कहना है कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा बुधवार से आयोजित की जा रही यूपी टी20 लीग पर पूरे देश और क्रिकेट चयनकर्ताओ की निगाहे है और इससे राज्य की क्रिकेट प्रतिभाओ के लिए संभावनाओं का नया फलक खुलेगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ की इस पहली टी20 लीग का आयोजन 30 अगस्त से 16 सितंबर तक कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम मे होगा। इस लीग मे वाराणसी (काशी रुद्राज), मेरठ (मेरठ मेवरिक्स), नोएडा (नोएडा सुपर किंग्स), गोरखपुर (गोरखपुर लायंस), कानपुर (कानपुर सुपरस्टार्स) और लखनऊ (लखनऊ फाल्कंस) की टीमे हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम के स्विंग गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार नोएडा जबकि विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह मेरठ की टीम का हिस्सा है। शुक्ला ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, यूपी टी20 लीग उत्तर प्रदेश की क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

## किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा, छेत्री को मिला विश्राम

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम को किंग्स कप टूर्नामेंट मे करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की सेवाएं नही मिलेगी और उनकी गैरमौजूदगी मे मनवीर सिंह अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व करेंगे। टीम के नियमित कप्तान छेत्री पिता बनने वाले है। बच्चे के जन्म के समय परिवार को समय देने के लिए उन्हे इस टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है। छेत्री हालांकि एशियाई खेलो के लिए भारतीय टीम मे मौजूद रहेंगे। चार देशो की इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप मे होगा। इसका आयोजन थाईलैंड के चियांग माई में सात से 10 सितंबर तक होगा। टूर्नामेंट के 49 वें सत्र के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को 23 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की।

## लगातार दूसरे साल डब्ल्यूबीबीएल में नहीं खेलेंगी भारतीय उप कप्तान मंधाना

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना लगातार दूसरे साल महिलाओ की बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मे हिस्सा नही लेंगी क्योंकि उन्होंने पहली बार शुरु किए गए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए नाम नही भेजा है। भारत की लगभग हर शीर्ष खिलाड़ी का नाम 122 विदेशी खिलाड़ियो की सूची मे शामिल है जिन्होने तीन सितंबर को होने वाले ड्राफ्ट के लिए अपने नाम भेजे है जिसमे कप्तान हरमनप्रीत कौर, युवा हरलीन कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा मौजूद है। सूची मे कुल 18 भारतीय खिलाड़ी है जिसमे हरमनप्रीत (मेलबर्न रेनेगेड्स) और जेमिमा (मेलबर्न स्टार्स) के टीम मे बरकरार (रिटेंशन) रखा जा सकता है। मंधाना ने पिछले साल भी डब्ल्यूबीबीएल से हटने का फैसला किया था। वह आगामी घरेलू सत्र पर ध्यान लगाना चाहती है और साथ ही आगे के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय वर्ष के लिए अपने कार्यभार का प्रबंधन करना चाहती है।



अभ्यास करती टीम इंडिया

# जोकोविच ने जीत के साथ मनाया वापसी का जश्न

● स्वियातेक, कोको गॉ ने जीत से किया अमेरिकी ओपन का आगाज

● रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना तय



भाषा। न्यूयॉर्क

**नोवाक** जोकोविच ने अमेरिकी ओपन में यादगार वापसी करते हुए सोमवार को एलेक्जेंडर मुलर पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही जोकोविच का रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचना भी पक्का हो गया। सर्बिया के इस खिलाड़ी को पिछले साल अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई थी क्योंकि उन्हें कोविड-19 का टीका नहीं लगा है। रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम खिताब के इस विजेता को हालांकि मैच शुरू होने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम में इससे पहले खेले गए कोको गॉ का मैच लगभग तीन घंटे तक चला और फिर पुरुषों के बराबर महिलाओं को पुरस्कार राशि मिलने की 50वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के कारण जोकोविच के मुकाबले में काफी विलंब हुआ। जोकोविच ने इस जीत के बाद कहा, मुझे पता था कि मेरा मुकाबला काफी देर से होगा। मैं हालांकि कोर्ट पर जाने के लिए उत्साहित था। मैंने आधी रात के बाद शुरुआत की लेकिन मुझे इसकी कोई परवाह नहीं थी। मैं कुछ वर्षों से इस पल का इंतजार कर रहा था कि मैं अपने खेल के सबसे बड़े स्टेडियम में रात के सत्र में खेल सकूं। वहीं विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक और स्थानीय दावेदार कोको गॉ ने अमेरिकी ओपन टेनिस में अपने-अपने अभियान का आगाज जीत के किया। छठी वरीयता प्राप्त उन्नीस साल की गॉ ने जर्मनी की क्वालीफायर खिलाड़ी लॉरा सीगमंड के खिलाफ शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में अपने पिछले दोनों मैचों को गंवाने वाली गॉ को इस मुकाबले को जीतने में दो घंटे 51 मिनट का समय लगा। विम्बलडन के शुरूआती दौर में बाहर होने वाली गॉ की पिछले 13 मैचों में यह 12वीं जीत है।

## गांजे की गंध से सकारी को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हुई परेशानी

**न्यूयॉर्क।** मारिया सकारी को अमेरिकी ओपन के पहले दौर मे हार का सामना करना पड़ा और मैच के दौरान उन्हे गांजे की गंध से खेलने मे परेशानी हो रही थी। यूनान की आठवी वरीय सकारी को रेबेका मासारोवा से 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होने कहा, यह किसी तरह की घास थी। मैच के दौरान वह चेयर अंपायर की ओर से आ रही गंध का जिक्र करने से पहले मुकाबले पर 4-1 की बढ़त से नियंत्रण बनाए थी। इसके बाद सकारी ने कहा, यह गंध, मुझे लगता है कि यह पार्क से आ रही है। सकारी ने कहा कि गांजे की गंध से उन्हे खेलते हुए कोई परेशानी नही हुई। उन्होने रविवार को इसी कोर्ट पर अभ्यास किया था और तब भी इसका जिक्र किया था।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को 15-1 से रौंदा

**सालालाह ( ओमान )।** मनिंदर सिंह के चार गोल और मोहम्मद राहिल की हैट्रिक की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को 15-। से करारी शिकस्त देकर पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की धमाकेदार शुरूआत की। भारतीय टीम ने अपने कमजोर प्रतिद्वंदी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। बांग्लादेश ने शुरू में गोल कर दिया था लेकिन इसके बाद भारत ने उसको आगे ऐसा कोई मौका नहीं दिया। भारत की तरफ से मनिंदर ने 10वें, 18वें, 28वें और 30वें मिनट में जबकि राहिल ने दूसरे, 15वें और 24वें मिनट में गोल किए। इनके अलावा सुखविंदर (13वें, 22वें), गुरजोत सिंह (13वें, 23वें) और पवन राजभर (19वें, 26वें) ने दो-दो जबकि मंदीप मोर (आठवें), और दिपसन तिर्की (नौवें) ने एक-एक गोल दागा। बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल सावोन सरोवर (दूसरे मिनट) ने किया। भारत बुधवार को दो मैच खेलेगा।

# प्रणय करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर



● सिंधू रैंकिंग में सुधार के साथ 14वें पायदान पर

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व चैम्पियनशिप** में कांस्य पदक जीतने वाले एस एस प्रणय ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ छठा स्थान हासिल किया। केरल के 31 साल के इस खिलाड़ी ने विश्व चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल तक चले अपने अभियान के दौरान विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को हराकर टूर्नामेंट का अपना पहला पदक पक्का किया था। प्रणय ने 72437 अंक के साथ पुरुष एकल रैंकिंग में तीन स्थान का सुधार किया। वह पिछले साल दिसंबर के बाद से रैंकिंग में शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी है। प्रणय ने इस दौरान मलेशिया मास्टर्स (सुपर 500) का खिताब जीता और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उपविजेता रहे थे। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन एक स्थान के नुकसान के साथ 12वें जबकि विश्व चैम्पियनशिप के पहले दौर में बाहर होने वाले किदाम्बी श्रीकांत पहले की तरह 20वें स्थान पर हैं।

# बाबू स्टेडियम ए को हैंडबॉल का खिताब



**लखनऊ।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस यानि 29 अगस्त के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित खेल सप्ताह के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओ में केडी सिंह बाबू स्टेडियम ए ने बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न् खेलों में बालक हैंडबॉल के फाइनल में केडी सिंह बाबू स्टेडियम ए ने चौक स्टेडियम ए की टीम को 16-10 गोल से हराया। प्रतियोगिता के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि राजेश कुमार विशेष सचिव खेल , यूपी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। हॉकी में बालक वर्ग में स्पोर्ट्स हास्टल ए और बालिका वर्ग में खेलो इंडिया सेंटर ए की टीम विजेता बनी। बालक फाइनल में स्पोर्ट्स हास्टल ए ने स्पोर्ट्स हास्टल बी की टीम को हराया। बालिका वर्ग के फाइनल में खेलो इंडिया सेंटर ए टीम ने खेलो इंडिया सेंटर बी टीम को मात दी।

## एसआर और जागरण पब्लिक टीम बनी विजेता

**लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया किया गया। बालक एवं बालिका दोनों वर्गो में शहर भर से कुल 28 टीमों ने भाग लिया।दो दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय खेल अधिकारी, लखनऊ के हाथों संपन्न हुआ। बालक वर्ग का फाइनल मैच एस. आर. ग्लोबल एवं इरम स्कूल के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में एस. आर. ग्लोबल ने इरम स्कूल को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल मैच जागरण पब्लिक स्कूल एवं आर्मी पब्लिक स्कूल एस पी मार्ग के बीच खेला गया, जिसमें जागरण पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी। समापन समरोह में औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में एवं श्री धर्मेंद्र कुमार सोती जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।